हमारी
अनुचित
बढ़त

अपने व्यवसाय में
पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करें

डॉ. जिम हैरिस
द इम्पैक्टर के लेखक

हमारी

अनुचित

बढ़त

अपने व्यवसाय में

पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करें

हमारी अनुचित बढ़त के लिए प्रशंसा

“आप उम्मीद कर सकते हैं कि आपके काम काज के जीवन में एक परिवर्तनकारी बदलाव आएगा, क्योंकि आप डॉ. जिम की पवित्र आत्मा के साथ भागीदारी को अनुचित बढ़त के रूप में लागू करते हैं।”

–एल. हेन
कैलिफ़ोर्निया, यूएसए

“आप हम सभी के लिए एक रास्ता बना रहे हैं, जिससे हम अंतर्निहित आत्मा की शक्ति में प्रवेश कर सकें और पूरी तरह से अपने व्यवसाय के लक्ष्य को जी सकें।”

–एस. हार्टी
एमरल्ड आइल, आयरलैंड

“मैंने पवित्र आत्मा पर इतनी मददगार और व्यावहारिक किताब कभी नहीं देखी। मैं इस किताब के प्रभावों को अभी से ही महसूस कर पा रहा हूँ। मैं निश्चित रूप से इस किताब को पढ़ने की सलाह हर किसी को दूँगा। इस बेहद ज़रूरी संदेश को लिखने के लिए आपका धन्यवाद। धन्यवाद!”

–ए. हील
ऑस्ट्रेलिया

"आपकी अंतर्दृष्टि ने मुझे अपने व्यावसायिक परिणामों को तेज़ करने और जिन लोगों की मैं सेवा करता हूँ उन पर अधिक प्रभाव डालने में मदद की है - जिससे मुझे व्यक्तिगत और व्यावसायिक दोनों तरह से संतुष्टि मिली है। मैं इस बात की सराहना करता हूँ कि आप चीज़ों को कैसे सरल लेकिन गहरा बनाए रखते हैं।”

–एम. त्सोलो
अफ्रीका

"एक वकील के तौर पर, मैं हर सुबह काम पर जाने से पहले आपकी किताब *'हमारी अनुचित बढ़त'* में दिए गए सिद्धांतों का उपयोग करता हूँ। मैंने हाल ही में एक कोर्ट केस में आपकी किताब का उपयोग किया, और कोर्ट रूम और सरकारी वकील के दफ़्तर के बीच कॉन्फ़्रेंस रूम में संकेत और चमत्कार काम कर रहे थे। अब मैं काम पर मिलने वाले सभी लोगों को आपकी किताब पढ़ने की सलाह देता हूँ।"

–एस. विलियम्स
एरिज़ोना, यूएसए

"यह किताब एक बहुमूल्य खजाना है। यह बहुत ही अच्छी तरह से लिखी गई है, बाइबिल के अनुसार सही है, पढ़ने में बेहद आसान है। अभ्यास और ग्रुप डिस्कशन के सवाल बहुत मूल्यवान हैं।"

–सी. लुट्ज़
ज़्यूरिख, स्विटज़रलैंड

"हमारी अनुचित बढ़त एक अटल सत्य की अभिनव बहाली पेश करती है - आत्मा के नेतृत्व में रहना।"

–एस. सैटरफ़ील्ड
जॉर्जिया, यूएसए

"इस बेहतरीन किताब में, डॉ. जिम हमें सिखाते हैं कि भगवान बाज़ार के ईसाइयों को व्यवसाय के शाश्वत सिद्धांतों की नियम पुस्तिका से कहीं ज़्यादा देते हैं। उन्होंने मुझे अपने व्यवसाय का ज़्यादातर नियंत्रण पवित्र आत्मा को सौंपने में मदद की है, हमारी अनुचित बढ़त, बाज़ार में।"

–डी. शियरर
उत्तरी कैरोलिना, यूएसए

हमारी

अनुचित

बढ़त

अपने व्यवसाय में
पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करें

डॉ. जिम हैरिस

HIGH BRIDGE
BOOKS & MEDIA

डॉ. जिम हैरिस द्वारा
हमारी अनुचित बढ़त:
अपने व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करें

संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रिंट की गई

आईएसबीएन (पेपरबैक): 978-1-962802-13-0

© 2015 और *2024* डॉ. जिम हैरिस द्वारा

यह किताब व्यवसाय के लोगों को ईश्वर की वाणी सुनने का तरीका सीखने में मदद करने के लिए एक उपकरण के रूप में पवित्र आत्मा द्वारा प्रेरित की गई थी। यह बीज दुनिया के साथ साझा करने के लिए है। इसलिए, हम आपको इस किताब के अंशों और शिक्षाओं को अपनी इच्छानुसार किसी भी तरीके से साझा करने की पूरी अनुमति देते हैं। क्योंकि जैसे ही ये सिखलाई पवित्र धरती पर बिखेरी जाएगी, यीशु दुनिया भर में अपने साम्राज्य के लिए एक बड़ी पैदावार प्राप्त करेंगे।

हाई ब्रिज बुक्स के शीर्षक शैक्षिक, बिज़नेस, फंड एकत्र करने या बिक्री प्रचार के उपयोग के लिए थोक में खरीदे जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया www.HighBridge-Books.com/contact के माध्यम से हाई ब्रिज बुक्स से संपर्क करें।

सभी परिभाषाएँ मरियम-वेबस्टर, निगमित कॉपीराइट © 2015 डिजिटल ऐप से ली गई हैं।

जब तक उल्लेख ना किया गया हो, पवित्रशास्त्र के उद्धरण मैक संस्करण 5.4.3 (5.4.3.1) कॉपीराइट © 1998-2013 ऑलिव ट्री बाइबिल सॉफ्टवेयर के लिए द बाइबिल स्टडी ऐप के माध्यम से *द न्यू किंग जेम्स बाइबिल* से लिए गए हैं।

ईएसवी के रूप में चिह्नित पवित्रशास्त्र के उद्धरण द ईएसवी® बाइबिल (द होली बाइबिल, इंग्लिश स्टैंडर्ड वर्जन®), *© 2001* से क्रॉसवे, गुड न्यूज़ पब्लिशर्स के प्रकाशन मंत्रालय द्वारा लिए गए हैं। अनुमति द्वारा उपयोग किए गए। सर्वाधिकार सुरक्षित।

कवर हाई ब्रिज बुक्स द्वारा डिज़ाइन किया गया है
हाई ब्रिज बुक्स द्वारा ह्यूस्टन, टेक्सास में प्रकाशित

विषयवस्तु

भूमिका _____ 1

1. **आपका नेतृत्व क्या करता है?** _____ 3
2. **एक महत्वपूर्ण परिवर्तन** _____ 21
3. **मार्ग अवरोधक** _____ 39
4. **तैयारी कैसे करें** _____ 57
5. **अपनी अनुचित बढ़त को उजागर करें** _____ 91
6. **इसे जारी रखें** _____ 171

1001 प्रश्नों का उत्तर _____ 191

प्रमुख पद _____ 193

एक निमंत्रण _____ 199

स्वीकृतियाँ

सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात, मैं इस पुस्तक को लिखने में मेरा मार्गदर्शन करने के लिए परमेश्वर, मेरे उद्धारक यीशु और पवित्र आत्मा का धन्यवाद करता हूँ। मेरी एकमात्र इच्छा आपके वचनों को ईमानदारी से लिखना और आपकी कलम बनना है। मैं चाहता हूँ कि यह पुस्तक आपको प्रसन्न करे।

मेरी पत्नी और शाश्वत साथी, ब्रेंडा, जो एक अविरल आध्यात्मिक योद्धा के रूप में परिपक्व हो गई हैं। तुम्हारे और तुम्हारे अंतहीन समर्थन के बिना, मैं प्रभु से मिले अपने आह्वान को पूरा नहीं कर सकता था। मैं स्वर्ग तक गर्व से तुम्हारा हाथ थामे रहूँगा!

मेरे अच्छे मित्र और आध्यात्मिक भाई, काइल विंकलर को खास धन्यवाद, जिनकी शांत आत्मा, गहन ज्ञान और निरंतर साक्ष्य ने मुझे कई वर्षों तक मार्गदर्शन, शिक्षा और प्रोत्साहन दिया है।

पादरी आर्नी मैककॉल, बुफोर्ड लिप्सकॉम्ब, तथा रिक और जेनिफर करी को कठिन परीक्षणों, त्वरित आध्यात्मिक विकास, तथा पवित्र आत्मा के साथ गौरवशाली मुलाकातों के दौरान उनके आध्यात्मिक मार्गदर्शन और पथ प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

मेरे आध्यात्मिक मार्गदर्शकों और इसा मसीह में करीबी भाइयों - बेन वॉट्स, टोनी चावेज़ और स्टीव जोन्स का भी धन्यवाद।

हाई ब्रिज बुक्स के डैरेन शियरर, आपके बेहतरीन संपादन, पुस्तक प्रकाशन और मार्केटिंग के प्रयासों के लिए धन्यवाद। आप वाकई सर्वश्रेष्ठ हैं!

अंत में, ब्रैनसन, मिसौरी और सारासोटा, फ्लोरिडा में स्थित फेथ लाइफ चर्च के पादरी कीथ मूर को बहुत ही खास धन्यवाद। केवल दो वर्षों में, आपकी उपदेश श्रृंखला और वर्ड लाइफ सप्लाई मंत्रालय ने मेरे विश्वास को मेरे पिछले 60 वर्षों के चर्च में सीखी गई किसी भी चीज़ से कहीं अधिक बढ़ा दिया है। आपकी शिक्षाओं को लागू करने के माध्यम से इस पुस्तक का अधिकांश भाग मेरे सामने आया। मैं आपका और आपके मंत्रालय का सदैव आभारी रहूँगा।

उन लोगों के लिए जो अपने व्यवसाय में परमेश्वर
को गौरवान्वित करने की गहरी इच्छा रखते हैं।

भूमिका

यदि आप लाभ बनाने वाली किसी कंपनी में काम करते हैं, जिसकी रहनुमाई करने वाले लोग अपने व्यवसाय में परमेश्वर को गौरवान्वित करना चाहते हैं, तो यह किताब आपके लिए है!

इस किताब के लक्षित पाठक वे हैं जिन्हें मैं दो प्रतिशतक (2%ers) कहता हूँ। दो प्रतिशतक (2%er) व्यवसाय में पवित्र आत्मा द्वारा निर्देशित विश्वासी हैं, कोई भी पुरुष या महिला जो वास्तव में अपने व्यवसाय के सभी कार्यों में ईश्वर की आत्मा द्वारा निर्देशित होना चाहते हैं।

एक दो प्रतिशतक के रूप में, आपके पास अपने बाज़ार में असीमित, अद्भुत और रोमांचक अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त उपलब्ध है, जिसका अब तक, संभवतः आपने पूर्ण रूप से उपयोग नहीं किया है।

इस किताब का उद्देश्य आपको परमेश्वर की महिमा के लिए व्यवसाय में आपकी अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को जाहिर करने और उसे उजागर करने में मदद करना है!

संगीतकार कीथ ग्रीन ने एक बार कहा था,

> अगर कोई शानदार कहानी लिखता है, तो लोग लेखक की तारीफ करते हैं, कलम की नहीं। लोग यह नहीं कहते, 'ओह, क्या कमाल की कलम है... मुझे ऐसी कलम कहाँ मिलेगी जिससे मैं बढ़िया कहानियाँ लिख सकूँ?' खैर। मैं तो बस भगवान के हाथों में एक कलम हूँ। वह लेखक हैं। सारी तारीफ़ उन्हीं को मिलनी चाहिए।

कीथ की तरह मैं भी एक कलम हूँ।

इस किताब का आपके जीवन पर जो भी प्रभाव पड़े, उसका सारा यश आप प्रभु को दें!

– डॉ. जिम

1

आपका नेतृत्व क्या करता है?

और यदि ईश्वर की सेवा करना तुम्हें खराब लग रहा है, तो आज ही अपने लिए चुन लो कि तुम किस की सेवा करोगे, क्या उन देवताओं की जिनकी सेवा तुम्हारे पूर्वज करते थे, जो नदी के उस पार थे, या एमोरियों के देवताओं की जिनकी धरती पर तुम निवास कर रहे हो। परन्तु मैं और मेरा परिवार ईश्वर की सेवा करेंगे।

– यहोशू 24:15

हर किसी का नेतृत्व किसी ना किसी चीज़ द्वारा किया जाता है। चाहे आपको यह पता हो या नहीं, वर्तमान में - इस समय - किसी चीज़ के द्वारा आपका नेतृत्व किया जा रहा है।

कोई चीज़ है जो आपके जहाज की पतवार पर है, जो आपको दिशा दिखा रही है, आपका मार्ग निर्धारित कर रही है, और अंततः आपके जीवन को प्रभावित कर रही है।

बचपन में, आम तौर पर माता-पिता या अभिभावक ही वे लोग थे जिन्होंने आपको खाना खिलाया, आपको आश्रय और कपड़े दिए, और सिखाया कि क्या स्वीकार्य है और क्या अपेक्षित है। उन्होंने आपकी रक्षा की, आपका पालन-पोषण किया और कभी-कभी आपको बिगाड़ा भी। वे ही वे लोग थे जिन्होंने मुख्य रूप से आपके शुरुआती, प्रारंभिक वर्षों में आपका नेतृत्व किया।

जैसे-जैसे आपने स्कूल जाना शुरू किया, आपने जल्दी ही यह सीख लिया कि अब आपका नेतृत्व करने में और ज़्यादा लोग शामिल हो रहे हैं। आपको अपने करीबी परिवार वालों और पड़ोस के बाहर दूसरों के साथ कैसे रहना है, इसके बारे में नई और कभी-कभी असहज सच्चाइयाँ सीखने के लिए मजबूर होना पड़ा।

जब आपने हाई स्कूल और आगे जा कर जब कॉलेज में प्रवेश किया, तो यह बाहरी प्रभाव बढ़ते गए। आप कई आवाज़ों के प्रभाव में थे जो आपको मिश्रित संकेत भेज रही थीं और आपके व्यवहार को प्रभावित करने के लिए विभिन्न स्तरों का दबाव डाल रही थीं।

इससे पहले कि आप कुछ समझ पाते, आपको "वास्तविक दुनिया" में धकेल दिया गया, जहाँ दर्जनों आवाज़ें आपका मार्गदर्शन करना चाहती थीं... बॉस, मंगेतर, जीवनसाथी, ग्राहक, विपणक और अन्य बहुत सारे।

मुद्दा: आप और मैं किसी चीज़ के प्रभाव में हैं। और आप जिसके भी द्वारा नेतृत्व किए जाने का निर्णय लेते हैं उसका आपके जीवन पर – यदि स्थायी नहीं तो – कम से कम बहुत हद तक गहरा प्रभाव पड़ता है... जिसमें आपके व्यवसाय का जीवन भी शामिल है।

इस किताब के मालिक के रूप में, आप शायद अपने व्यवसाय में एक लीडर हैं। चाहे आप शीर्ष पर हों, बीच में हों या अभी शुरुआत कर रहे हों, आप दूसरों को प्रभावित करते हैं। इसलिए, आपके पास वास्तव में नेतृत्व करने के लिए प्रभाव और क्षमता है।

एक लीडर क्या करता है?

इस किताब के पहले संस्करण (6/17/15) के लिए, Amazon.com ने यह सूचीबद्ध किया...

- “बिज़नेस बुक्स” के लिए 4,303,934 परिणाम
- “लीडरशिप बुक्स” के लिए 178,180 परिणाम
- “बिज़नेस लीडरशिप" के लिए 25,511 परिणाम
- “पिछले 90 दिनों” में 744, नई रिलीज़ और “जल्द ही आने वाली” में 180

मैं इस बात की गारंटी देता हूँ कि इनमें से ज़्यादातर किताबें–98% या उससे ज़्यादा–किसी लीडर को दूसरों का नेतृत्व कैसे करना चाहिए, इसके लिए किसी व्यक्ति के पाँच, सात, दस या यहाँ तक कि 21 महत्वपूर्ण गुणों, कौशलों या योग्यताओं को साझा करती हैं। वे उनकी 'बेस्ट प्रेक्टिसों' के रहस्य को साझा करती हैं, जिनका उपयोग करके आप उनके जैसे एक लीडर बन सकते हैं।

पिछले 30 सालों में, मैंने लीडरशिप पर हज़ारों किताबें और लेख पढ़े हैं। जब मैं अपनी लाइब्रेरी में सबसे अच्छी किताबें ढूँढता हूँ, उनकी विषय-वस्तु और मुख्य बातों पर पुनः विचार करता हूँ, तो मैं यह पाता हूँ कि उनमें से बहुत सी किताबें बिल्कुल एक जैसी ही लगती और दिखती हैं। उनमें से ज़्यादातर बिल्कुल एक जैसे विचारों और अवधारणाओं से भरी हुई हैं, बस कुछ अलग तरीके से लिखी गई हैं।

क्या मुझे उन दैनिक ब्लॉग, ट्वीट और पोस्ट की संख्याओं के बारे में बताना भी चाहिए जो हमें यह बताते हैं कि एक महान लीडर क्या करता है? शायद मैंने बता ही दिया।

हम बस इस बात से अभिभूत हैं कि दूसरे क्या कहते हैं, सोचते हैं, या इस बात की घोषणा करते हैं कि यह *वह* तरीका है जिससे आप ऐसे लीडर बन सकेंगे जिसकी ज़रूरत आज सबको है।

ये अक्सर दिलचस्प और कभी-कभी गहन कार्य, एक खास प्रश्न पर ध्यान केंद्रित करते हैं: एक लीडर क्या करता है?

यह बिल्कुल गलत सवाल है। एक लीडर क्या करता है (उसका व्यवहार, संवाद शैली, निर्णय लेने की क्षमता, आदि) वह सबसे महत्वपूर्ण तत्व नहीं है जिनके बारे में आपको जानना चाहिए। इससे कहीं ज़्यादा गहरा और ज़रूरी सवाल वह है जो कोई नहीं पूछ रहा।

सही सवाल

जब मैं नेतृत्व से संबंधित सभी उपलब्ध लेखों और शिक्षाओं का अवलोकन करता हूँ, तो मुझे कोई भी ऐसा नहीं मिलता जो सही सवाल का मुद्दा उठाता हो।

सही सवाल का जवाब अपरिहार्य रूप से ना केवल उस लीडर का भाग्य निर्धारित करता है, बल्कि उन सभी लोगों का भाग्य भी निर्धारित करता है, जिनका वो नितृत्व करता है।

सही सवाल: लीडर का नेतृत्व किस चीज़ से होता है?

चलिए व्यक्तिगत रूप से चर्चा करते हैं। क्या आपने कभी...

- यह सोचा है कि क्या है जो आपको एक लीडर बनाता है?
- यह देखने के लिए कि आपके नेतृत्व में आप किस पर भरोसा करते हैं, कभी पीछे कदम लिया है?
- इस बात पर विचार करने के लिए पर्याप्त समय लिया है कि एक व्यवसायी के रूप में आपका नेतृत्व कौन सी चीज़ करती है?

जो चीज़ आपका नेतृत्व करती है, अंत में, वही आपकी लीडरशिप और व्यवसाय में आपकी भूमिका के रूप में सामने आती है।

जो चीज़ आपका नेतृत्व करती है, वह आपके काम करने, सफल होने और विरासत छोड़ने की क्षमता में सबसे महत्वपूर्ण है।

सनसनी फैलाने या अनावश्यक अलार्म बजाने के जोखिम पर, आपको पूछना और निर्णय लेना चाहिए: आखिरकार, कौन सी चीज़ आपको प्रभावित करती है? तभी और केवल तभी आप उस रास्ते पर या लीडरशिप के लिए संभावित रूप से अधिक रोमांचक और गहन आधार पर आगे बढ़ने का सही निर्णय ले सकते हैं।

इससे पहले कि मैं आपसे संभावित रूप से क्रांतिकारी और जीवन बदल देने वाली लीडरशिप की चाल चलने के लिए कहूँ, आइए कुछ सबसे सामान्य तरीकों पर नज़र डालें जिनके तहत लीडरों का नेतृत्व किया जाता है ।

1.1. नौ सामान्य तरीके जिनकी मदद से व्यावसायिक लीडरों का नेतृत्व किया जाता है

व्यवसाय के लीडरों का नेतृत्व करने के 100 या 100 से ज़्यादा तरीकों को सूचीबद्ध करना आसान होगा, लेकिन आम तौर पर वे निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक के अंतर्गत आते हैं।

यह है वो जिसे मैं "आपका नेतृत्व क्या करता है" की सूची कहता हूँ। इसमें सबसे प्रमुख लीडर-संचालित वाले प्रकार के रूप में शामिल हैं जिन्हें मैंने अपने व्यवसाय के 30 से अधिक वर्षों के दौरान देखा है।

नोट: इस किताब के लेखन के दौरान, मैंने अपने ब्लॉग पाठकों से उन अभिव्यक्तियों पर टिप्पणी करने के लिए कहा जो उन्होंने लीडरों को कहते हुए सुनी हैं जो प्रत्येक श्रेणी को दर्शाती हैं। मैंने केवल कुछ टिप्पणियाँ शामिल की हैं। प्रत्येक टिप्पणीकार को किताब की एक निःशुल्क प्रति प्राप्त

होगी। देखें ... www.DrJimHarris.com पर मेरे न्यूज़लेटर के लिए साइन अप करना और मेरे साथ साझेदारी करना लाभदायक है।

1: मस्तिष्क-संचालित

मस्तिष्क-संचालित लीडर हर चीज़ का विश्लेषण करने के लिए अपने दिमाग का उपयोग करते हैं। वे अधिक ज्ञान, सूचना, रिपोर्ट और विश्लेषण चाहते हैं। वे अपने अंतिम निर्णय लेने के लिए तर्क और स्प्रेडशीटों पर भरोसा करते हैं। मस्तिष्क-संचालित लीडर अक्सर उनकी प्राथमिक शैली के रूप में खुद को विश्लेषण करने और गंभीरता से सोचने की अपनी क्षमता पर अत्यधिक निर्भर पाते हैं।

मस्तिष्क-संचालित व्यावसायिक लीडर ऐसी बातें कहते हैं...

- "यह एक बढ़िया विचार है। चलो इसे करते हैं।"
- "चलो एक और रिपोर्ट देखते हैं।"
- "नंबर झूठ नहीं बोलते। नंबर क्या कह रहे हैं?"
- "मैंने ऐसा क्यों नहीं सोचा?"
- "मुझे आपके सोचने का तरीका पसंद है।"
- "मुझे नंबर दिखाओ। हम अनुमान लगाकर नहीं, बल्कि जानकर निर्णय लेते हैं।" (कर्ट फाउलर, ब्लॉग टिप्पणीकार)

2: धन-संचालित

धन-संचालित लीडर इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि कितना पैसा कमाया या खोया जा सकता है। वैश्विक वित्तीय बाज़ार पूरी तरह से धन-संचालित होते हैं। लाभ कमाने वाले व्यवसाय में पैसा कमाना एक परम

ज़रूरत होती है। हालाँकि, धन-संचालित लीडर व्यवसाय के लगभग हर निर्णय में नकद प्रवाह, लाभ और मार्जिन को प्रमुख कारक मानते हैं।

धन-संचालित व्यावसायिक लीडर ऐसी बातें कहते हैं...

- "हम इस पर बहुत पैसा कमाएँगे।"
- "मुझे लाभ का यह मार्जिन बहुत पसंद हैं।"
- "हम लागत को और ज़्यादा कम कैसे कर सकते हैं?"
- "मुझे आय की गुणवत्ता की परवाह नहीं है। नंबर तो नंबर होते हैं, और मैं अपने बनाना चाहता हूँ।" (सिडनी बोसटियन, ब्लॉग टिप्पणीकार)

3: नवाचार-संचालित

नवाचार-संचालित लीडर व्यवसाय को बढ़ाने के लिए लगातार नवीनतम तकनीकी, डिजिटल या रचनात्मक प्लेटफ़ॉर्मों की तलाश करते रहते हैं। वे नवीनतम अपग्रेड, ऐप, सॉफ़्टवेयर, वेबसाइट, मार्केटिंग तकनीक या अनूठी अवधारणा से आकृष्ट हो जाते हैं, यहाँ तक कि चपल भी हो जाते हैं। हालाँकि किसी भी वहनीय व्यवसाय के लिए सुधार स्पष्ट रूप से ज़रूरी होता हैं, नवाचार-संचालित लीडर अक्सर किसी भी "नई चीज़" के लिए ज़ोर देते हैं।

नवाचार-संचालित व्यावसायिक लीडर ऐसी बातें कहते हैं...

- "एलोन मस्क क्या करेंगे?"
- "हमें अब अपग्रेड करना होगा, नहीं तो हम खो देंगे बाज़ार की अपनी हिस्सेदारी, ग्राहक वफादारी और...!"
- "नवाचार करें या ख़त्म हो जाएँ!"

- “कभी-कभी हमें अपने ग्राहकों का नेतृत्व वहाँ ले जाने के लिए करना पड़ता है जहाँ उन्हें जाना चाहिए।”
- “यह बहुत बढ़िया होगा!”
- “इसके बारे में क्या विचार है, ये नया और रोमांचक है?” (जेसन पाइन, ब्लॉग टिप्पणीकार)

4: अवसर-संचालित

अवसर-संचालित लीडर उत्साहपूर्वक अपने सामने आने वाले किसी भी खुले दरवाजे के अंदर कूद पड़ते हैं। वे आने वाले अगले बड़े मौके, रणनीतिक गठबंधन या अप्रत्याशित व्यवसाय के अवसर पर ध्यान केंद्रित रखते हैं जो उनके व्यवसाय को उच्च स्तर पर ले जा सकते हैं।

अवसर-संचालित व्यावसायिक लीडर ऐसी बातें कहते हैं...

- "जब तक की हम कर सकते हैं, हमें इसमें कूद जाना चाहिए"
- "हम किसी भी हलात में इस अवसर को हाथ से जाने नहीं दे सकते।"
- "वाह! कितना अच्छा अवसर है! चलो इसका फायदा उठाते हैं!"
- "बेशक, यह अवसर हमारी कंपनी की सोच से थोड़ा हट कर है, लेकिन मुझे लगता है कि यह प्रयास के लायक होगा।" (कर्ट फाउलर, ब्लॉग टिप्पणीकार)
- "जितना ज़्यादा हम दीवार पर फेंकेंगे, उतना ही ज़्यादा चिपकेगा।" (शैरन केंड्रू, ब्लॉग टिप्पणीकार)
- मुझे पता है कि यदि मैं बस इसके लिए आगे बढ़ूँ ... तो यह हो जाएगा!" (जीसस एस्ट्राडा, ब्लॉग टिप्पणीकार)

5: कीमत-संचालित

कीमत-संचालित लीडर #2, धन-संचालित लीडरों के करीबी भाई होते हैं, इस एक छोटे से मुद्दे को छोड़ कर। मुख्य रूप से इस बात पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय कि वे कितना पैसा कमा सकते हैं, कीमत-संचालित लीडर हमेशा इस बात पर ध्यान केंद्रित करते हैं कि सबसे सस्ती कीमत कहाँ मिलेगी ताकि उनको कम से कम पैसा खर्च करना पड़े।

अवसर-संचालित लीडर कुछ ऐसी बातें कहते हैं...

- "आपको इस पर अपनी पेंसिल सही में नोकीली करने की ज़रूरत है।"
- "यह सबसे अच्छा विकल्प है क्योंकि वे सबसे सस्ते हैं।" (डैरेन शियरर, ब्लॉग टिप्पणीकार)
- "अरे, कोई भी बिक्री एक अच्छी बिक्री होती है।" (एरिक जॉनसन, ब्लॉग टिप्पणीकार)
- "हर चीज़ पर मोलभाव किया जा सकता है।" (हॉवर्ड ड्रेक, ब्लॉग टिप्पणीकार)
- "हम इसे सस्ता और अच्छा चाहते हैं!" (एंजेलिन टेओह, ब्लॉग टिप्पणीकार)

6: विशेषज्ञ-संचालित

विशेषज्ञ-संचालित लीडर आसानी से नवीनतम प्रबंधन या नेतृत्व की सनक से प्रभावित हो जाते हैं। वे हमेशा किसी वक्ता, लेखक या सलाहकार से एक नई और बेहतरीन अवधारणा की तलाश में रहते हैं। विशेषज्ञ-संचालित लीडर अक्सर व्यवसाय की एक "नई" अवधारणा को बहुत तेज़ी से लागू कर देते

हैं, और वह भी अक्सर बिना यह आकलन किए कि इसे उनके व्यवसाय में कैसे –उपयोग किया जाना चाहिए – या करना भी चाहिए या नहीं।

हाँ जी, यह कहते हुए मुझे थोड़ा दुख होता है क्योंकि मैं दुनिया भर में व्यावसायिक पेशेवरों से बात करता हूँ, लिखता हूँ और उन्हें सिखाता हूँ। फिर भी, मैं नहीं चाहता कि मेरे व्यावसायिक पार्टनर "विशेषज्ञ-संचालित" वाले हों, यहाँ तक कि मेरे द्वारा भी!

विशेषज्ञ-संचालित लीडर ऐसी बातें कहते हैं...

- "एक बिज़नेस पत्रिका में एक विशेष लेख छपा था जिसमें कहा गया था कि हमें..."
- "इस बिज़नेस कॉन्फ्रेंस से एक बढ़िया विचार आया है... चलिए इसे करते हैं!"
- "हमारे प्रतिस्पर्धी इस नई किताब को पढ़ रहे हैं। यह आपकी कॉपी है। चलिए उनके साथ बने रहें।"
- "पूरा उद्योग यही कर रहा है।"
- "आइए इस क्षेत्र के सर्वश्रेष्ठ विशेषज्ञ को खोजें और उसे यहाँ लाएँ।"
- "[किसी बिज़नेस विशेषज्ञ का नाम डालें] के अनुसार, क्या हमें भी ऐसा नहीं करना चाहिए?" (जेसन पाइन, ब्लॉग टिप्पणीकार)

7: दबाव-संचालित

दबाव-संचालित लीडर आपातकालीन या संकट की स्थितियों में बेहतर काम करने का दावा करते हैं। भले ही काम ठीक से चल रहा हो, वे सभी पर और ज़्यादा काम करने और कड़ी मेहनत करने का दबाव डालने के लिए

अनावश्यक संकट की स्थिति पैदा करना चाहते हैं। दबाव-संचालित लीडर अनजाने में दूसरों पर अनावश्यक और अप्रासंगिक दबाव डालते हैं।

दबाव-संचालित व्यावसायिक लीडर ऐसी बातें कहते हैं...

- "हमें इसे अभी करना चाहिए! कोई बहाना नहीं!"
- "समय ही पैसा है, और हम और ज़्यादा समय बर्बाद नहीं कर सकते।"
- "असफलता कोई विकल्प नहीं है।"
- "मुझे परवाह नहीं है कि हम इसे कैसे करते हैं, लेकिन हमें इसे अभी पूरा करवाना होगा!" (जेसन पाइन, ब्लॉग टिप्पणीकार)
- "अपनी रफ्तार बढ़ाएँ!" (रॉबिन्स डंकन, ब्लॉग टिप्पणीकार)
- "हमें कड़ी मेहनत करनी चाहिए और इसे पूरा करना चाहिए। इसे पूरा करने के बाद हम सो सकते हैं।" (एरिक जॉनसन, ब्लॉग टिप्पणीकार)

8: भावना-संचालित

भावना-संचालित लीडर कोई भी कदम उठाने से पहले अपनी भावनाओं और भावों का हमेशा आकलन करते हैं। भावना-संचालित लीडर व्यवसाय में डर, चिंता, उत्साह, आराम या सुरक्षा की भावना से बहुत ज़्यादा प्रभावित होते हैं और अक्सर अभिभूत हो जाते हैं। भावना-संचालित लीडर कमज़ोर नेता नहीं होते; वे कभी-कभी अपनी भावनाओं और भावों को अपनी व्यावसायिक विशेषज्ञता और ज्ञान पर हावी होने देते हैं।

भावना-संचालित व्यावसायिक लीडर अक्सर ऐसी बातें कहते हैं...

- “मुझे इस बात से डर लग रहा है।”
- “मेरा मन नहीं मानता।”
- “इससे दुख होगा।”
- “वाह, मैं किसी चीज़ को लेकर इतना उत्साहित कभी नहीं हुआ।”
- “इससे मुझे वाकई खुशी मिलती है!”
- “पछताने से बेहतर है कि सुरक्षित रहें!” (रॉबिन्स डंकन, ब्लॉग टिप्पणीकार)

9: अभिमान-संचालित

अभिमान-संचालित लीडर खुद को और अपनी कंपनियों को खास, अलग और अनोखा मानते हैं। वे खुद को और अपने हर काम को बहुत गंभीरता से लेते हैं। अभिमान-संचालित लीडर अक्सर बहुत घमंडी और आत्मसंतुष्ट होते हैं, जो किसी भी व्यक्ति या समूह के सामने झुकने से इनकार करते हैं - चाहे वे गलत हों, तब भी।

अभिमान-संचालित व्यावसायिक लीडर ऐसी बातें कहते हैं...

- “हमें ऐसा करने की ज़रूरत नहीं है। हम अलग हैं।”
- “वे ऐसा करने की कोशिश कर सकते हैं। हमें ये करने की ज़रूरत नहीं है।”
- “हम जानते हैं कि क्षेत्र में क्या हो रहा है। आप यहाँ दफ़्तर में रहें और काम करते रहें।”
- “बस हमारे तरीके से करें।”

- “या तो मेरा मार्ग लो या फिर राजमार्ग।” (हॉवर्ड ड्रेक, ब्लॉग टिप्पणीकार)

ईमानदारी की जाँच

मुझे यकीन है कि जैसे ही आपने इन्हें पढ़ा होगा, तुरंत आपने उन लोगों के चहरे देखें होंगे जो इनमें से एक या उससे ज़्यादा प्रकारों पर सही बैठते हैं। लेकिन महत्वपूर्ण सवाल यह है कि, “आप खुद को कहाँ देखते हैं?”

यह रहा इस किताब में आपका पहला कार्य। उन बक्सों में निशान लगाएँ जो यह बता सकते हैं कि आपका नेतृत्व क्या करता है।

- ☐ मस्तिष्क-संचालित
- ☐ धन-संचालित
- ☐ नवाचार-संचालित
- ☐ अवसर-संचालित
- ☐ कीमत-संचालित
- ☐ विशेषज्ञ-संचालित
- ☐ दबाव-संचालित
- ☐ भावना-संचालित
- ☐ अभिमान-संचालित

1.2. एक डरावनी वास्तविकता

कभी ना कभी, “आपका नेतृत्व क्या करता है?” की सूची में से एक या उससे ज़्यादा चीज़ें हमारा नेतृत्व करती हैं। सच कहूँ तो, हममें से ज़्यादातर लोग ज़्यादातर समय इनमें से कई चीज़ों का मिश्रण होते हैं।

अब, कृपया इस पर विचार करें।

"आपका नेतृत्व क्या करता है?" इन नौ श्रेणियों में से हर एक श्रेणी ठीक वैसी ही है जिस तरह से दुनिया भर में 95% या उससे ज़्यादा लाभ-आधारित कंपनियों का नेतृत्व किया जाता है!

युहीं जल्दी से यहाँ से आगे मत बढ़िए। बस एक पल और लें और इस कथन पर विचार करें।

ये नौ श्रेणियाँ इस बात के सरल उदाहरण हैं कि विश्व भर में अधिकांश व्यवसायों का नेतृत्व किस प्रकार किया जा रहा है - यहाँ तक कि उन व्यवसायों का भी जिनके लीडर दावा करते हैं कि वे व्यवसाय में ईसाई हैं!

एक शब्द में कहें तो आज के व्यवसायिक लीडर “क्या” से प्रेरित होते हैं। उनके लिए, यह सब विचार, पैसा, अवसर, नवाचार, कीमत, विशेषज्ञों के विचारों आदि के बारे में है। ये वे श्रेणियाँ हैं जिनके आधार पर व्यवसायी अपने निर्णय लेते हैं, अपने व्यवसाय का निर्माण करते हैं और आखिर में अपने लक्ष्यों तक पहुँचते हैं।

दुर्भाग्य से, हममें से अधिकांश दो प्रतिशतक (2%ers) (व्यवसाय में पवित्र आत्मा के नेतृत्व वाले विश्वासी) इससे अलग नहीं हैं!

हम भी अपने धर्मनिरपेक्ष, गैर-विश्वासी प्रतिस्पर्धियों की तरह ही उन्हीं चीज़ों से प्रेरित होते हैं। क्यों?

दुनिया के व्यापारिक तरीके इतने प्रचलित, व्यापक और संपन्न हैं कि उनसे प्रभावित हुए बिना रहना लगभग असंभव है।

हमारे पास दुनिया की व्यवस्था द्वारा नियंत्रित सभी व्यावसायिक विचारों, किताबों, विश्लेषणों और बाज़ार की सूचनाओं तक एक समान पहुँच है, जैसा कि हमारे प्रतिस्पर्धियों के पास है। इसलिए, हम भी उतने ही असुरक्षित हैं जितने कि वे अपनी कंपनियों का नेतृत्व करने के लिए अपरिहार्य प्रलोभनों के आगे झुकने के लिए हैं।

अब, आती है वह डरावनी वास्तविकता।

यदि आप व्यापार जगत के तरीकों से आगे बढ़ते हैं, तो आपके पास अपने प्रतिस्पर्धियों पर कोई प्रतिस्पर्धात्मक फायदा नहीं होगा!

यदि आप केवल उन नौ तरीकों पर भरोसा करते हैं जो मैंने ऊपर सूचीबद्ध किए हैं, तो आप उस एक चीज़ को खो रहे हैं जो व्यवसाय में आपकी अनुचित बढ़त को उजागर कर सकती है।

मैं आपको यह पूछते हुए सुन सकता हूँ, "तो, डॉ. जिम... क्या आप मुझसे कह रहे हैं कि मुझे अपने दिमाग का उपयोग नहीं करना चाहिए या अवसरों पर विचार नहीं करना चाहिए या अपने काम के वित्तीय पहलुओं के बारे में नहीं सोचना चाहिए? क्या आप वाकई ऐसा कह रहे हैं?"

नहीं, नहीं, नहीं, नहीं! फिर से... नहीं!

ईश्वर ने आपको दिमाग और स्वस्थ मन दिया है। उसने आपको यह इसलिए दिया है ताकि आप तर्क कर सकें, सोच सकें, योजना बना सकें और उन्नति कर सकें। उन्होंने आपको दूसरों के प्रति अपनी संवेदनशीलता बढ़ाने के लिए भावनाएँ दी हैं। वह आपसे उम्मीद करते हैं कि आप उनका उपयोग करें।

मैं आपको एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने के लिए खुली चुनौती दे रहा हूँ, व्यवसाय में अपनी अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को पूरी तरह से उजागर करने की दिशा में परिवर्तन करें।

यह परिवर्तन “अनुचित” क्यों है? यह एक अलग प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त क्यों है?

क्योंकि यह एक और केवल एक ही चीज़ पर आधारित है: आपका नेतृत्व 'क्या' द्वारा किए जाने से...

> संसार से और संसार की वस्तुओं से प्रेम मत करो। यदि कोई संसार से प्रेम करता है, तो उसमें पिता का प्रेम नहीं है। क्योंकि जो कुछ संसार में है, अर्थात् शरीर की लालसा, आँखों की लालसा और ज़िंदगी का घमण्ड, वह पिता का नहीं, परन्तु संसार का है।” (1 यूहन्ना 2:15-16)

...'कौन' द्वारा नेतृत्व किए जाने तक!

इसलिए कि जितने लोग परमेश्वर की आत्मा के चलाए चलते हैं, वे ही परमेश्वर के पुत्र हैं। (रोमियो 8:14)

अध्याय 1 अध्ययन मार्गदर्शिका

वे कौन से शीर्ष 3 तरीके हैं जिनसे आप अपने व्यवसाय में सबसे ज़्यादा नेतृत्व किए जाते हैं?

1.

2.

3.

क्या आपने कभी सोचा है कि व्यवसाय में पवित्र आत्मा द्वारा नेतृत्व किया जाना एक "अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त" है? यह आपके और आपके व्यवसाय के लिए इतना बड़ा फायदा क्यों होगा?

अपनी सूची के बारे में प्रार्थना करें और परमेश्वर से विनती करें कि वह आपको यह पहचानने में मदद करे कि कब उनकी पवित्र आत्मा के अलावा किसी और चीज़ के द्वारा आपका नितृत्व किया जाना शुरू हो जाता है।

2

एक महत्वपूर्ण परिवर्तन

और मैं पिता से प्रार्थना करूँगा, और वह तुम्हें एक और सहायक देंगे, कि वह सर्वदा तुम्हारे साथ रहे, अर्थात सत्य की आत्मा, जिसे संसार ग्रहण नहीं कर सकता, क्योंकि वह ना तो उसे देखता है और ना ही उसे जानता है; परन्तु तुम उसे जानते हो, क्योंकि वह तुम्हारे साथ रहता है, और तुम में ही होगा।

– यूहन्ना 14:16-17

एक दो प्रतिशतक (2%ers) (व्यवसाय में पवित्र आत्मा के नेतृत्व वाला विश्वासी) बनने के लिए, आपको एक महत्वपूर्ण परिवर्तन करने की आवश्यकता है!

यह एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है - एक विशाल परिवर्तन - व्यवसायिक दुनिया के 'क्या' द्वारा नेतृत्व किए जाने से ईश्वर की आत्मा द्वारा नेतृत्व किए जाना।

मैं जानता हूँ कि ऐसा है। यही महत्वपूर्ण परिवर्तन मुझे स्वयं भी करना पड़ा। मेरे लिए मस्तिष्क-संचालित, धन-संचालित, नवाचार-संचालित, अवसर-संचालित, कीमत-संचालित, दबाव-संचालित, भावना-संचालित, और अभिमान-संचालित होने से पूरी तरह और केवल आत्मा-संचालित हो जाना एक महत्वपूर्ण परिवर्तन था।

यह एक ऐसा परिवर्तन है जिसे दुनिया (विश्वास ना करने वाले व्यवसायिक लीडर) समझती नहीं हैं, इसलिए नहीं कि वे इसमें असमर्थ हैं, बल्कि सिर्फ इसलिए कि वे यीशु में विश्वास नहीं करते हैं। वे संभावित अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्राप्त नहीं कर सकते क्योंकि परमेश्वर की आत्मा उनमें रह नहीं रही है।

जैसे ही आप इस महत्त्वपूर्ण परिवर्तन की शुरुआत करते हैं, उन दो सबसे बुनियादी तरीकों की समीक्षा करना आवश्यक है जिनसे परमेश्वर आपका नेतृत्व करते हैं।

> यह लिखा गया है, 'मनुष्य केवल रोटी से नहीं, परन्तु परमेश्वर के मुख से निकलने वाले हर एक वचन से जीवित रहेगा।' (मत्ती 4:4)
>
> जो समझदारी से वचन पर ध्यान देगा, वह भला पाएगा। (नीतिवचन 16:20)

परमेश्वर द्वारा आपका नेतृत्व करने का पहला तरीका उनके वचन द्वारा है। उनके परिपूर्ण, अचूक वचन सिखाते हैं, प्रेरित करते हैं, दोषी ठहराते हैं, प्रोत्साहित करते हैं, सुधारते हैं और भी बहुत कुछ करते हैं।

यह सब परमेश्वर के वचन से शुरू होता है।

> क्योंकि जितने भी लोगों का परमेश्वर की आत्मा द्वारा नेतृत्व किया जाता है, वे सभी परमेश्वर की संतान हैं। ...वह पवित्र आत्मा स्वयं हमारी आत्मा के साथ

मिलकर साक्ष देती है कि हम परमेश्वर की संतान हैं।
(रोमियों 8:14,16 प्रभाव जोड़ा गया)

दूसरा मौलिक तरीका जिससे परमेश्वर आपका नेतृत्व करते हैं वह है उनकी पवित्र आत्मा के माध्यम से। यह अंश इस किताब की अवधि और उद्देश्य से परे आपके विचारणीय, गहन अध्ययन के लायक है।

अब रोमियों 8:16 के अंदर दिए गए के एक प्रमुख वाक्यांश पर एक त्वरित शोध करना महत्वपूर्ण है: "वह पवित्र आत्मा स्वयं हमारी आत्मा के साथ मिलकर साक्ष देती है ..." हम इस किताब के बाकी हिस्सों में कई बार इस वाक्यांश पर वापस आएँगे। यही कारण है कि यह महत्वपूर्ण परिवर्तन के लिए इतना समीक्षात्मक है।

जब आपने यीशु को स्वीकार किया और फिर से जन्म लिया, तो जन्म से आपकी मृत आत्मा का पुनर्जन्म हुआ। अब, आपकी पुनर्जन्म वाली आत्मा और परमेश्वर की पवित्र आत्मा दोनों आपके अंदर रह रही हैं। इसलिए, आपकी आत्मा आपके अंदर की पवित्र आत्मा के साथ मिलकर साक्ष देती है।

"साथ साक्ष देती है" का शाब्दिक अर्थ है कि हमारे अंदर एक सह-गवाह रहता है, परमेश्वर की उपस्थिति जिसे हम बुला सकते हैं, खोज सकते हैं, पूछ सकते हैं, पूछताछ कर सकते हैं और उसके द्वारा कभी भी... कहीं भी नेतृत्व किए जा सकते हैं।

क्या हम एक अत्यंत महत्वपूर्ण तथ्य पर सहमत हो सकते हैं? वो है... जब आप एक पवित्र आत्मा को प्राप्त करते हैं, तो वह केवल "नर्क से मुक्त हो जाओ" वाले कार्ड से कहीं अधिक है। दुख की बात है कि लाखों विश्वासी - जिनमें से कई आज व्यवसाय में हैं - सोचते हैं कि परमेश्वर हमारे लिए जो चाहते हैं वह सिर्फ हमें नरक से बचाने के लिए है।

चर्चों, किताबों की दुकानों और इंटरनेट पर उपलब्ध सैकड़ों अद्भुत सूचियों, लेखों और बाइबिल अध्ययनों के बावजूद, जो पवित्र आत्मा के सिखाने, मार्गदर्शन करने, बोलने, सुरक्षा करने और काम करने के कई

तरीकों का पता लगाते हैं, बहुत कम विश्वासियों को सिखाया जाता है कि पवित्र आत्मा का महत्व उनकी स्वर्ग की एक तरफ़ा टिकट होने से कहीं ज़्यादा है।

हममें से बहुत कम लोग हैं जिनको यह सिखाया गया है, प्रशिक्षित किया गया है, या प्रोत्साहित किया गया है कि हम अपने व्यवसायों और पेशेवर जीवन में ज़्यादा से ज़्यादा आत्मा के नेतृत्व में कैसे बने रहें।

फिर भी पवित्र आत्मा आपके व्यावसायिक जीवन के सभी पहलुओं में आपकी सह-साक्षी बनने के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम है।

2.1. क्या ऐसा संभव है?

> *द्वारपाल उनके लिए द्वार खोलता है, और भेड़ें उनकी आवाज़ सुनती हैं; और वह अपनी भेड़ों को नाम ले लेकर पुकारते हैं और उन्हें बाहर ले जाते हैं। और जब वह अपनी भेड़ों को बाहर लाते हैं, तो उनके आगे-आगे चलते हैं; और भेड़ें उनके पीछे-पीछे चलती हैं क्योंकि वे उनकी आवाज पहचानती हैं।*
>
> **– यूहन्ना 10:3-4**

वैश्विक अर्थव्यवस्था। ग्राहकों की माँग। ज़्यादा करने, ज़्यादा कमाने और लागत में कटौती करने का निरंतर दबाव।

क्या आज के वैश्विक व्यापार जगत में पवित्र आत्मा के नेतृत्व में चलना आपके लिए संभव है?

इसका उत्तर है एक जोरदार हाँ!

यह काफी संभव है; यह आपकी पहुँच के अंदर है।

पूरी बाइबिल उन पुरुषों और महिलाओं के अधिप्रवाह से भरी हुई है जिनका नेतृत्व पवित्र आत्मा ने किया था। आत्मा ने बात की और नेतृत्व किया...

- इब्राहीम को चलने के लिए तैयार करने में,
- मूसा को झाड़ी के पीछे से आगे निकल लोगों को मिस्र से बाहर ले जाने के लिए तैयार करने में,
- यहोशू द्वारा वादा किए गए देश को जीतने के लिए,
- नहेमायाह के द्वारा रिकॉर्ड समय में यरूशलेम की दीवारों का पुनर्निर्माण करने में,
- एस्तेर द्वारा अपनी जान को जोखिम में डालकर साहसपूर्वक राजा के पास जाने में,
- रूत द्वारा अपने परिवार को त्यागने और नाओमी के परमेश्वर के साथ जुड़े रहने में,
- डेविड द्वारा गोलियथ को हराने में और इसराइल के एक महान राजा बनने में,
- सुलैमान को इस्राएलियों के ज्ञान से नेतृत्व करने में,
- एलिय्याह द्वारा बाल के झूठे पैग़ंबर को हराने में,
- एलीशा द्वारा साहसपूर्वक एलिय्याह की आत्मा का दोगुना भाग माँगने में,
- योना को वचन का प्रचार करने और शत्रु भूमि को मुक्ति दिलाने में,
- जोसेफ और मैरी को विवाह करने और विवाह के बंधन से परमेश्वर के पुत्र का गर्भ धारण कर जन्म देने में,

- शिमोन और ऐना के ठीक उसी समय मंदिर में होने के जब यूसुफ ने यीशु को पेश किया,
- ल्यूक द्वारा सुसमाचार लिखने में जिसमें उसका नाम लिखा है,
- पीटर द्वारा 3,000 से अधिक आत्माओं को बचाते हुए, नए नियम में पहला रिकॉर्ड किया गया धर्मोपदेश लिखने में,
- हनन्याह को यरूशलेम में पवित्र लोगों के शत्रु शाऊल के पास जाने में,
- पॉल... ने जो कुछ भी किया उसे करने में,
- जॉन को ईश्वरावेश लिखने में,
- ...और भी बहुत कुछ!

ये परमेश्वर की आत्मा के नेतृत्व में पुरुषों और महिलाओं के सैकड़ों बाइबिल उदाहरणों में से कुछ ही हैं।

परमेश्वर के पुत्र ने भी कहा,

> विश्वासपूर्वक, मैं तुम से कहता हूँ, कि पुत्र स्वयं अपने आप कुछ नहीं कर सकता है। वह केवल वही करता है जो पिता को करते देखता है। पिता जो कुछ करते हैं, पुत्र भी वैसे ही करता है। (यूहन्ना 5:19)

सच कहूँ तो, एक दो प्रतिशतक (2%ers) व्यक्ति के रूप में, आप कुछ अलग नहीं हैं। बिल्कुल वही आत्मा आपके अंदर भी निवास कर रही है।

क्या आज व्यवसाय में पवित्र आत्मा के द्वारा नेतृत्व किए जाना संभव है?

जी, हाँ। एक महत्वपूर्ण परिवर्तन लाने के लिए केवल विश्वास के एक राई बराबर के बीज की आवश्यकता होती है (मत्ती 17:20)!

2.2. 'कौन' की ओर परिवर्तित क्यों हों?

यहाँ आगे बढ़ने और महत्वपूर्ण परिवर्तन करने के छह शक्तिशाली कारण दिए गए हैं।

1: पवित्र आत्मा परमेश्वर के मन को जानती है।

> लेकिन जैसा की लिखा गया है, 'जिन्हें आँखों ने देखा नहीं और कानों ने सुना नहीं; जहाँ मनुष्य का मन तक, कभी पहुँचा नहीं, ऐसी बातें उनके हेतु प्रभु ने बनायी जो जन उसके प्रेमी हैं। लेकिन परमेश्वर ने उन्हें अपनी आत्मा के द्वारा हम पर पुनः प्रकट किया है। आत्मा हर किसी बात को ढूँढ निकालती है यहाँ तक कि परमेश्वर की छिपी गहराइयों तक को भी। ऐसा कौन है जो दूसरे मनुष्य के मन की बातें जान ले सिवाय उस व्यक्ति की अपनी आत्मा के जो उसके अपने अंदर ही है? इसी प्रकार परमेश्वर के विचारों को भी परमेश्वर की आत्मा को छोड़ कर और कौन जान सकता है।
>
> **–1 कुरिन्थियों 2:9-11**

हममें से बहुत से लोग यह सोचते हैं कि किसी विश्व-प्रसिद्ध सीईओ या व्यवसाय विशेषज्ञ को सुनने के लिए किसी कॉनफरेन्स में भाग लेना बढ़िया है। एक सफल लीडर के निर्देशन में बैठना एक शानदार अनुभव हो सकता

है क्योंकि हम उनके ज्ञान और अनुभव का लाभ उठा सकते हैं। व्यवसाय में किसी विशेषज्ञ की बात सुनने में स्वाभाविक रूप से कुछ भी गलत नहीं है। आपके लिए मेरा पूर्वविधान यह है कि वे जो कुछ भी कहते हैं उसे हमेशा परमेश्वर के वचन और आपके अंदर रहने वाली पवित्र आत्मा की गवाही के माध्यम से छाने (इस बारे में आगे और ज़्यादा)।

आपके सामने आने वाली प्रत्येक व्यावसायिक स्थिति, चुनौती, बाधा, अवसर या निर्णय के समाधान के लिए आपके साथ खड़े एक मानव विशेषज्ञ की तलाश करने के बजाय, अपने अंदर परमेश्वर की आत्मा की तलाश करना कितना बेहतर है?

ओह! इन दोनों विकल्पों के बीच कोई तुलना नहीं है।

हम हमेशा सबसे पहले परमेश्वर के विवेक की तलाश करें कि वे क्या चाहते हैं, बजाए इसके कि हम किसी व्यक्ति के विचारों पर अपना व्यवसाय चलाएँ - हर बार!

2: पवित्र आत्मा हमारे व्यवसायों के लिए स्वतंत्र रूप से हमें परमेश्वर का ज्ञान देती है।

> *अब हमें संसार की आत्मा नहीं, परन्तु वह आत्मा जो परमेश्वर की ओर से है, इसलिये मिली है, कि हम उन बातों को जान सकें जो हमें परमेश्वर द्वारा स्वतंत्रता पूर्वक मिली हैं।*
>
> **–1 कुरिन्थियों 2:12**

परमेश्वर ने पहले ही पवित्र आत्मा को आपके और आपके व्यवसाय के लिए अपना सारा ज्ञान और योजनाएँ प्रकट कर दी हैं, यहाँ तक कि उन चीजों को भी जिन्हें आपके मस्तिष्क समझ नहीं सकता। पवित्र आत्मा उन्हें जैसे वो चाहती हैं और आपके अनुरोध के अनुसार आपके सामने प्रकट कर सकती हैं।

इससे भी अधिक, पवित्र आत्मा की सलाह पूरी तरह से निशुल्क है! उनकी सलाह पहले से ही आपके अंदर रहती है और आपकी आत्मा के साथ गवाही देती है। आपको बस पूछने की ज़रूरत है। (इसे कैसे करें के बारे में इस किताब में आगे और ज़्यादा बताया गया है।)

3: पवित्र आत्मा सारा सत्य जानती है।

> *हालाँकि, जब वह, सत्य की आत्मा, आएगी, तो वह आपको सम्पूर्ण सत्य का मार्गदर्शन करवाएगी; क्योंकि वह अपने अधिकार से नहीं कहेगी, परन्तु जो कुछ वो सुनेगी वही कहेगी।*
>
> **– यूहन्ना 16:13ए**

एक दो प्रतिशतक (2%ers) व्यक्ति के रूप में, आपके अंदर पहले से ही सबसे शक्तिशाली सलाहकार रहता है जिसे इस ब्रह्मांड में कभी जाना जाएगा। अपने व्यवसाय, अपने कर्मचारियों और सहकर्मियों, अपने विक्रेताओं और आपूर्तिकर्ताओं, अपने ग्राहकों और समुदाय के सदस्यों... जिस किसी को भी आपका व्यवसाय छूता है, उनके प्रति आप पमेश्वर के सत्य द्वारा मार्गदर्शित हो सकते हैं।

पवित्र आत्मा कभी भी झूठ नहीं बोलती, गुमराह नहीं करती, कम महत्व नहीं देती, या आपको जो भी जानने की आवश्यकता है उसे भूल नहीं जाती। इससे भी ज़्यादा, सत्य के लिए पवित्र आत्मा द्वारा नेतृत्व किया

जाना आपको स्वतंत्र कर देगा (यूहन्ना 8:32) वह सब कुछ बनने के लिए जो परमेश्वर आपके व्यवसाय के लिए चाहते हैं।

4: पवित्र आत्मा आपके व्यवसाय का भविष्य जानती है।

...और वह आपको आगे आने वाली बाते बताएगी।

–यूहन्ना 16:13बी

यूहन्ना ने अभी क्या कहा? पवित्र आत्मा मुझे "आने वाली बातें" बताएगी?

कल्पना कीजिए कि आपके पास पूरे दिन, हर दिन एक ऐसा सलाहकार उपलब्ध है जो पहले से ही वह सब कुछ जानता है जिसका आप आज, कल और हमेशा अपने व्यवसाय में सामना करने वाले हैं।

वाह!

इसका मतलब यह नहीं है कि पवित्र आत्मा आपको हर सुबह वह सब कुछ टेक्स्ट या ईमेल करेगी जो आपको जानना या करना है। हालाँकि, वह अपने अनुसार सही समय पर आपका मार्गदर्शन करेगी और आपके व्यवसाय के लिए अपने उद्देश्य को पूरा करने के लिए आवश्यक रास्ते पर आपको एक-एक कदम आगे बढ़ाएगी।

कभी-कभी, पवित्र आत्मा के माध्यम से परमेश्वर के निर्देशों का कोई तर्कसंगत अर्थ नहीं होता है, जैसे कि:

- पहाड़ पर अपने बेटे की बलि चढ़ाओ। (उत्पत्ति 22:9)
- सात दिन तक ट्रम्पेट बजाते हुए शहर भर में घूमो, और तब दीवारें गिर जाएँगी। (यहोशू 6:3-4)

- कुष्ठ रोग से ठीक होने के लिए अपने आप को कीचड़ से भरी नदी में सात बार डुबाएँ। (2 राजा 5:10)
- दोबारा देखने के लिए अपनी आंखों पर थूक और कीचड़ मलें। (मरकुस 8:23)

बहुत से मामलों में, पवित्र आत्मा ने जो करने को कहा उसका कोई मतलब नहीं था। फिर भी आत्मा का अनुसरण करने के इच्छुक लोग हमेशा विजयी हुए, हमेशा जीते, और उन्हें हमेशा आशीर्वाद मिला।

5: पवित्र आत्मा आपको प्रचुरता की ओर ले जाती है।

धन्य होगी तेरी सन्तान, तेरी भूमि की उपज, और तेरे पशु समूह की बढ़त, तेरी गाय की संखया की बढ़त, और तेरी भेड़-बकरी की सन्तानों की बढ़त। धन्य होगी तेरी टोकरी और आटा गूंथने का कटोरा। अंदर आते समय तू धन्य हो, और बाहर जाते समय भी तू धन्य हो।

– व्यवस्थाविवरण 28:4-6

और यहोवा आपको बहुत सी अच्छी चीजें देंगे, वह आपको बहुत से बच्चे देंगे, वह आपको गाय, भैंसें और बहुत से बछड़े देंगे, वह उस धरती में आपको बहुत अच्छी फसल देंगे जहाँ उन्होंने आपके पूर्वजों को देने का वचन दिया था। यहोवा आपके लिए अपने अच्छे भण्डार, स्वर्ग, खोल देंगे, आपकी भूमि के लिए सही मौसम में वर्षा देने के लिए, आपके हाथ की मेहनत को आशीर्वाद देने के लिए।

आप बहुत से राष्ट्रों को कर्ज देंगे, किन्तु आप कभी उधार नहीं लेंगे।

– व्यवस्थाविवरण 28:11-12

परमेश्वर प्रचुरता के, वृद्धि के परमेश्वर हैं... अभाव या कमी के नहीं। उनकी इच्छा अपने बच्चों को आशीर्वाद देने की है।

पवित्र आत्मा ही आपको सर्वोत्तम मार्ग, सर्वोत्तम कर्मचारियों, सर्वोत्तम ग्राहकों और सर्वोत्तम अवसरों की ओर मार्गदर्शन करेगी। वह आपको वित्तीय नुकसान, बुरे सौदे और गलत साझेदारी या गठबंधन से दूर रखेगी।

पवित्र आत्मा आपको कभी भी गलत रास्ते पर नहीं ले जाएगी जहाँ आप या आपकी कंपनी बर्बाद हो सकती है (जब तक कि वह आपको किसी इससे भी बुरी चीज से नहीं बचाती जो आप देख नहीं पा रहे हैं!)।

व्यवसाय में पवित्र आत्मा के नेतृत्व में होना उसकी प्रचुरता में रहने का आपका सबसे अच्छा तरीका है।

6: पवित्र आत्मा आपकी #1 सलाहकार, परामर्शदाता और प्रशिक्षक है।

आप अपने सम्पूर्ण मन से यहोवा पर भरोसा रखें, और अपनी समझ का सहारा ना लें; अपने सभी तरीकों में उसे स्वीकार करें, और वह आपके पथ का निर्देशन करेंगे।

– नीतिवचन 3:5-6

जब आप परिवर्तन करने का निर्णय ले लेते हैं (और मुझे लगता है कि आपने पहले ही निर्णय ले लिया है), तो पवित्र आत्मा आपको बताएगी कि आपको कब परिवर्तन करना चाहिए...

- जाएँ
- ठहरें
- रुकें
- बनाएँ
- निवेश करें
- संरेखित करें
- टालें
- स्थगित करें
- इंतज़ार करें
- विस्तारित करें
- बढ़ें
- तैयारी करें
- किराये पर लें
- निकाल दें
- खरीदें
- बेचें
- दौड़ें!

पवित्र आत्मा हमेशा आपकी #1 व्यावसायिक सलाहकार, परामर्शदाता और कोच है और रहेगी।

2.3. आपका असल दुश्मन

चोर युहीं नहीं आता केवल चुराने, हत्या करने, और नाश करने ही आता है।

– यूहन्ना 10:10ऐ

काम के स्थान पर आपके असली दुश्मन आपके प्रतिस्पर्धी, आपूर्तिकर्ता, बैंक या आपके कर्मचारी नहीं होते हैं।

आपके असल दुश्मन बाज़ार की स्थितियाँ, वैश्विक प्रतिस्पर्धा या नकदी प्रवाह की कमी नहीं है।

आपका असली दुश्मन शैतान है!

वही है जो हर हाल में आपको हराने, विचलित करने और ईश्वर की आवाज़ के नेतृत्व में जाने से रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेगा ताकि पवित्र आत्मा - के माध्यम से उसके साथ होने वाले आपके सीधे संबंध को रोक सके।

शैतान उग्र रूप से चाहता है कि आप संसार के द्वारा, जिसे वह नियंत्रित करता है, उसके द्वारा संचालित हों (इफिसियों 2:2)।

परमेश्वर उग्र रूप से चाहते हैं कि आप उनकी आत्मा के द्वारा संचालित हों, जिसे वह नियंत्रित करते हैं (रोमियों 8:14-16)।

"क्योंकि हम माँस और रक्त के विरुद्ध नहीं, परन्तु प्रधानताओं, शक्तियों, इस युग के अंधकार के शासकों, और स्वर्गीय स्थानों में दुष्टता के आध्यात्मिक यजमानों के विरुद्ध लड़ते हैं।" (इफिसियों 6:12)

अब समय आ गया है कि आप अपना ध्यान व्यवसाय में होने वाली वास्तविक लड़ाई पर केंद्रित करें।

यह वही लड़ाई है जिसका आप घर पर सामना करते हैं: सही बनाम गलत, अच्छाई बनाम बुराई की लड़ाई।

यह उस दुश्मन को यह याद दिलाने का समय है कि वह पहले ही हार चुका है, कि वह 2,000 साल पहले क्रॉस पर पराजित हुआ था।

उसे यह बताने का समय आ गया है कि वह आपके व्यवसाय में आपको नियंत्रित या प्रभावित नहीं करता है, क्योंकि अब आप पवित्र आत्मा के नेतृत्व में हैं।

अब उसे यह बताने का समय आ गया है कि, यीशु के नाम पर, उसे भाग जाना चाहिए (जेम्स 4:7)!

2.4. अब तक का आपका सबसे बड़ा व्यावसायिक निर्णय

> *और इस संसार के अनुरूप ना बनो, परन्तु अपने मन के नए हो जाने से तुम बदल जाओ, कि तुम यह सिद्ध कर सको कि परमेश्वर की वह भली और ग्रहण करने योग्य सिद्ध इच्छा क्या है।*
>
> **– रोमियो 12:2**

आपका अब तक का सबसे बड़ा व्यावसायिक निर्णय पवित्र आत्मा के नेतृत्व वाला लीडर बनने का है।

आप कभी भी कोई और अन्य व्यावसायिक निर्णय नहीं लेंगे जो आपको...

- अपनी आत्मा को उच्च स्तर तक उत्तेजित और जीवंत करने दे
- उसे अपने दैनिक जीवन में लागू और एकीकृत करना अधिक चुनौतीपूर्ण बना दे
- अपने पूरे संगठन में अधिक से अधिक आध्यात्मिक शक्ति को उजागर करने दे
- परिवार, दोस्तों, कर्मचारियों और ग्राहकों द्वारा गलत समझे जाने, यहाँ तक कि मज़ाक उड़ाए जाने दे
- ज़्यादा से ज़्यादा सांसारिक और शाश्वत पुरस्कार पैक करने दे
- दुश्मन और उसकी सेना से डटकर मुकाबला करने दे

आपके द्वारा लिए गए किसी भी अन्य निर्णय की तुलना में, यह अन्य सभी निर्णयों से ऊपर और आगे है।

इसका असर इस बात पर भी पड़ता है कि न्याय के दिन यीशु आपके बचाव में पिता के सामने क्या गवाही देंगे।

प्रश्न यह है, "क्या आप आत्मा-संचालित लीडर बनेंगे या विश्व-संचालित लीडर बने रहेंगे?"

मुझे पता है कि आपने पहले ही फैसला ले लिया है। मेरी आत्मा को एहसास है कि आप महत्वपूर्ण परिवर्तन करने के लिए तैयार हैं।

लेकिन ऐसा करने से पहले, आपको सामने आने वाले अपरिहार्य मार्ग अवरोधकों के लिए खुद को तैयार करना होगा।

अध्याय 2 अध्ययन मार्गदर्शिका

क्या आप इस बात को मानते हैं कि आपके देश में आपके व्यवसाय का पूर्ण नेतृत्व पवित्र आत्मा द्वारा किया जाना संभव है? क्यों या क्यों नहीं?

व्यवसाय में पूरी तरह से पवित्र आत्मा के नेतृत्व में परिवर्तन करने के लिए आप अपनी सबसे बड़ी चुनौती के रूप में क्या देखते हैं?

आप शैतान को अपने व्यवसाय पर किस प्रकार का प्रभाव डालते हुए देखते हैं?

एक सूची बनाएँ कि कैसे पवित्र आत्मा के नेतृत्व में शैतान द्वारा आपके व्यवसाय को ख़त्म करने, चोरी करने और नष्ट करने के प्रयासों पर काबू पाया जा सकता है।

3

मार्ग अवरोधक

हम हर तरफ से मुश्किल में हैं, फिर भी कुचले नहीं गए; हम हैरान हैं, लेकिन आशाहीन नहीं; सताए गए हैं, परन्तु छोड़े नहीं गए; गिराए गए, परन्तु नष्ट नहीं किए गए।

– 2 कुरिन्थियों 4:8-9

पौल जानते थे कि सुसमाचार का प्रचार करने के लिए उन्हें किन परीक्षाओं का सामना करना पड़ेगा। फिर भी वे स्वयं को परमेश्वर की पुकार को पूरा करने से रोक नहीं पाए।

क्या मैं यह कहने की कोशिश कर रहा हूँ कि इस महत्वपूर्ण परिवर्तन को करने से आपको पिटाई, कारावास, भारी नुकसान या और बहुत कुछ का सामना करना पड़ सकता है? नहीं, लेकिन आप कर सकते हैं। इस वैश्विक संस्करण को पढ़ने वाले आप में से कई लोग उन देशों में रहते हैं जहाँ ईसाइयों को जीवन के सभी पहलुओं में गंभीर रूप से सताया जाता है। जब हम व्यवसाय में आत्मा-संचालित बनने की ओर बढ़ते हैं तो कई बार हमें मार्ग अवरोधकों का सामना करना पड़ सकता है।

जब परमेश्वर ने मुझे अपने लाभ के लिए बोलने और परामर्श देने वाली कंपनी को छोड़ने और विश्वास-आधारित व्यवसाय मंत्रालय शुरू करने के लिए पुकारा, तो मुझ पर विश्वास करें... यहाँ संयुक्त राज्य अमेरिका में भी बहुत चुनौतियाँ थीं।

बहुत से पेशेवर वक्ताओं के ब्यूरो, जिन्होंने मुझे साल दर साल तक काम पर रखा था, जब उन्हें पता चला कि मैं एक ईसाई के रूप में व्यवसाय कर रहा था, तो उन्होंने मुझे ऐसे हटा दिया जैसे मुझे कुष्ठ रोग हो गया हो।

संभावित ग्राहक इस डर से भाग गए कि कहीं मैं अंदर आकर ईसाई धर्म प्रचार करने या उनके कर्मचारियों को ईसाई बनाने का प्रयास ना करूँ।

मेरा नया लक्षित बाज़ार, आप जैसे अन्य दो प्रतिशतक (2%ers) लोग, मुझे एक नए, ताज़ा संदेश के साथ व्यापार में विश्वास रखने वाले के रूप में नहीं जानते थे।

उस समय तक, मेरे सभी मुख्य नोट्स, किताबें, प्रशिक्षण सामग्री, ब्लॉग और पिछले 20 वर्षों में मैंने जो कुछ भी बनाया था वह धर्मनिरपेक्ष-आधारित (बिना किसी आस्था के घटक के) था, भले ही मैंने कभी-कभार जब भी उचित हो, उस शब्द का संकेत दिया होगा।

मुझे घरेलू व्यवसाय में 57 वर्षीय सलाहकार के रूप में शून्य से शुरुआत करनी पड़ी।

मेरे विश्वास की गवाही इस बात से होती है कि, भले ही मुझे अगले कुछ वर्षों के लिए अपना अस्तित्व ख़त्म करना पड़ा, परमेश्वर ने हमें वह सब कुछ प्रदान किया जिसकी हमें ज़रूरत थी। हमने मॉर्गेज भुगतान, भोजन, अपने बेटे की स्कूल ट्यूशन, या हमारी ज़रूरत की कोई भी चीज़ कभी नहीं छोड़ी (फिलिप्पियों 4:19)।

हाँ, मेरे लिए भी, महत्वपूर्ण परिवर्तन करने के बाद, मुझे कई मार्ग अवरोधकों का सामना करना पड़ा। तो आप भी करेंगे।

यह रहे कुछ प्रमुख मार्ग अवरोधक जिनका मैंने सामना किया, जिनमें से कई का सामना आपको भी करना पड़ सकता है या पहले ही सामना कर चुके होंगे।

लेकिन प्रोत्साहित रहें। इस अध्याय के अंत में, मैं अपने द्वारा सीखी गई एक कुंजी भी साझा करूँगा जिससे मुझे व्यवसाय में आत्मा-संचालित लीडर बनने में मेरे सामने आए मार्ग अवरोधकों को दूर करने में मदद मिली।

3.1. यह स्वाभाविक नहीं है

परन्तु स्वाभाविक मनुष्य परमेश्वर की आत्मा की बातें ग्रहण नहीं करता, क्योंकि वे उसकी दृष्टि में मूर्खता हैं; ना ही वह उन्हें जान सकता है क्योंकि उन्हें आध्यात्मिक रूप से समझा जाता है। परन्तु जो आत्मिक है वह सब वस्तुओं को जज करता है, तब भी जब उसे खुद को कोई सही से जज नहीं करता। क्योंकि "परमेश्वर के हृदय को कौन जान पाया है, कि वह उन्हें शिक्षा दे सकते हैं?" लेकिन हमारी सोच ईसा जैसी है।

–1 कुरिन्थियों 2:14-16

आपको और मुझे संभवतः एक निश्चित तरीके से व्यवसाय करना सिखाया गया है: दुनिया का स्वाभाविक तरीका - साम्राज्य का नहीं।

हमें संभवतः पुरुषों या महिलाओं द्वारा सिखाया या पर्यवेक्षण किया गया है कि दुनिया के व्यवसायिक तरीके कैसे हैं...

- निर्णय लें (मस्तिष्क-संचालित)
- ऊपर और नीचे के जोखिम का आकलन करें (अवसर-संचालित)
- मुनाफ़ा बढ़ाएँ और लागत घटाएँ (धन-संचालित)
- उत्पादकता-बढ़ाने वाली नवीनतम प्रणालियों और सॉफ़्टवेयरों को आगे बढ़ाएँ (नवाचार-संचालित)
- नवीनतम व्यावसायिक विचार को एकीकृत करें (विशेषज्ञ-संचालित)
- तेज़ी से निर्णय लें (दबाव-संचालित)

वर्षों, यहाँ तक कि दशकों तक विश्व-आधारित व्यवसाय की ब्रेनवॉशिंग के बाद, पीछे हटना और पवित्र आत्मा से हमें सबसे अच्छा रास्ता दिखाने के लिए कहना स्वाभाविक नहीं है।

यहाँ तक कि कोई सकारात्मक बदलाव (जैसे कि महतवपूर्ण परिवर्तन) करना भी शुरू में हमें बहुत अस्वाभाविक लगता है क्योंकि यह कुछ ऐसा है जो हमने पहले कभी नहीं किया है।

यह ठीक है। एक बार जब आप शुरुआत कर देते हैं और सफलता और यहाँ तक कि अलौकिक परिणाम देखना शुरू कर देते हैं, तो आत्मा-संचालित काम करना आपका स्वाभाविक तरीका हो जाएगा।

3.2. यह स्पष्ट नहीं है

परन्तु मार्था इतनी सेवा करने से विचलित हो गई, और वह उनके पास आकर बोली, "हे प्रभु, क्या आप को परवाह नहीं कि मेरी बहन ने मुझे अकेले सेवा करने के लिए

छोड़ दिया है? इसलिए उससे कहें कि वह मेरी सहायता करे।"

– लूका 10:40

आइए कुछ क्षणों के लिए मार्था के दृष्टिकोण का अध्ययन करें।

मार्था को यह स्पष्ट था कि सभी मेहमानों के लिए भोजन तैयार करने के लिए तत्परता की आवश्यकता थी। बहुत लोग। यीशु शिक्षा दे रहे हैं। लोगों को भूखे लग रही है।

जब तक वे शिक्षण समाप्त करते हैं तब तक सबके लिए एक विशाल भोजन तैयार हो जाना चाहिए... सही? कोई और स्पष्ट क्यों नहीं देख सकता? विशेष रूप से मेरी आलसी, नाकारा बहन, मरियम, जिसे शुरू से ही मदद करनी चाहिए थी, लेकिन जब काम पड़ा है तो वह बाहर बैठी है और यीशु को सुनने में अपना समय बर्बाद कर रही है! उसे यह अच्छी तरह से पता होना चाहिए!

मार्था इस हद तक चली गई कि उसने यीशु की शिक्षा को बाधित कर दिया और यीशु से कहा कि वह मरियम को रसोई के अंदर जाने और मदद करने के लिए कहें।

कल्पना कीजिए कि यीशु की शिक्षा को बाधित करने का दुस्साहस, एक बड़ी भीड़ के सामने मरियम को बुलाना, और फिर यीशु को आदेश देना (क्योंकि वे स्पष्ट रूप से मुझसे सहमत होंगे) कि मरियम को बताएँ कि क्या करना है... वहाँ से उठना और भोजन बनाने में मदद करना!

यह काफी स्पष्ट है... ठीक है?

जो स्पष्ट प्रतीत होता है उसके द्वारा नेतृत्व किए जाना आसान है बजाय इसके कि स्वयं को पवित्र आत्मा के द्वारा उस चीज़ में ले जाया जाए जो इतनी स्पष्ट ना हो।

हमें यह स्पष्ट प्रतीत हो सकता है कि हम दुनिया के तरीके से व्यापार करें...

- अपनी वर्तमान नकदी प्रवाह में सहायता के लिए विक्रेता को भुगतान करने में कुछ दिन बढ़ाना
- उस कर्मचारी को नौकरी से निकाल देना जो हमेशा काम पर देर से आता है
- उस गांव या शहर में विस्तार करना जहाँ बहुत ज़्यादा संभावनाएँ हैं
- कम कीमत वाले नए विक्रेता के लिए दीर्घकालिक विक्रेता का अनुबंध बंद करना
- बजट में कटौती के दौरान प्रशिक्षण बजट को कम या समाप्त कर देना

व्यवसाय में पवित्र आत्मा के नेतृत्व में होना हमेशा सबसे स्पष्ट बात नहीं होती है। आपको यह सीखना होगा कि आत्मा के माध्यम से राज्य के अस्पष्ट तरीकों को कैसे पहचाना जाए।

इस पर बाद में और जानकारी दी गई है।

3.3. यह प्रचलित नहीं है

तब उनके चेलों ने आकर उनसे कहा, क्या आप जानते हैं, कि यह कहावत सुनकर फरीसियों को बहुत बुरा लगा।

– मैथ्यू 15:12

तब उन्होंने ऊँची आवाज़ में चिल्लाकर, उनके कान बन्द कर दिए, और एकचित्तता से उनकी ओर दौड़े; और उन्होंने उन्हें नगर से बाहर निकाल दिया, और उन पर पथराव

किया। और गवाहों ने शाऊल नाम के एक जवान के पांवों पर अपने कपड़े रख दिए।

– **प्रेरितों 7:57-58**

परन्तु जब थिस्सलुनीके के यहूदियों को मालूम हुआ, कि परमेश्वर का वचन पौलुस ने बिरीया में सुनाया है, तो वे वहाँ भी आ गए, और भीड़ को भड़काने लगे।

– **प्रेरितों 17:13**

ये अपेक्षाकृत प्रभावशाली पद सशक्त रूप से एक अधूरे सत्य की ओर इशारा करते हैं: हर कोई खुली बांहों और "हेलेलुजाह!" के नारों के साथ व्यवसाय में पवित्र आत्मा-संचालित आपके आविर्भाव को स्वीकार नहीं करेंगे।

यदि अधिकांश को नहीं, तो बहुतों को, आपकी नई अनुचित बढ़त के बारे में आपके आविर्भाव को समझने में कठिनाई होगी।

कुछ लोग आपका मज़ाक उड़ा सकते हैं या तिरस्कार भी कर सकते हैं। हाँ, व्यवसाय में पवित्र आत्मा के नेतृत्व में चलना इतना अलोकप्रिय हो सकता है कि एक सामान्य अपमान सुनना आम बात हो सकती है, "वे सोचते हैं कि वे परमेश्वर से सुनते हैं!"

लेकिन क्या वास्तव में यही मुद्दा नहीं है?

बाइबिल उन लोगों की एक लंबी और प्रभावपूर्ण कहानी है जिन्होंने परमेश्वर से सुना: आदम, अब्राहम, मूसा, जोसेफ, सैमुअल, डेविड, सोलोमन, यिर्मयाह, यशायाह, एलीशा, सभी प्रेरित, और, विशेष रूप से, स्वयं यीशु।

व्यवसाय में हमारी अनुचित बढ़त को अपनाना हो सकता है कि लोकप्रिय ना हो, लेकिन अपने आप को एक अद्भुत कंपनी में मानें, तब

भी जब कुछ संदेह करने वाले या उपहास करने वाले आपके रास्ते में आ रहे हों।

3.4. यकीन नहीं कि आपका विश्वास बहुत मजबूत है

यीशु ने उससे कहा, "यदि तू विश्वास कर सकता है, तो विश्वास करने वाले के लिए सब कुछ संभव है।" बालक के पिता ने तुरन्त रोते हुए आँसुओं के साथ कहा, "हे प्रभु, मैं विश्वास करता हूँ; मेरे अविश्वास की मदद करें।"

– मरकुस 9:23-24

देखते रहो और प्रार्थना करते रहो, ऐसा ना हो कि तुम प्रलोभन में पड़ो। आत्मा तो बिलकुल तैयार है, परन्तु शरीर दुर्बल है।

–मत्ती 26:41

परन्तु मैंने तुम्हारे लिए प्रार्थना की है, कि तुम्हारा विश्वास हार ना जाए; और जब तुम मेरे पास लौट आओ, तो अपने भाई-बंधुओं को प्रबल करो।

– लूका 22:32

यह मार्ग अवरोधक सबसे चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

कभी-कभी, आप अपने विश्वास की गहराई पर सवाल उठा सकते हैं, खुद से पूछ सकते हैं कि क्या आप इतने मजबूत हैं कि सह सकें। आप स्वयं की तुलना बाइबिल के आध्यात्मिक दिग्गजों-कालेब से लेकर पॉल तक-से करना शुरू कर सकते हैं और तुरंत सोच सकते हैं कि आप कम रह रहे हैं... कि आपका विश्वास सफल होने के लिए उतना मजबूत नहीं है।

यह भी उन प्राथमिक मार्ग अवरोधकों में से एक है जिसे दुश्मन आप पर फेंकना पसंद करते हैं। शैतान ने यीशु पर यह आरोप लगाने का दुस्साहस भी किया (देखें मत्ती 4:3, 5, 8)।

पर्याप्त विश्वास रखने के लिए किस चीज़ की ज़रूरत है?

> तो परमेश्वर ने कहा, "यदि तुम्हारे पास राई के बीज जितना विश्वास है, तो तुम इस शहतूत के पेड़ से कह सकते हो, 'जड़ों से उखाड़े जाओ और समुद्र में स्थापित किए जाओ,' और यह तुम्हारी बात मानेगा।" (लूका 17:6)

मुक्ति के माध्यम से आपका विश्वास आपको यीशु के साथ एक शाश्वत रिश्ते में ले आया**,** स्वर्ग में हमेशा **उनके** साथ रहने का वादा।

इसलिए आपका विश्वास निश्चित रूप से इतना मजबूत है (यहाँ तक कि राई **जितना** भी) कि आप एक आत्मा-संचालित व्यवसायिक लीडर बन सकें।

3.5. डर है कि कहीं आप गलत ना समझ लें

> *और पतरस को यीशु की बात याद आई, जिन्होंने उससे कहा था, कि मुर्गे के बांग देने से पहले तुम मुझे तीन बार इन्कार करोगे। इसलिए वह बाहर गया और फूट-फूटकर रोने लगा।*
>
> **– मत्ती *26:75***

क्या तुम इंसान हो? मैं भी। इसका मतलब है कि हम कभी-कभी परमेश्वर की महिमा से रहित होते हैं (रोमियों 3:23)।

जब आप इस नई यात्रा की शुरुआत करते हैं, रास्ते में आपसे कुछ गलतियाँ होने की संभावना होती है। लेकिन जब आप गलतियाँ करते हैं, तब भी याद रखें, आपको माफ कर दिया जाता है।

> यदि हम अपने पापों को स्वीकार करते हैं, तो वह हमारे पापों को क्षमा करने और हमें सभी अधर्मों से शुद्ध करने में विश्वसनीय और निष्पक्ष हैं। (1 यूहन्ना 1:9)

जब आप व्यवसाय में पवित्र आत्मा के नेतृत्व में रहते हैं, कभी-कभी आप चूक सकते हैं, लेकिन चलते रहें। और जैसे-जैसे आप आगे बढ़ते रहेंगे, धीरे-धीरे आपके द्वारा होने वाली गलतियाँ कम होती जाएँगी क्योंकि उनकी शक्ति आपके अंदर और बढ़ती जाती है।

हमारे गलत होने का कारण यह है कि हम एक गलत आध्यात्मिक चैनल को सुन रहे होते हैं!

जैसे-जैसे आप उनकी आवाज़ को ज़्यादा स्पष्ट रूप से सुनना सीखते हैं, आप शायद ही कभी उस बात को भूल पाएँगे जो वह आपसे आपकी वृद्धि और आपके व्यवसाय की वृद्धि के लिए कह रहे होते हैं।

कभी-कभी गलत होने के डर से पवित्र आत्मा के नेतृत्व में अपनी यात्रा को उत्साहपूर्वक आगे बढ़ाने से ना रोकें।

3.6. आप मजबूत शुरुआत करते हैं लेकिन कमजोर पड़ने लगते हैं

तो उन्होंने कहा, "आओ।" और जब पतरस नाव से उतरा, तो यीशु के पास जाने के लिए पानी पर चल पड़ा। परन्तु जब उस ने देखा, कि हवा बहुत जोर से चल रही है, तो वह घबरा गया; और डूबने से पहले उसने चिल्लाकर कहा, "हे प्रभु, मुझे बचा लो!" और यीशु ने तुरन्त हाथ बढ़ाकर उसे पकड़ लिया, और उससे कहा, "हे अल्पविश्वासी, तुम ने सन्देह क्यों किया?" और जब वे नाव पर चढ़े, तो हवा थम गई।

– मत्ती 14:29-32

बाइबिल में दो लोग पानी पर चले: यीशु और पतरस।

पतरस ने मजबूत शुरुआत की। वह विश्वास के साथ नाव से बाहर निकला, यीशु की ओर देखा और यीशु की बात सुनी। उसने अपने परिवेश पर कोई ध्यान नहीं दिया: प्रचंड पानी, हवा और लहरें।

पतरस ने मजबूत शुरुआत की और फिर जल्द ही कमजोर पड़ गया क्योंकि उसने यीशु के ऊपर से अपनी आँखें हटा लीं।

किसी नए, रोमांचक व्यावसायिक अभियान की मजबूत शुरुआत करना आसान है। एक दो प्रतिशतक (2%ers) व्यक्ति के लिए परमेश्वर के साथ एक नया, रोमांचक व्यापारिक अभियान शुरू करना विशेष रूप से रोमांचक है।

लेकिन एक बार जब आप पूरी तरह से पवित्र आत्मा-संचालित लीडर बनने के लिए प्रतिबद्ध हो जाते हैं, तो पीछे मुड़कर नहीं देखा जा सकता।

क्यों? एक बार जब आप प्रतिबद्ध हो जाते हैं, तो यीशु आपसे अपेक्षा करते हैं कि आप उनका पालन करें।

व्यवसाय में पवित्र आत्मा के नेतृत्व में होना अंत तक आपकी दौड़ में बने रहने के लिए आपकी पूर्ण प्रतिबद्धता की माँग करता है। जैसे कि पॉल ने कहा,

> ...ताकि *मैं अपनी दौड़* आनन्द के साथ *पूरी कर सकूँ*, और वह सेवा जो मुझे प्रभु यीशु से मिली है, परमेश्वर के अनुग्रह के सुसमाचार पर गवाही देने के लिए पूरी कर सकूँ। (प्रेरितों 20:24बी, ओजपूर्ण कथन जोड़ा गया)

मेरे विश्वास के नायकों में से एक कालेब है। जब भी मैं पढ़ता हूँ और इसका अध्ययन करता हूँ तो उनकी कहानी मुझे बहुत उत्साहित कर देती है।

वह 40 वर्ष का था जब उसने और यहोशू ने ईज़राइलियों को वादा किए गए देश में प्रवेश करने और उसे लेने के लिए मनाने की कोशिश की (गिनती 14:7)। केवल वह और यहोशू रेगिस्तान में 40 वर्षों तक जीवित रहे क्योंकि कालेब की एक अलग आत्मा थी (गिनती 14:24)।

80 वर्ष की उम्र में, उन्होंने यहोशू को वादा किए गए देश में ईज़राइलियों की सेनाओं का नेतृत्व करने और एक के बाद एक राज्य जीतने में मदद की। फिर, 45 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद, जब परमेश्वर ने यहोशू को भूमि बाँटने का निर्देश दिया, तो उसने कालेब को उसकी इच्छानुसार कोई भी भूमि लेने की पेशकश की।

कालेब की प्रतिक्रिया मजबूत शुरुआत करने और कमजोर ना पड़ने का एक चमकदार उदाहरण है:

> और अब ध्यान से देखें, यहोवा ने मुझे अपने वचन के अनुसार उन पैंतालीस वर्षों से जीवित रखा है, जब से यहोवा ने मूसा से यह वचन कहा था, जब इज़राइल जंगल में भटकता फिरा करता था; और अब, मैं आज यहाँ हूँ, पच्चासी वर्ष का। मैं आज भी उतना ही बलवान हूँ जितना उस दिन था जब मूसा ने मुझे भेजा था; जैसा उस समय मेरा बल था, वैसा ही अब भी युद्ध के लिए, बाहर जाने और आने, दोनों के लिए मुझ में बल है। इसलिए अब यह पर्वत जिसके विषय में यहोवा ने उस दिन कहा था, मुझे दे दे; क्योंकि उस दिन तुमने सुना, कि वहाँ अनाकी लोग कैसे रहते थे, और नगर बड़े-बड़े और दृढ़ थे। सम्भव है कि यहोवा मेरे साथ रहे, और जैसा कि यहोवा ने कहा था, मैं उन्हें निकाल सकूँगा।" (यहोशू 14:10-12, ओजपूर्ण कथन जोड़े गए)

85 साल की उम्र में, कालेब वही देश चाहता था जो उन दिग्गजों से भरा हो जिनसे अन्य दस जासूस डरते थे (जिसके कारण उन्हें 40 वर्षों तक रेगिस्तान में भटकना पड़ा।)

कालेब उस प्रकार के व्यक्ति हैं जैसा मैं व्यवसाय और जीवन में बनना चाहता हूँ।

यही वह मॉडल हैं जिनका मैं अनुसरण करना चाहता हूँ!

कालेब इस बात का अभूतपूर्व उदाहरण है कि एक मजबूत शुरुआत कैसे करें, मजबूत बने रहें और कमजोर ना पड़ें।

मेरी व्यवसायिक दौड़ अभी खत्म नहीं हुई है। आप ही की तरह, जब मैंने पहली बार आत्मा-संचालित बनने का निर्णय लिया था, तो मैंने मजबूत शुरुआत की। दबावों, अनिश्चितताओं, व्यवसाय में अवसरों को खोया और

यहाँ तक कि मेरे माँस ने भी मेरे मन में संदेह, अनिश्चितता और निराशा को भरने की कोशिश की।

लेकिन मैंने पतरस की तरह ना बनने और नज़रें ना फेरने का फैसला किया। मैंने यीशु पर नज़र रखने और उनकी आत्मा को सुनने का फैसला किया।

मैंने पॉल की तरह अपनी दौड़ पूरी करने का फैसला किया।

मैंने मजबूत शुरुआत करने, मजबूत बने रहने और कमजोर ना पड़ने का फैसला किया... बिल्कुल कालेब की तरह!

मेरी प्रार्थना है कि आप आत्मा-संचालित व्यावसायिक दौड़ में केवल मजबूत बने रहें।

3.7. आप नहीं जानते कि इसे कैसे करें

> *तो उसने कांपते हुए और चकित होकर कहा, "हे प्रभु, आप मुझसे क्या चाहते हैं?" तब यहोवा ने उससे कहा, उठो, और शहर में जाओ, और तुम्हें बता दिया जाएगा, कि तुम्हें क्या करना है।*
>
> **– प्रेरितों 9:6**

पॉल को नहीं पता था कि अपने मंत्रालय में अपनी अनुचित बढ़त का उपयोग कैसे किया जाए। उसे सीखना था कि इसका उपयोग कैसे करते हैं।

जब मैंने पवित्र आत्मा-संचालित व्यवसायी बनने की अपनी यात्रा शुरू की, तो मुझे नहीं पता था कि क्या करना है। बिल्कुल पॉल की ही तरह, मुझे भी सीखना था कि क्या करना है और कैसे करना है।

मैं कभी यह दावा नहीं करूँगा कि व्यवसाय में पूरी तरह से आत्मा-संचालित कैसे हुआ जाए।

लेकिन मैं आपको अपने अनुभव से वो सिखा सकता हूँ जो मैंने अब तक सीखा है।

इसीलिए आप यह किताब पढ़ रहे हैं या सुन रहे हैं।

पवित्र आत्मा ने मुझसे कहा कि मैं आपको वह सिखाने के लिए यह पुस्तक लिखूँ जो उन्होंने मुझे सिखाया है! मैं केवल यही सीख रहा था कि उनके नेतृत्व में कैसे चलना है।

उन्होंने मुझसे कहा, "बिलकुल यही कारण है कि मैं चाहता हूँ कि तुम यह पुस्तक लिखो - मेरे लोगों को वह सिखाओ जो मैंने तुम्हें व्यवसाय में उनका नेतृत्व करने के बारे में सिखाया है।"

मैंने जो सीखा उसमें से कुछ आप पहले ही पढ़ या सुन चुके हैं।

तो चलिए आगे बढ़ते रहें!

3.8. आपके मार्ग अवरोधकों पर काबू पाने की कुंजी

मार्ग अवरोधक (रोडब्लॉक) (संज्ञा): कुछ ऐसा जो प्रगति को रोकता है या किसी उद्देश्य की पूर्ति को रोकता है

हालाँकि उन संभावित मार्ग अवरोधकों को पहचानना महत्वपूर्ण है जिनका सामना आप तब कर सकते हैं जब आप दुनिया-संचालित से आत्मा-संचालित व्यवसायिक लीडर की ओर परिवर्तन करते हैं, लेकिन यह जानना और ज़्यादा महत्वपूर्ण है कि उन्हें दूर कैसे किया जाए।

शत्रु अक्सर आपके व्यवसाय में पवित्र आत्मा को उजागर होने में मार्ग अवरोधकों को लगाएगा। वह सड़क पर छोटे, बड़े और यहाँ तक कि भारी अवरोध पैदा करने के लिए अपने शस्त्रागार में मौजूद हर चीज़ का उपयोग करेगा। वह लागतार आपको उन सात मार्ग अवरोधकों की याद दिलाता

रहेगा जिन पर हमने चर्चा की है और शायद अपने कुटिल आनंद के लिए कुछ और बाधाओं को भी।

उसकी उम्मीद करें।

याद रखें, उसके मार्ग अवरोधक अक्सर अस्थायी (जब तक कि आप उन्हें स्थायी बनने नहीं देते) और अनावश्यक विकर्षण (आपकी सड़क अभी भी आगे बढ़ने योग्य है) होते हैं।

वह आपको अपनी गेम में वापस लाने के लिए, अपने नियमों के तहत व्यवसाय करने के लिए हर संभव प्रयास करेगा।

इन मार्ग अवरोधकों को दूर करने के लिए मैंने जो कुंजी सीखी है, वह है, सबसे पहले, इस शक्तिशाली पद को याद करना:

> *और इस संसार के अनुरूप ना बनो, परन्तु अपने मन के नए हो जाने से तुम बदल जाओ, कि तुम यह सिद्ध कर सको कि परमेश्वर की वह भली, और ग्रहण करने योग्य, और सिद्ध इच्छा क्या है। (रोमियों 12:2)*

फिर से, मैं इसे अपने शब्दों में दोहराता हूँ... कुछ इस तरह:

> मैं इस दुनिया के व्यापारिक तरीकों के अनुरूप नहीं हूँ, बल्कि मैं पवित्र आत्मा के माध्यम से अपने मन को नवीनीकृत करने से बदल पाया हूँ, ताकि मैं अपने व्यवसाय में परमेश्वर की अच्छी, स्वीकार्य और परिपूर्ण इच्छा का नेतृत्व कर सकूँ और जी सकूँ।

कुंजी? अपने मन को नवीनीकृत करें!

लड़ाई आपके मन में शुरू होती है। इसकी शुरुआत इस बात से होती है कि क्या आप पवित्र आत्मा की शक्ति के माध्यम से उन सभी में परिवर्तित होने के इच्छुक हैं या नहीं जो परमेश्वर चाहते हैं कि आप व्यवसाय में हों।

लड़ाई तब समाप्त होती है जब आप यह सीख जाते हैं कि अपने व्यवसाय में पवित्र आत्मा को कैसे उजागर किया जाए।

अगला कदम: आइए हम आपको अपने व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने के लिए पूरी तरह से तैयार करें!

अध्याय 3 अध्ययन मार्गदर्शिका

इन सात मार्ग अवरोधकों में से, किन तीन मार्ग अवरोधकों पर काबू पाना आपके लिए सबसे बड़ी चुनौती है? वे आपके लिए चुनौती क्यों हैं?

1.

2.

3.

इन चुनौतियों को पार करने के लिए आपकी क्या योजना है/आपको क्या कार्यवाही करनी चाहिए?

अपने मार्ग अवरोधकों पर काबू पाने की चुनौती में आपके लिए रोमियों 12:2 का अर्थ क्या है?

4

तैयारी कैसे करें

अपनी बाहर की तैयारी पूरी करें, उसे अपने खेत के लिए तैयार करें; और उसके बाद अपना घर बनाएँ।

– नीतिवचन 24:27

तैयार करने का मतलब है...

- अपने आप को किसी ऐसी चीज़ के लिए तैयार करें जो आप करने वाले हैं, जिसकी आपको उम्मीद है कि वह होगी
- किसी उद्देश्य, उपयोग या गतिविधि के लिए पहले से ही तैयार रहें
- मन की उचित स्थिति बनाए रखें
- पहले से योजना बनाकर रखें
- तैयार हो जाएँ

मैंने छह साल की उम्र में गेम खेलना शुरू कर दिया था। बेसबॉल से लेकर बास्केटबॉल और गोल्फ तक, मुझे जल्दी ही एहसास हो गया कि एक अच्छा खिलाड़ी बनने के लिए सिर्फ़ गेम में भाग लेने से कहीं ज़्यादा कुछ करना पड़ता है। अगर मुझे टीम में जगह बनाने या गेम में खेलने की कोई उम्मीद थी, तो उसके लिए मुझे ठीक से तैयारी करने के लिए समय, ऊर्जा और प्रयास लगाना पड़ा।

जब मैंने गोल्फ खेलना शुरू किया, तो मुझे वह शुरुआती उत्साह याद है जब मेरे पिताजी ने मेरे लिए क्लबों का पहला सेट खरीदा था: एक ड्राइवर, पाँच आयरन, नौ आयरन और एक पुटर। मुझे लगा कि अब मैं अपने पहले स्पोर्ट्स हीरो सैम स्नेड जैसा हो गया हूँ! लेकिन मुझे इस बात का बिलकुल भी पता नहीं था कि अपना पहला राउंड खेलने के लिए कैसे तैयारी करनी होती है।

मेरे पिता ने मुझे नरमी और प्यार से अच्छे से सिखाया कि क्लब को कैसे पकड़ना है, स्विंग का सही रास्ता कैसे बनाना है, कैसे लक्ष्य बनाना है, ध्यान केंद्रित करना है, और आगे बढ़ना है। एक पूर्व अच्छे पेशेवर बेसबॉल खिलाड़ी के रूप में, वह जानते थे कि सही ढंग से तैयारी करनी कितनी महत्वपूर्ण है और उन्होंने गेम के प्रति मेरे प्यार को जगाने में बढ़िया काम किया। (आज, मैं 11 हैंडीकैप के साथ खेलता हूँ, इसलिए मैं किसी भी समय आपके निमंत्रण के लिए तैयार हूँ!)

जैसे-जैसे मैं परिपक्व होता गया, मुझे और भी गहराई से एहसास हुआ कि खेल और जीवन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक केंद्रित और गहन तैयारी की बहुत ज़रूरत होती है।

आपके लिए भी यह अलग नहीं है क्योंकि आप अपने व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उन्मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़ते हैं।

आपको खुद को तैयार करना होगा।

आपको अपने मन और आत्मा को अपनी यात्रा में अपने अगले कदम के लिए तैयार करने के लिए आवश्यक समय और ऊर्जा का निवेश करना होगा।

यहाँ पाँच ऐसे क्षेत्र दिए गए हैं जिनमें आपको अपने व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने के लिए तैयारी करने की ज़रूरत है।

4.1. यह प्रार्थना से कहीं अधिक है

> मूसिया पहुँचने के बाद उन्होंने बितूनिया में जाने की कोशिश की, लेकिन आत्मा ने उन्हें इसकी इजाज़त नहीं दी।
>
> **– प्रेरितों 16:7**

क्या आप इस पद के शीर्षक से थोड़ा चौंक गए हैं? प्रार्थना से बढ़कर कोई चीज़ कैसे हो सकती है? क्या प्रार्थना **अति** महत्वपूर्ण चीज़ नहीं है जो हम विश्वासियों के रूप में करते हैं?

कृपया समझें कि मैं किसी भी तरह से प्रार्थना की शक्ति को कम **नहीं** आंक रहा हूँ! व्यवसाय में आत्मा द्वारा निर्देशित होने से जुड़ी हर चीज़ प्रार्थना से शुरू होती है। प्रार्थना को कभी भी दूसरी श्रेणी की आध्यात्मिक व्यावसायिक रणनीति नहीं माना जाना चाहिए।

साथ ही यह भी समझें कि व्यवसाय में परमेश्वर की आत्मा द्वारा पूरी तरह से निर्देशित होना प्रार्थना से कहीं अधिक है। क्यों?

बहुत से मामलों में, यहाँ तक कि पूरी तरह से प्रतिबद्ध दो प्रतिशतकों (2%ers) के साथ भी, प्रार्थना करना एक पहले से निर्धारित की गई कैलेंडर गतिविधि है... बस दैनिक गतिविधियों की सूची में एक और करने के लिए काम। आपके व्यवसाय के लिए प्रार्थना बन जाती है, "ठीक है, सुबह के 6:45 हो गए हैं... यह कुछ मिनटों के लिए प्रार्थना करने का समय है।" बस एक चेक बॉक्स।

इसी तरह, आपके व्यवसाय के लिए प्रार्थना अक्सर इस तरह से होती है, "ओह नहीं, मैं भूल गया... मुझे काम पर जाने से पहले प्रार्थना करनी है।"

सबसे खराब स्थिति में, प्रार्थना एक हताश, आखिरी मिनट की "भगवान-कृपया-हमारे-व्यवसाय-को-बचाएँ" रणनीति बन जाती है।

हाँ, मैं मानता हूँ कि उपरोक्त तीनों बातें मैं करता हूँ। और आप? भले ही आप और आपकी टीम एकाग्र प्रार्थना समय में महत्वपूर्ण समय, ऊर्जा और विश्वास का निवेश करें (और आपको ऐसा करना चाहिए), केवल प्रार्थना ही कार्यस्थल पर हमारी अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त की पूरी शक्ति को उन्मुक्त करने के लिए पर्याप्त नहीं है।

अपनी अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को उजागर करने के लिए तैयार होना, प्रार्थना से कहीं अधिक है - यह सम्पूर्ण आध्यात्मिक जागरूकता है!

आध्यात्मिक रूप से जागरूक रहें

पवित्र आत्मा हमेशा आपके अंदर और आपके आस-पास काम करती रहती है, सूक्ष्म और प्रत्यक्ष दोनों तरीकों से। हमेशा।

जब आप अपनी अनुचित प्रतिस्पर्धी व्यावसायिक बढ़त को उजागर करने की तैयारी करते हैं, तो इस आध्यात्मिक जागरूकता के दो प्राथमिक स्तर होते हैं।

स्तर 1: व्यक्तिगत आध्यात्मिक जागरूकता

आध्यात्मिक रूप से जागरूक होना इस बात की जानबूझकर की जाने वाली जाँच से शुरू होता है कि पवित्र आत्मा आपके अंदर कैसे काम कर रही है। आप अपनी व्यक्तिगत जागरूकता की शुरुआत इस तरह के सवालों के जवाब देकर कर सकते हैं...

- पवित्र आत्मा आज मुझसे क्या कह रही है?
- पवित्र आत्मा आज मुझसे किसके साथ संपर्क करने के लिए कह रही है?
- मुझे क्या लगता है कि पवित्र आत्मा मुझे भविष्य में क्या करने के लिए निर्देशित कर रही है?

इसी समय, 15 मिनट का समय निकालकर इन सवालों के जवाब लिखें। एक शांत जगह पर बैठकर इन पर मनन करें। अभी क्यों? यह आपकी तैयारी का पहला बड़ा कदम है... अपनी व्यक्तिगत आध्यात्मिक जागरूकता को बेहतर बनाने के लिए ताकि आप सुन सकें कि पवित्र आत्मा आपसे अभी क्या कह रही है।

इस पेज का प्रिंटआउट लें और अपने विचार लिखें।

पवित्र आत्मा आज मुझसे क्या कह रही है?

पवित्र आत्मा आज मुझसे किसके साथ संपर्क करने के लिए कह रही है?

मुझे क्या लगता है कि पवित्र आत्मा मुझे भविष्य में क्या करने के लिए निर्देशित कर रही है?

हर रोज़ अपने आप से ये तीन प्रश्न पूछें। जैसे-जैसे आप ऐसा करते जाएँगे, आप अपनी व्यक्तिगत आध्यात्मिक जागरूकता में तेज़ी से और अधिक सजग होते जाएँगे।

स्तर 2: व्यावसायिक आध्यात्मिक जागरूकता

जब एक बार आप अपनी व्यक्तिगत आध्यात्मिक जागरूकता को विकसित और परिष्कृत कर लेते हैं, तो फिर आप व्यावसायिक आध्यात्मिक जागरूकता पर भी ध्यान केंद्रित कर सकते हैं।

यहाँ एक व्यक्तिगत उदाहरण दिया गया है। कुछ वर्ष पहले, मुझे एक दो प्रतिशतक (2%ers) व्यवसायी से मिलने के लिए आमंत्रित किया गया था, जो एक बड़े से दफ़्तर की बिल्डिंग की एक मंजिल को पट्टे पर लेते, और फिर अपने अतिरिक्त स्थान को अन्य ईसाई व्यवसायिकों को उप-पट्टे पर दे देते। जब मैं पहली बार उनके दफ़्तरों से गुज़रा, तो मुझे एक व्यापक दुष्ट आत्मा का आभास हुआ। मैंने उनसे पूछा कि इस दफ़्तर की जगह का पिछला किरायेदार कौन था। उन्होंने कहा कि यह प्लैन्ड पेरेंटहुड का एक बड़ा दफ़्तर था, जो अमेरिका का एक संगठन है जो खुले तौर पर शिशुओं के गर्भपात को बढ़ावा देता है। हमने तुरंत प्रार्थना करना शुरू कर दिया, दफ़्तरों का अभ्यंजन किया और इन जगहों के आस-पास की दुष्ट आत्माओं को हटा दिया।

मुझे स्तर 1: व्यक्तिगत आध्यात्मिक जागरूकता के अभ्यास में कई साल लग गए, इससे पहले कि मैं इसे स्तर 2: व्यावसायिक आध्यात्मिक जागरूकता पर लागू करना सीख पाता।

यहाँ बताया गया है कि आप पवित्र आत्मा द्वारा पूरी तरह से नेतृत्व किए जाने के लिए कैसे तैयार हो सकते हैं, इसे सीखने के अपने समय को कैसे कम कर सकते हैं।

फिर से, यहाँ कुछ प्रश्न दिए गए हैं जिन्होंने मुझे इस बारे में जागरूक होने में मदद की है कि पवित्र आत्मा मेरे व्यवसाय के अंदर और उसके माध्यम से कैसे आगे बढ़ रही है। मैं आपसे इन सुविचारित पूछे गए व्यावसायिक आध्यात्मिक प्रश्नों के बारे में अपनी अंतर्दृष्टि को रिकॉर्ड करने के लिए **इसी समय** 15 मिनट का समय निकालने का आग्रह करता हूँ।

मैं अपने व्यवसाय में पवित्र आत्मा को कहाँ घूमता हुआ महसूस करता हूँ?

इस वर्तमान स्थिति में पवित्र आत्मा किस प्रकार आगे बढ़ रही है?

पवित्र आत्मा मेरे व्यवसाय में और उसके आसपास किसका नेतृत्व कर रही है?

सहकर्मी - मैनेजर, सुपरवाइजर, फ्रंट-लाइन कर्मचारी और अस्थाई कर्मचारी

ग्राहक - स्थानीय, राष्ट्रीय, वैश्विक

घटक - विक्रेता, आपूर्तिकर्ता, निदेशक मंडल, प्रशंसक जो ग्राहक नहीं हैं

समुदाय - भौगोलिक क्षेत्र जहाँ हम सेवा प्रदान करते हैं

किन आगामी गतिविधियों, परियोजनाओं, संचार या व्यापारिक लेनदेन में मुझे अधिक आत्मा-संचालित होने की आवश्यकता है?

पुरस्कार

समय के साथ, आप अपने और अपने व्यवसाय के लिए अधिक से अधिक व्यक्तिगत और व्यावसायिक आध्यात्मिक जागरूकता की तलाश में और ज़्यादा सुविचारित बनेंगे। आपके इस किताब को यहाँ तक पढ़ने से, परमेश्वर पहले से ही आपके साथ इस पर काम कर रहे हैं कि आप उनसे और भी ज़्यादा कैसे जुड़ें।

अक्सर मेरी सुविचारित प्रार्थना के समय के बाद, मैं सचमुच खुशी से रोता हूँ क्योंकि वह अपनी महिमा के लिए मेरे आस-पास के लोगों को कैसे प्रभावित कर रहे हैं और मुझे उनकी योजना का हिस्सा बनने की अनुमति दे रहे हैं!

सच कहूँ तो, मेरे व्यक्तिगत और व्यावसायिक आध्यात्मिक ध्यान ने मेरे द्वारा किए जाने वाले किसी भी अन्य काम की तुलना में साम्राज्य के प्रभाव के प्रति मेरी प्रतिबद्धता को पुनर्जीवित किया।

इसके ज़रिए, मुझे पता है कि मुझे कोई नहीं रोक सकता!

देखिए, यह प्रार्थना से कहीं बढ़कर है। और भी बहुत ज़्यादा!

जब आप प्रार्थना को सुविचारित रूप से व्यक्तिगत और व्यावसायिक आध्यात्मिक जागरूकता के साथ जोड़ते हैं, तो आपने अपनी अनुचित प्रतिस्पर्धी बढ़त को उजागर करने के लिए खुद को तैयार करने की दिशा में पहला कदम उठा लिया है!

4.2. यह एक आवाज़ से कहीं ज़्यादा है

> *तब [शिमोन] आत्मा के सिखाने से मन्दिर में आया। और जब माता-पिता बालक यीशु को भीतर लाए, कि उनके लिए रीति अनुसार व्यवस्था करें...*
>
> **–लूका 2:27**

और देखो, अब मैं [पौलुस] आत्मा में बन्धा हुआ यरुशलम को जा रहा हूँ, और यह नहीं जानता कि वहाँ मेरे साथ क्या-क्या घटित होगा।

–प्रेरितों 20:22

हममें से अधिकांश लोग **प्यार** से चाहेंगे कि परमेश्वर की आवाज़ जलती हुई झाड़ी (निर्गमन 3:1), एक विशाल बादल (मत्ती 17:5), या यहाँ तक कि एक गधे (गिनती 22:28) के माध्यम से हमसे सुनाई देने वाले स्वर में बात करें।

बाइबिल में कुछ ऐसे उदाहरण हैं जहाँ लोगों ने अपने भौतिक कानों से परमेश्वर की आवाज़ सुनी है। लेकिन ये नियम से ज़्यादा अपवाद थे। और यह आज भी सच है।

क्या पवित्र आत्मा आपसे सुनाई देने वाली आवाज़ में बात कर सकती है? बिल्कुल। क्या वह अक्सर ऐसा करती है? मेरे मामले में तो नहीं, निश्चित रूप से। क्यों नहीं?

क्योंकि वह मेरे अंदर ही रहती है! जब उनकी आत्मा पहले से ही मेरे अंदर रह रही है, तो उन्हें मुझसे संवाद करने के लिए मेरे कानों में प्रवेश करने वाली भौतिक ध्वनियों का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है।

उनकी आवाज़ सुनना किसी भौतिक आवाज़ का इंतज़ार करने से कहीं ज़्यादा है - यह सीखना है कि मेरे भीतर पहले से ही रहने वाली उनकी आत्मा के साथ बेहतर तरीके से कैसे संपर्क किया जाए।

परमेश्वर आपसे बात कर रहे हैं

हालाँकि आप शायद यह मानते होंगे कि परमेश्वर आपसे बात करने में सक्षम हैं, फिर भी आप खुद को यह कहते हुए पाते हैं, "मैं उन्हें *सुन* ही नहीं पाता। मुझे नहीं लगता कि वह मुझसे *बात* कर रहे हैं।"

अब, कुछ मुफ्त सलाह: **ऐसा दोबारा कभी ना कहें! कभी नहीं!**

मेरा विश्वास करो जब मैं यह कहता हूँ कि परमेश्वर वास्तव में तुमसे बात करते हैं।

यदि ईश्वर सर्वव्यापी हैं, तो इसका मतलब है कि वह हर जगह, हर समय मौजूद रहते हैं।

यदि ईश्वर सर्वज्ञ हैं, तो वह सब कुछ जानते हैं। जो हुआ है, जो हो रहा है, और जो कभी होगा।

यदि उनकी आत्मा आप में रह रही है, और वह सदैव आपके आस-पास रहती है, तो इसका मतलब आप उनकी उपस्थिति से घिरे हुए हैं।

मान लीजिए कि आपका जीवनसाथी, बेटा या बेटी हमेशा आपके आस-पास रहे, हर जगह आपके साथ खड़े रहे, हर मीटिंग में, हर यात्रा पर। क्या आपको पता होगा कि वे वहाँ हैं? बेशक, आपको पता होगा। आप उनकी उपस्थिति को तब भी महसूस कर सकते थे, जब वे आपसे बात नहीं कर रहे होते। इसी तरह, ईश्वर अपनी उपस्थिति के माध्यम से आपसे बात करते हैं, जिसे मैं "आंतरिक ज्ञान" कहना पसंद करता हूँ।

आंतरिक ज्ञान

आंतरिक ज्ञान एक अंदरूनी अंतर्ज्ञान है जो मानसिक, भावनात्मक या शारीरिक इंद्रियों से परे जाता है। यह एक आध्यात्मिक प्रेरणा या आग्रह है।

कोई सुनाई देने वाली आवाज़ सुने बिना भी आप बस यह जान लेते हैं कि यह ईश्वर हैं।

आप बस इतना जानते हैं कि आपको पता है।

क्या आपने कभी खुद से या किसी और से कहा है, "मुझे *पता* था कि मुझे वो नहीं करना चाहिए था," या "मुझे *पता* था कि मुझे वो करना चाहिए था"? या शायद, "मुझे *पता* था कि यह एक बुरा निर्णय था, लेकिन फिर भी मैंने ऐसा किया"?

आपको कैसे पता था? वह कौन था जो आपको यह करने या ना करने के लिए कह रहा था?

दो प्रतिशतक (2%ers) व्यक्ति के रूप में, यह काफी संभव है कि आपका आंतरिक ज्ञान आपके अंदर रहने वाली पवित्र आत्मा से आया हो। यह वही स्थिर, छोटी, सुनाई ना देने वाली आवाज़ है जिसे हम सुनना चाहते हैं (1 राजा 19:12)।

मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि आत्मा को सुनने के लिए सुनाई देने वाली आवाज़ों या जलती हुई झाड़ियों की तलाश ना करें। यह आपके आध्यात्मिक कानों को सुनने के लिए प्रशिक्षित करने के बारे में है।

अपनी अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को उजागर करना एक आवाज़ सुनने से कहीं ज़्यादा है।

4.3: **पूरे मन से करें**

परन्तु मेरा दास कालेब, क्योंकि उसमें एक अलग आत्मा है, और वह पूर्ण रूप से मेरे पीछे चला है, इसलिए मैं उस देश में जहाँ वह गया, पहुँचाऊँगा, और उसके वंशस उसे विरासत में पाएँगे।

– गिनती 14:24

"***पूरे मन से***" का अर्थ है,

- किसी काम को करने, किसी का समर्थन करने आदि के बारे में कोई संदेह या अनिश्चितता ना होना या दिखाना।
- पूरी तरह और ईमानदारी से समर्पित, दृढ़निश्चयी या उत्साही

- पूर्ण, गंभीर प्रतिबद्धता द्वारा चिह्नित
- संकोच या झिझक से मुक्त

कालेब बाइबिल में मेरे पसंदीदा नायकों में से एक है। उसे और यहोशू को 12 जासूसों में से दो के रूप में वादा किए गए देश की खोज करने और मूसा के पास एक रिपोर्ट लाने के लिए नियुक्त किया गया था। 10 अन्य लोग इस हद तक डर से भर गए थे कि वे मूसा को जॉर्डन पार करवाने और भूमि लेने के लिए उकसाने के लिए यहोशू और कालेब को मारना चाहते थे।

हालाँकि, यहोशू और कालेब ने प्रभु के वादों पर विश्वास किया और पूरे दिल से उनकी सेवा की, वे प्रभु के आदेश पर आक्रामक होने के लिए तैयार थे।

आपके व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने की आपकी यात्रा मूर्खों के लिए नहीं है! एक बार जब आप इसे अपना लेते हैं, तो आपको अपने पूरे दिल से आगे बढ़ना चाहिए, मन में बिना कोई बात रखे आत्मा के नेतृत्व में आगे बढ़ना चाहिए।

कोई दो कश्तियों में सवारी नहीं

देखो, मैंने आज तुम्हारे सम्मुख जीवन और मृत्यु, समृद्धि और विनाश रख दिया है। मैं आज तुम्हें आदेश देता हूँ कि यहोवा अपने परमेश्वर से प्रेम करो, उनके मार्ग पर चलो और उनके आदेशों, विधियों और नियमों का पालन करो, तुम जीवित रहो और बढ़ते रहो। और यहोवा तुम्हारे परमेश्वर तुम्हें उस देश में आशीर्वाद देंगे जिसे अपना बनाने के लिए तुम वहाँ जा रहे हो। ...मैं आज आकाश और पृथ्वी को तुम्हारे विरूद्ध साक्षी करके

बुलाता हूँ, कि मैंने तुम्हारे सम्मुख जीवन और मृत्यु, आशीष और शाप रखा है; इसलिए जीवन चुनो।

– व्यवस्थाविवरण 30:15-16,19

ईश्वर ने हमें एक स्पष्ट विकल्प दिया है: उनका रास्ता या दुनिया का रास्ता। उन्होंने हमें जवाब भी दिया।

लेकिन यह हमारी पसंद है, उनका नहीं।

यहाँ मेरी अपनी पेशेवर यात्रा से एक स्वीकारोक्ति है और मैं प्रार्थना करता हूँ कि इससे आपको मदद मिले।

एक युवा किशोर के रूप में बचाए जाने के बाद, मैं धीरे-धीरे प्रभु और मसीह के शरीर से दूर हो गया। चर्च में जाने के बजाय रविवार को बेसबॉल खेलने से 16 साल की उम्र में धीरे-धीरे मेरी गिरावट शुरू हो गई। जब मैं पूरी तरह से प्रभु के पास वापस आया, तो मैं लगभग 40 साल का था, ठीक उसी समय जब मैंने अपना वर्तमान व्यवसाय शुरू किया था।

अपने नए व्यवसाय के पहले दशक में, मैंने कई व्यावसायिक पुस्तकें लिखीं, जिनमें से कुछ अत्यधिक सम्मानित, पुरस्कार विजेता पुस्तकें भी रहीं।

फिर, प्रभु ने मुझ पर अपना कार्य शुरू किया। व्यवसाय के पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष पक्ष पर चलना नहीं था जहाँ मुझे लगा कि वे मुझे चलाना चाहते हैं। इसलिए मैंने निर्णय लिया... दो कश्तियों में सवार होने का!

कई वर्षों तक, मैंने एक पैर दुनिया के व्यवसाय करने के तरीके में और दूसरा पैर ईश्वर के व्यवसाय करने के तरीके में रखने का प्रयास किया। मैंने पादरी सम्मेलनों में बोलना शुरू किया और पादरी कर्मचारियों को ठोस, बाइबिल-आधारित प्रबंधन प्रथाओं में प्रशिक्षित किया। मैंने कई चर्चों में रविवार की सेवाओं का भी प्रचार किया।

हालाँकि, उस समय दो कश्तियों में सवार होने वाला बनना काफी अच्छा लग रहा था, 2009 में, भगवान ने मुझसे स्पष्ट रूप से कहा (सुनाई

देने वाली आवाज में नहीं बल्कि एक शक्तिशाली आंतरिक ज्ञान के रूप में), "पूरी तरह से मेरी तरफ आओ।"

मेरे लिए यह स्पष्ट था कि मुझे एक विकल्प चुनना था: या तो दोनों कश्तियों में सवारी करते रहो या पूरी तरह से वह सब करो जो मैं ईश्वर और उनकी महिमा के लिए करता हूँ।

हालाँकि, इसमें मुझे कुछ हफ़्ते लग गए, आख़िरकार मैंने समर्पण कर दिया और चिल्लाते हुए कहा, "परमेश्वर... जो भी हो, जहाँ भी हो!" आप मुझसे जो भी करवाना चाहते हैं और जहाँ भी आप मुझसे करवाना चाहते हैं, मैं वह करूँगा।"

यह था वो पल जब मैं पूरी तरह से यीशु के प्रति समर्पित हो गया। उनकी इच्छा। उनका तरीका।

यही वह पल था जहाँ मैंने अपने व्यवसाय के माध्यम से परमेश्वर के लिए पूरे दिल से जीने और काम करने का फैसला किया।

आपकी व्यावसायिक यात्रा बहुत कम उतार-चढ़ाव वाली हो सकती है। लेकिन परिणाम वही होना चाहिए... कि आप खुशी-खुशी अपने व्यवसाय में परमेश्वर के लिए पूरे दिल से समर्पित हो जाएँ।

ये आपकी पसंद है। अपने आप को पूर्ण रूप से परमेश्वर के हवाले करना या नहीं। लेकिन मैं आपको चेतावनी देता हूँ कि आप जो भी करते हैं उसमें आधे-अधूरे मन से काम करना आपकी विपत्ति का कारण बनेगा और आपका पतन होगा।

> मैं तुम्हारे कामों को जानता हूँ, कि तुम ना तो ठंडे हो और ना ही गरम। अच्छा होता कि तुम ठंडे या गर्म होते। अब क्योंकि तुम गुनगुने हो, और ना ठंडे हो, ना गरम हो, मैं तुम्हें अपने मुँह से उलटी के ज़रिये निकालूँगा। (प्रकाशित वाक्य 3:15-16)

आपके व्यवसाय में दो कश्तियों में सवार होना कैसे दिख सकता है? इसमें शामिल हो सकते हैं...

- दिन में प्रार्थना करने से डरना क्योंकि कोई आपको देख सकता है
- किसी पल को कोसना, फिर अगले ही पल ईश्वर की स्तुति करना
- अपने बिज़नेस कार्ड पर इस आशा के साथ एक पद छापना कि लोग सोचेंगे कि आप एक सच्चे ईसाई हैं
- ईश्वर की शाश्वत सच्चाइयों के बजाय व्यवसाय की नवीनतम और बेस्ट प्रैक्टिस पर भरोसा करना
- विक्रेताओं को देर से भुगतान करना ताकि आप अपनी कमाई पहले प्राप्त कर सकें

यदि इनमें से कोई आपको आपकी सच्चाई की याद करवाता है, तो अच्छा है। ये आपका अपमान करने के इरादे से नहीं दिए गए हैं, बल्कि आपको इन और अन्य क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से उनकी इच्छा की तलाश करने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि आप अपने व्यवसाय में पूरे दिल से प्रभु के लिए जी सकें।

एक चुनौती

अब इस किताब को एक दिन, एक सप्ताह या कुछ और समय के लिए एक तरफ रखने और सुविचारित "चिंतन समय" (प्रार्थना और उपवास में शांत समय) में निवेश करने का एक अच्छा समय होगा ताकि प्रभु से अपने हृदय को पूरे मन से आपके बाज़ार में कालेब बनने के लिए तैयार करने को कहा जा सके!

आगे बढ़ें। इस किताब को बंद करें। मैं तब भी यहीं रहूँगा, जब आप प्रभु से यह वादा कर लेंगे कि आप अब आगे से दो कश्तियों में सवार नहीं होंगे!

इसे अपना सब कुछ दे दें

और जो कुछ भी आप करें, मन से करें, यह समझकर कि मनुष्यों के लिए नहीं, परन्तु प्रभु के लिए; यह जानकर कि वह प्रभु ही हैं जिनसे आप विरासत का प्रतिफल पाएँगे; क्योंकि आप प्रभु मसीह की सेवा करते हैं।

– कुलुस्सियों 3:23

वापसी पर स्वागत है! मैं प्रार्थना करता हूँ कि आपका चिंतन समय एक शक्तिशाली संघर्ष था जो आपके लिए स्पष्टता, शांति और उत्साह लेकर आया।

अब, आइए अपने व्यवसाय में पूरे मन से लगे रहने के दूसरे तरीके का अध्ययन करें–उसे अपना सब कुछ देने के लिए, आपका सब कुछ!

यह सरल लेकिन फिर भी अत्यंत मुश्किल है। मुझे इस सच्चाई को प्रदर्शित करने में मदद के लिए एक और व्यक्तिगत कहानी साझा करने के लिए प्रेरित किया गया है।

मैंने पाँच साल की उम्र में संगठित बेसबॉल खेलना शुरू किया और मैं तुरंत एक पिचर बनना चाहता था। एक पिचर के रूप में, आप नियंत्रण में होते हैं। आपको गेंद जोर से फेंकने को मिलती है। आपके टीम के साथी आप पर निर्भर करते हैं। आपको जीत के लिए ज़्यादा मान्यता मिलती है और साथ ही हार के लिए भी जितने के आप हकदार हैं उससे कहीं ज़्यादा दोष। बीस की उम्र तक मैंने संगठित लीगों में पिच करना जारी रखा। यह केवल एक जुनून से कहीं ज़्यादा था।

हाई स्कूल बेसबॉल खेलने के चार वर्षों में, मेरा पिचिंग रिकॉर्ड 23-7 था (23 गेमें जीती और केवल 7 हारी)। जो बिल्कुल भी बुरा नहीं है।

हाई स्कूल पास करने के बाद, मैंने राज्य के अन्य शीर्ष खिलाड़ियों के साथ एक बहुत ही प्रतिस्पर्धी समर लीग में खेला।

वर्ष के अंत में होने वाला टूर्नामेंट सिंगल-एलिमिनेशन, विनर-टेक्स-आल इवेंट था जिसमें हमें क्षेत्रीय टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए दो गेमें जीतने की आवश्यकता थी।

कोच ने पहली गेम को पिच करने के लिए मुझे चुना और दूसरी गेम को पिच करने के लिए मेरे एक हाई स्कूल के सहपाठी को - हम उसे "स्टीव" कहेंगे, हालाँकि वह उसका असली नाम नहीं है। मैंने पहली रात पूरे खेल के दौरान पिचिंग की - एक लंबी, गहन गेम - और हम जीत गए। हम 40 मील गाड़ी चलाकर घर पहुँचे और अगली रात पूरे राज्य की सबसे सर्वश्रेष्ठ टीम से खेलने के लिए वापस लौटे।

जब हम स्टेडियम में पहुँचे तो स्टीव वहाँ नहीं था। खेल से एक घंटा पहले, हमें पता चला कि उसने पिच पर ना आने का फैसला किया है। हमन कभी नहीं जान पाए कि उसने ऐसा क्यों किया। उससे वास्तव में कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं टीम का सर्वश्रेष्ठ और एकमात्र शेष शुरुआती पिचर था। आमतौर पर, एक शुरुआती पिचर को दूसरी गेम शुरू करने से पहले 3-4 दिन का आराम मिलता है। पिचर का हाथ थका हुआ होता है और उसे थकान दूर कर फिर से जीवंत होने की ज़रूरत होती है।

मेरी बाजु और मेरा शरीर अभी भी पिछली रात से थके हुए थे।

कोच के पास यह पूछने के अलावा कोई विकल्प नहीं था, "जिम, क्या तुम आज रात जा सकते हो?"

आपको यहाँ पीछे की थोड़ी कहानी जानने की ज़रूरत है। स्टीव और मैं वर्षों तक एक-दूसरे के खिलाफ और एक-दूसरे के साथ खेले। हम बहुत मैत्रीपूर्ण प्रतिस्पर्धी थे, ऐसे साथी जो एक-दूसरे को और बाकी समुदाय को यह साबित करने में लगे हुए थे कि हम में से कौन बेहतर पिचर है। स्टीव लोगों का चहीता था, द कूल गाय, और मैं निश्चित रूप से नहीं था। वह

एक फास्टबॉल वाला शीर्ष बाएँ हाथ का खिलाड़ी था। मैं एक कर्वबॉल (और एक औसत दर्जे की फास्टबॉल) वाला दाएँ हाथ का खिलाड़ी। एथलीटों के रूप में, हमारे बीच अच्छे व्यक्तिगत संबंध थे लेकिन हम दोनों अपनी टीम की जीत के लिए पूरी तरह से समर्पित थे।

उस रात हम जिस टीम से खेल रहे थे, उससे मैं कभी नहीं जीता था। इससे पहले, मैं हाई स्कूल और समर लीग में अपने करियर के दौरान उनसे पाँच गेमें हार चुका था। वे मुझसे नहीं डरते थे, परन्तु मैं भी उनसे डरता नहीं था।

इसलिए, उस रात मेरे में काफी उत्तेजना थी! मैं उस टीम को हराना चाहता था, लगातार दो गेम जीतना चाहता था और यह दिखाना चाहता था कि सबसे अच्छा सहखिलाड़ी कौन है। (जो अभिमान मैं दिखा रहा था उसके लिए मुझे क्षमा करें।)

मैंने खेल शुरू किया और पूरी टीम जीत के लिए पूरी तरह उत्साहित थी!

पाँच पारियों के बाद हम 4-2 से आगे थे। जैसे ही मैंने छठी पारी (हमने इस लीग में केवल सात पारी की गेम खेली) की शुरुआत करने के लिए डगआउट से माउंड की ओर कदम बढ़ाया, कोच ने पूछा, "तुम कैसे हो, जिम?" वह बता सकते थे कि मैं थक गया था; मेरी औसत फ़ास्टबॉल थोड़ी कमज़ोर थी, और मेरी कर्वबॉल थोड़ी ऊपर जा रही थी।

बेशक, मैंने कहा, "जी, कोच... मैं ठीक हूँ," और फिर हमेशा की तरह तेज़ी से माउंड की ओर दौड़ा।

वह जानते थे कि क्या होने वाला है और उन्हें जल्द ही क्या करने की ज़रूरत होगी। मैंने भी ऐसा ही किया, लेकिन मुझे इसे एक आखिरी मौका देना था।

खैर, आप अंदाजा लगा सकते हैं कि क्या हुआ होगा। दूसरी टीम ने मुझे पीटना शुरू कर दिया, पूरे बेसबॉल मैदान पर सिंगल और डबल मारना शुरू कर दिया।

इस तरह की अधिकांश गेमों में, हालाँकि मेरी ऊर्जा खत्म हो गई थी, मैं आमतौर पर बल्लेबाज को पॉप-अप, ग्राउंड-आउट या फ्लाई-आउट करने में सक्षम था। लेकिन इस बार नही। मैं पूरी तरह से थक चूका था।

90 डिग्री के मौसम में पिछले 24 घंटों की 12.5 पारियों में पिचिंग करने ने मेरा हाल खराब कर दिया था।

गेम में पहली बार अब दूसरी टीम आगे थी। कोच के पास मुझे खेल से बाहर करने के अलावा कोई विकल्प नहीं था।

जैसे ही कोच माउंड की ओर बढ़े, मैंने कुछ ऐसा किया जो मैंने अपने खेल के पूरे जीवन में कभी नहीं किया था।

मैं रोने लगा।

कल्पना कीजिए... एक हाल ही में हुआ स्नातक, 18 वर्षीय हाई स्कूल बेसबॉल टीम का सबसे मूल्यवान खिलाड़ी, जिसका करियर 23-7 के रिकॉर्ड पर है, माउंड पर खड़ा है और रो रहा है!

फिर भी मुझे शर्म नहीं आई। मेरे आँसू मेरी आत्मा में यह जानते हुए आ रहे थे कि मैंने सब कुछ दे दिया है। मैंने मैदान पर कुछ भी नहीं छोड़ा। मैंने अपने मन और आत्मा को इसमें पूरी तरह से डाल दिया था, अपने साथियों को अपना सब कुछ दे दिया था और जीतने के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया था।

हालाँकि अंतिम स्कोरकार्ड ने संकेत दिया कि मैं रिकॉर्ड के अनुसार एक हारने वाला पिचर था, लेकिन असली मायनों में, मैं विजेता था।

मेरे पिताजी स्टैंड से गेम देख रहे थे और एक दूसरे खिलाड़ी के पिता भी। मेरे दोस्त के पिता मेरे पिता की ओर मुड़े और कहा, "मैंने जिम को बहुत सारी गेमें खेलते देखा है, लेकिन मुझे जिम पर आज रात से ज़्यादा गर्व कभी नहीं हुआ।"

मेरे पिताजी ने उत्तर दिया, "ना ही मैंने कभी, एड। ना ही मैंने कभी।"

अंत में, जब आप पूरे दिल से उसकी सेवा करेंगे, तो आप यह ना समझें कि मैं यह कहानी अपने बारे में डींगें हाँकने के लिए बता रहा हूँ। नहीं, बल्कि, मैं यह कहानी आपको प्रोत्साहित करने के लिए साझा कर रहा

हूँ कि हमारे प्रभु यीशु को आप पर सबसे ज़्यादा गर्व होगा जब आप पूरे मन से उनकी सेवा करेंगे, अपना सब कुछ देंगे और अपने व्यवसाय में उनकी महिमा के लिए वह सब कुछ करेंगे जो आप कर सकते हैं।

जीतेंगे, और आपको अपनी विरासत का इनाम मिलेगा (कुलु. 3:23)।

इसलिए, अपने व्यवसाय के माध्यम से पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने की अपनी यात्रा में, आपको अपने हृदय में पूरे मन से उनकी सेवा करने का लक्ष्य रखना चाहिए!

इसलिए, जब पवित्र आत्मा आपको जाने या ना जाने, खरीदने या ना खरीदने, बेचने या ना बेचने, उस अनुबंध पर हस्ताक्षर करने या ना करने, उस व्यक्ति को काम पर रखने या ना रखने के लिए कहती है... वह जो कुछ करने को कहे, वह करो।

पूरे मन से!

4.4. प्रभु पर भरोसा रखें

> *तुम अपने सम्पूर्ण मन से परमेश्वर पर भरोसा रखो, और अपनी समझ का सहारा मत लेना; अपने सभी कार्यों में उन्हें स्वीकार करो, और वह तुम्हारे पथ का निर्देशन करेंगे।*
>
> **– नीतिवचन 3:5-6**

चेतावनी: इस शाश्वत सत्य को खारिज ना करें!

एक आस्तिक के रूप में, आपने अक्सर इस पद को सुना होगा और संभवतः इसे मेरी तरह ही याद कर लिया होगा।

हमें कुछ समय के लिए इस पद पर विचार करने की आवश्यकता है, क्योंकि यह आपके व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने के केंद्र में है।

आइए इस पद के पाँच मुख्य घटकों को सावधानीपूर्वक विभाजित कर के शुरुआत करें।

प्रभु पर भरोसा रखें

विश्वास को "किसी व्यक्ति या वस्तु के चरित्र, क्षमता, शक्ति या सच्चाई पर आश्वस्त निर्भरता" के रूप में परिभाषित किया गया है।
मुझे ये "आश्वस्त निर्भरता" वाक्यांश बेहद पसंद है।
यदि आप बचाए गए हैं, तो आप पहले से ही अपने उद्धार के लिए प्रभु पर भरोसा करते हैं। आपके पास यह सुनिश्चित विश्वास है कि प्रभु अपने वादे के प्रति सच्चे हैं। आप आत्मविश्वास से उन पर अपना भरोसा रखते हैं।
भगवान पर हमारा भरोसा भी एक आश्वस्त निर्भरता है कि वह वास्तव में हमारे व्यवसायों के माध्यम से हमारे लिए शुरू किए गए अच्छे काम को पूरा करने के लिए वफादार होंगे।

अपने पूरे दिल से

यही वह जगह है जहाँ हम में से बहुत से लोग फंस जाते हैं या झिझकते हैं। आप देखेंगे कि सुलैमान ने, क्योंकि पवित्र आत्मा के दिव्य विलेपन के तहत यह पद लिखा था, यह नहीं कहा कि ईश्वर चाहते हैं कि आप..

- “अपने सारे धन के लिए मुझ पर भरोसा करें!”
- "अपनी सभी व्यावसायिक योजनाओं के लिए मुझ पर भरोसा करें!"

- "अपने सभी बाज़ार अनुसंधानों के लिए मुझ पर भरोसा करें!"
- “अपने पूर्ण दिमाग से मुझ पर भरोसा करें!”
- “अपनी सभी भावनाओं के लिए मुझ पर भरोसा करें!”

यह सूची तो अनंत तक जारी रह सकती है, लेकिन आप समझ गए होंगे।

अपने आप को यह याद दिलाना महत्वपूर्ण है कि व्यवसाय में आप जो कुछ भी करते हैं वह सब आपके मन से जुड़ा होता है। यह सब इस बारे में होता है कि आप किस प्रकार से ईश्वर को उसकी महिमा के लिए अपने हृदय को प्रभावित करने, असर करने और ढालने की अनुमति देते हैं। फिर भी, अक्सर व्यवसाय जगत का दबाव आपको घेर लेता है, आपके प्रतिस्पर्धी आप पर हमला कर देते हैं, बाज़ार आपके प्रति शत्रुतापूर्ण हो जाता है, आपकी सप्लाई चेन आपको चुनौती देती है और यहाँ तक कि आपके कर्मचारी भी आपको अस्वीकार कर सकते हैं।

अपने मन पर नियंत्रण खोना और एक बिज़नेस लीडर के रूप में अपनी देह में लौटना आसान है। यही कारण है कि यह पद और अभ्यास का यह कदम आपकी सफलता और आपके व्यावसायिक महत्व के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। हर चीज़ आपके मन पर वापस आती है और इन सभी के लिए परेमश्वर पर भरोसा करना... केवल रविवार वाले भाग में ही नहीं।

अपनी स्वयं की समझ पर निर्भर ना रहें

मेरे पास सभी उत्तर नहीं हैं और ईमानदारी से कहूँ तो आपके पास भी नहीं है। यहाँ तक कि जब हम सोचते हैं कि हमारे पास हैं, तब भी हमारे निष्कर्ष अक्सर अधूरे, गुमराह करने वाले और लागू करने में कठिन होते हैं।

दो दशकों तक, मैंने देखा कि व्यवसाय में मेरी भूमिका किताबों, मुख्य भाषणों, कोचिंग और सलाह के माध्यम से जानकारी को पढ़ना, अध्ययन

करना, विश्लेषण करना और यह साझा करना था - कि बड़ी कंपनियों ने कैसा किया और इतना अच्छा कैसे किया। इन वर्षों में, कई ग्राहकों ने मुझसे कहा, "मुझे इसकी परवाह नहीं है कि कोई और व्यवसाय विशेषज्ञ क्या सोचता है; **आप** जो सोचते हैं मैं उसके लिए आपको पैसे भर रहा हूँ!" मेरी अपनी नज़र में ज्ञानी बनना आसान था।

यहाँ तक कि मेरी सभी पुरस्कार विजेता किताबों और प्रभावशाली ग्राहक सूची के बावजूद, मुझे पता था कि मैं वास्तव में इतना नहीं जानता था। मैं यह आशा करता था कि कोई भी मेरे मुखौटे से यह पता ना लगा सके कि मैं कितना कम जानता हूँ, क्योंकि इससे मेरा व्यवसाय बर्बाद हो जाता।

बिल्कुल मेरी तरह, आप भी कभी, वह सब कुछ समझ नहीं पाएँगे जो आपको अपने व्यवसाय को उस शाश्वत प्रभाव की ओर बढ़ाने के लिए जानना आवश्यक है जो ईश्वर आपके द्वारा करवाना चाहते हैं।

अपने सब कार्यों में उन्हें स्वीकार करें

"सब" का क्या मतलब है?

इसका मतलब है... *सब* !

सब का मतलब सब है। हिस्सा नहीं। थोड़ा नहीं। केवल प्रार्थना में सभा शुरू करना नहीं। केवल और ज़्यादा वृद्धि के लिए प्रार्थना करना नहीं। केवल मुसीबत, वित्तीय संकट, या कर्मचारी की चोट के समय ही उन्हें नहीं बुलाना।

सब... मतलब सब।

सब।

मैं स्पष्ट बात क्यों दोहराऊँ? कभी-कभी, जो स्पष्ट है वह इतना स्पष्ट नहीं है। हम जानते हैं कि हमें सब के लिए प्रभु पर भरोसा रखना चाहिए। मुझे अपने परिवार, अपनी शादी और अपने बच्चों के साथ... यहाँ तक कि अपने चर्च की सेवा करते हुए भी ऐसा करना आसान लगता है।

लेकिन मैं स्वीकार करता हूँ कि, इन वर्षों में, मुझे अपने व्यवसाय में सब के साथ संघर्ष करना पड़ा। अब मैं कह सकता हूँ कि यीशु वास्तव में मेरे सारे व्यवसाय के मालिक हैं। अब जब वह पूरी तरह से सब कुछ चलाते हैं, मुझे अपनी समझ पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। अब मैं पूरी तरह से उनकी समझ पर निर्भर रहता हूँ।

वह हमारे पथ का निर्देशन करेंगे

शब्द *"करेंगे"* को ऐसी चीज़ के रूप में परिभाषित किया गया है जिसके भविष्य में घटित होने की उम्मीद है। प्रभु ने यह नहीं कहा...

- हो सकता है कि वह करें
- जब उनके पास समय होगा
- जब आप उनकी अच्छी सूची में शामिल हो जाएँ
- केवल तभी जब इसे संभालना आपके लिए बहुत कठिन हो जाए
- जब वह इसके बारे में सोचें
- जब उनका मन करे
- आपके आध्यात्मिक परिपक्वता के एक निश्चित स्तर तक पहुँचने के बाद

इसे ज़ोर से कहें: "वह मेरा पथ निर्देशित करेंगे!"

फिर से कहें।

चलिए। अब आपके आस-पास कोई नहीं है। फिर से कहें!

आपके पथों का निर्देशन... एक परम प्रतिफल!

आपको अपने आंतरिक ज्ञान के माध्यम से जो कुछ भी सुनाई देता है उस पर भरोसा करना चाहिए और संदेह नहीं करना चाहिए।

4.5. कवच पहने लें

अंत में, मेरे भाइयों, परमेश्वेर और उनकी शक्ति में मजबूत बनें। परमेश्वर के सभी कवच पहन लें, ताकि आप शैतान की चालों के सामने खड़े रह सकें। क्योंकि हम माँस और लहू के विरुद्ध नहीं, परन्तु रियासतों के विरुद्ध, शक्तियों के विरुद्ध, इस युग के अंधकार के शासकों के विरुद्ध, स्वर्गीय स्थानों में दुष्टता के आध्यात्मिक यजमानों के विरुद्ध लड़ते हैं। इसलिए परमेश्वर का पूरा कवच पहन लें, कि आप बुरे दिन के दौरान उसका सामना कर सकें, और सब कुछ करने के बाद, स्थिर खड़े रहने के लिए।

– इफिसियों 6:10-13

शैतान इस संसार का राजकुमार है। व्यवसाय के तंत्र पर उसका प्राथमिक नियंत्रण है। जैसे ही आप अपनी अनुचित बढ़त को उजागर करेंगे, दुश्मन आपके पीछे आएगा! इस बात को मान लें।

काइल विंकलर की आकर्षक किताब, साइलेंस सैटन: शटिंग डाउन द एनिमीज़ अटैक्स, थ्रेट्स, लाइज़ एंड एक्यूज़ेशंस में, **वे कहते हैं**,

> मसीह की वर्दी के हिस्से के रूप में हमें जो हथियार दिए गए हैं, वे हमारी सोच में मदद करते हैं। शैतान हमारे जीवन में इस तर्क के साथ आता है कि ईश्वर हमारा उपयोग क्यों नहीं कर सकते, हम कभी ठीक क्यों नहीं होंगे, या हमारे कुछ पाप इतने बड़े क्यों हैं कि उन्हें माफ नहीं किया जा सकता। ये वे संदेह और निराशाएँ हैं जिनका

> उपयोग वो हमें सफल जीवन से दूर रखने के लिए बाधाओं के रूप में करता है।[1]

यही बातें हमारे व्यावसायिक जीवन के बारे में भी कही जा सकती हैं। जैसे ही आप अपने बाज़ार में अपनी अनुचित बढ़त का लाभ उठाना शुरू करते हैं, दुश्मन के पास जो कुछ भी है वह सब कुछ आपके और आपकी पूरी टीम पर फेंक देगा।

पौलुस के कवच के वर्णन में, मैं चाहता हूँ कि आप तीन महत्वपूर्ण विचारों पर ध्यान केंद्रित करें:

1: संपूर्ण कवच

आंशिक कवच बेकार है। कल्पना कीजिए कि एक सैनिक अपने हेलमेट, पिटठू, जूते या हथियार के बिना युद्ध में प्रवेश कर रहा हो। इसी तरह, एक दो प्रतिशतक (2%er) की कल्पना करें जो बाज़ार के युद्धक्षेत्र में प्रवेश कर रहा है, जो कि बिना संपूर्ण कवच को पहने दुश्मन द्वारा नियंत्रित है और दुश्मन के हर हमले के लिए तैयार है।

संपूर्ण कवच के छह भाग हैं...

- **सत्य की बेल्ट** - शब्द, जिस पर अन्य हथियार लगे हुए हैं
- **सीने का कवच** - हृदय और आत्मा की रक्षा करने और अपने दुश्मन को एक चमकदार प्रतीक के रूप में दिखाई देने के लिए
- **मोक्ष का हेलमेट**- मन, कान और विचारों की रक्षा के लिए

- **शांति के सुसमाचार के जूते** - मजबूती से खड़े रहने और पकड़ ना खोने के लिए तैयार जूते
- **विश्वास की ढाल** - दुश्मन के उग्र तीरों को रोकने और पूरे शरीर को हमलों से बचाने के लिए
- **आत्मा की तलवार** - परमेश्वर का वचन**,** आक्रमण का एकमात्र हथियार

पौलुस की सलाह है कि केवल एक या दो भाग नहीं, बल्कि पूरे कवच को पहनें। पूर्ण सुरक्षात्मक गियर के बिना, आप दुश्मन के सामने अपने सबसे कमजोर हीस्से को हमले के लिए खोल देंगे, जो हमले के लिए उसकी विशिष्ट रणनीति है।

इस बात को समझे कि पाँच भाग सुरक्षात्मक गियर हैं; केवल एक ही आक्रमणकारी हथियार है। यदि यह आपके ऊपर और आपके व्यवसाय पर होने वाला एक संभावित आध्यात्मिक युद्ध है, तो आप हमले के लिए केवल एक हथियार तक ही सीमित क्यों हैं? पढ़ते रहें।

2: खड़े रहना

पौलुस के संपूर्ण कवच के वर्णन में चार बार (इफिसियों. 6:10-20), वह कहते हैं कि हमें खड़े रहना चाहिए, लड़ना नहीं। यह मेरे लिए दिलचस्प है, आखिर क्यों हमें हथियारबंद होना चाहिए लेकिन लड़ना नहीं चाहिए?

विंकलर इस बात की एक शानदार अंतर्दृष्टि प्रदान करते हैं कि पौलुस हमें खड़े रहना क्यों सीखाते हैं। वह सीखाते हैं कि संपूर्ण कवच धारण करने का उद्देश्य है...

> ...कि ईश्वर की शक्ति में ताकत ढूँढें ताकि आप खड़े रह सकें। वह (पौलुस) लड़ने के लिए हथियार पहनने के लिए नहीं कहते हैं, बल्कि यह कहते हैं कि ईश्वर में आप उन बुरी ताकतों के खिलाफ मसीह में अपनी पहचान बनाए रख सकते हैं जो आपको नष्ट करना चाहती हैं।[2]

जैसे ही आप कवच पहन लेते हैं, आप यह महसूस करेंगे कि आप युद्ध में जाने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, बल्कि आप दुश्मन की चालाकियों और धोखे के सामने खड़े (यह फिर से ... खड़ा रहना) करने के लिए खुद को परमेशवर की शक्ति में ढाल रहे हैं।

3: चालाकी

ईडन की वाटिका में, दुश्मन ने ईव और एडम (जनरल 3) को धोखा देने के लिए सूक्ष्म झूठ और धोखे फैलाए। उसने अपने 40 दिनों के प्रलोभन के दौरान यीशु के साथ भी यही प्रयास किया (मत्ती 4)। 6,000 वर्षों में दुश्मन की रणनीति नहीं बदली है। वह आपके साथ भी ऐसा ही करेगा।

वह आपके लिए ऐसे विचार और सुझाव लाएगा जिनमें शामिल हो सकते हैं...

- "आप यह नहीं कर सकते।"
- "आपके पास टीम या संसाधन नहीं हैं।"
- "यह आपके द्वारा आज़माई गई सबसे पागलपंती भरी हरकत है।"

- "यह आपके व्यवसाय को बर्बाद कर देगा।"
- “आपके साथ कोई नहीं चलेगा।”
- "क्या आपका दिमाग फिर गया है?"
- “आपके प्रतिस्पर्धी क्या सोचेंगे?”
- "आप बहुत सारा पैसा और यहाँ तक कि अपना व्यवसाय भी खो देंगे।"
- "कोई भी आपका अनुसरण नहीं करेगा।"
- "आप इतने मजबूत लीडर नहीं हैं कि इसे पूरा कर सकें।"
- “क्या आप सचमुच आश्वस्त हैं कि यह ईश्वर की ओर से है? क्या आपको यकीन है?"
- "आप इस बारे में गंभीर नहीं हैं... क्या आप हैं?"
- "आप बस इस पागल व्यवसायिक किताब को पढ़ रहे हैं और विशेषज्ञ-संचालित होने की गलती कर रहे हैं जैसा कि मूर्ख लेखक कहता है।"

आप इसमें बहने लगते हैं।

और इनमें से कई परमाणु बमों की तुलना में दुश्मन के हल्के तोपखाने हैं जिन्हें आप अनुभव कर सकते हैं।

आप पर हमेशा हमला नहीं किया जाएगा, लेकिन जैसे ही अब आप एक आत्मा-संचालित व्यवसायिक लीडर बनना शुरू करते हैं, आपको पूरी तरह से तैयार होने और कवच पहनने की ज़रूरत होगी।

यही कारण है कि जब आप अपनी अनुचित प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त को उजागर करने की तैयारी करते हैं तो यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि आप प्रतिदिन पूर्ण, संपूर्ण कवच पहनें ताकि आप अपनी नहीं, बल्कि मसीह की शक्ति के माध्यम से खड़े रह सकें।

यह उस पुरानी कहानी की तरह है जो हम सभी ने चर्च में उस बुजुर्ग महिला के बारे में सुनी है जो शैतान को अपने दरवाजे पर दस्तक देते हुए देखती है। फिर वह शांति से घूमती है और ज़ोर से कहती है, "यीशु, यह आपके लिए है!"

एक और बात: दुश्मन को भागना होगा

इसलिए ईश्वर को समर्पित हो जाएँ। शैतान का विरोध करें, और वह आप से दूर भाग जाएगा।

– जेम्स *4:7*

जब आप यीशु के नाम पर दुश्मन को अपना व्यवसाय छोड़ने का निर्देश देते हैं, तो उसे उसका पालन करना ही होगा! उसके पास और कोई विकल्प नहीं है!

पूर्ण विराम!
कोई नहीं!
इसलिए,

- शैतान से उसके मैदान में मत लड़ें। उसे याद दिलाएँ कि वह पहले ही हार चुका है, उसका विरोध करें और उसे भागना ही होगा; उसके पास और कोई विकल्प नहीं है!

- अपनी मानसिक क्षमता से आध्यात्मिक युद्ध ना लड़ें। इसे वचन के साथ लड़ें, ठीक यीशु की तरह (मत्ती 4:1-11)।
- अपने पीछे आने वाले दुश्मन के विचार से स्वयं को भयभीत ना होने दें, "क्योंकि वह जो आप में है, वह उस से जो जगत में है, ज़्यादा महान है" (1 यूहन्ना 4:4)।
- दुश्मन को अपने या अपनी टीम के आस-पास ना फटकने दें। उसे जाने का निर्देश दें, और वह चला जाएगा!

संक्षेप में, याद रखें...

- यह प्रार्थना से बढ़कर है।
- यह एक आवाज से कहीं ज़्यादा है।
- पूरे मन से रहें।
- ईश्वर में विश्वास करें।
- हर दिन कवच पहनें।

एक बार जब आप तैयारी के इन पाँच चरणों को अपना लेते हैं, तो आप अपने व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने के लिए आगे बढ़ने के लिए तैयार होते हैं।

इन चरणों को लापरवाही से ना पढ़ें या छोड़ें नहीं। अपनी प्रतिस्पर्धी बढ़त में उतरने से पहले उन्हें अपने दिल और आत्मा में गहराई से दबा लें। ऐसा करने से, आप पवित्र आत्मा को अपने

व्यवसाय के माध्यम से अपनी उपस्थिति प्रकट करने के लिए एक ठोस आधार देते हैं!

सामूहिक चर्चा

सीधे इसमें कूदने के बजाय पवित्र आत्मा के नेतृत्व में रहने के लिए खुद को तैयार करने का समय निकालना क्यों महत्वपूर्ण है?

व्यक्तिगत और व्यावसायिक जागरूकता के प्रश्नों पर आपके जवाब क्या थे?

तैयारी का कौन सा चरण इस समय आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण है? क्यों?

[1] **काइल विंकलर**, *Silence Satan: Shutting Down the Enemy's Attacks, Threats, Lies, and Accusations* (**लेक मैरी**, **एफएल**: **पासियो**,, 2014), 150.

[2] **पूर्वोक्त**., 142.

5

अपनी अनुचित बढ़त को उजागर करें

परन्तु तुम सामर्थ तब पाओगे जब पवित्र आत्मा तुम में समाएगी।

– प्रेरितों 1:8ऐ

आपने महत्वपूर्ण परिवर्तन करने का निर्णय ले लिया है। आप संभावित बाधाओं को जानते हैं। आपने आगे जो होने वाला है उसके लिए खुद को तैयार कर लिया है।

अब, आप तैयार हैं!

यह अनुभाग आपको आपकी अनुचित बढ़त को उजागर करने के लिए छह कुंजियों के माध्यम से मार्गदर्शन करेगा। मेरा सुझाव है कि

आप इन्हें क्रम से लागू करें, क्योंकि ये स्वाभाविक रूप से एक दूसरे पर आधारित होकर एक शक्तिशाली प्रक्रिया बन जाते हैं।

यहाँ बताया गया है कि मैं आपको इस अनुभाग को कैसे लागू करने का सुझाव देता हूँ।

सबसे पहले, बिना नोट्स बनाए सभी छह कुंजियों को पढ़ें। उनके द्वारा उत्पन्न प्रवाह, सामग्री और गति को महसूस करें।

दूसरा, प्रत्येक अनुभाग को एक-एक करके पढ़ें, और प्रत्येक अनुभाग में दिए छोटे अभ्यासों को पूरा करें। मेरा सुझाव है कि आप प्रतिदिन एक अनुभाग पर ध्यान केंद्रित करें। बहुत तेज़ी से ना बढ़ें। पवित्र आत्मा को इन सच्चाइयों को आपकी आत्मा में गहराई से समाहित करने दें।

तीसरा, एक बार जब आपने पवित्र आत्मा को इन सच्चाइयों को सुदृढ़ करने की अनुमति देने के लिए पर्याप्त समय ले लिया है, तब आप अध्याय 6, "इसे जारी रखें" पर आगे बढ़ने के लिए तैयार हो पाएँगे।

5.1. अभ्यास

> *अभ्यास* (v): *किसी कार्य में बेहतर होने के लिए उसे बार-बार करना; अपने जीवन के एक सामान्य हिस्से के रूप में (कुछ) नियमित रूप से या लगातार करना।*

अपने व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने की पहली कुंजी है अभ्यास करना।

जिसने भी प्रतिस्पर्धी खेल खेला है वह अभ्यास की परम ज़रूरत को समझता है। किसी भी खेल में पेशेवर खिलाड़ी सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए गंभीर, पसीना बहाने वाले, कठिन अभ्यास में सैकड़ों, यहाँ तक कि हज़ारों घंटे निवेश करते हैं।

व्यवसाय में, व्यावसायिक प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम कर्मचारियों को काम पर प्रशिक्षण निष्पादित करने के लिए छोड़ने से पहले बहुत अभ्यास कराते हैं। पेशेवर सर्विस कंपनियाँ सेवा प्रतिनिधियों द्वारा अपना पहला वास्तविक ग्राहक कॉल लेने से पहले ग्राहक कॉल को संभालने के तरीके में बड़ी मात्रा में अभ्यास के समय में निवेश करती हैं। प्रोफेशनल सेल्स ट्रेनर सेल्सपर्सन को संभावित ग्राहकों को सुनने और उनके करीब आने का तरीका सिखाने के लिए अभ्यास के लिए मॉक इंटरव्यू आयोजित करते हैं।

मेरी किताब, द इम्पैक्टर: ए पैरेबल ऑन ट्रांसफॉर्मेशनल लीडरशिप में, मैं सिखाता हूँ कि आत्मविश्वास (आपकी क्षमता में विश्वास) क्षमता (समय के साथ विकसित आपके कौशल की गहराई) से आता है। आप जितना अधिक अभ्यास करेंगे, आप उतने ही अधिक सक्षम बनेंगे। आप जितने अधिक सक्षम बनेंगे, आपको अपनी क्षमता पर उतना ही अधिक विश्वास होगा।

यह बात यहाँ भी सच है जब हम अपने व्यवसायों में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करना चाहते हैं।

अभ्यास करने के तीन बेहतरीन तरीके यहाँ दिए गए हैं: साक्षी को पहचानें, छोटी शुरुआत करें, और उसे बेहतरीन बनाएँ।

साक्षी को पहचानें

आपके पादरी या शिक्षक एक शक्तिशाली सत्य साझा करते हैं, और आपकी अंतरात्मा आपसे कुछ कहती है, "हाँ! यह अच्छी बात है! यह सही है!" आप इसे ज़ोर से भी कह सकते हैं जैसा कि मैं अक्सर करता हूँ!

जब पवित्र आत्मा कोई सत्य सुनती है, तो वह आपके अंदर उसकी पुष्टि करती है। आपकी आत्मा अभी-अभी बोले गए सत्य को महसूस करती है।

वह आपकी आंतरिक साक्षी है।

वही आत्मा जो चर्च की सेवा के समय में आपकी साक्षी बनती है, काम के दौरान भी वह आपके लिए उपलब्ध होती है।

अपने अंदर के साक्षी को महसूस करने का अभ्यास जारी रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है, भले ही आप पहले से ही अपने अंदर पवित्र आत्मा के संपर्क में हों।

हम कभी भी आपके आंतरिक साक्षी को बहुत अधिक महसूस करने का अभ्यास नहीं कर सकते!

काम के उस समय पर विचार करें जब आपका साक्षी - वह आंतरिक ज्ञान - पूर्ण शांति में था। क्या यह तब था जब आपने...

- अपना व्यवसाय शुरू किया?
- कोई बड़ा प्रोजेक्ट लॉन्च किया?
- और ज़्यादा लोगों को काम पर रखा?
- उप-ठेकेदारों को बदला?
- एक बड़ा उपकरण खरीदा?

- उस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए?
- किसी कर्मचारी को काम को आगे बढ़ाने और अपनी क्षमता के अनुसार काम करने की चुनौती दी?
- किसी सलाहकार या कोच के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए?

फिर, कई बार आप पीछे मुड़कर देखते हैं और कहते हैं, "मुझे पता था कि मुझे ऐसा *नहीं* करना चाहिए था:"

- अपना व्यवसाय शुरू करना?
- उस बड़े प्रोजेक्ट को लॉन्च करना!
- ज़्यादा लोगों को काम पर रखना!
- उप-ठेकेदारों को बदलना!
- वह बड़ा उपकरण खरीदना!
- उस अनुबंध पर हस्ताक्षर करना!
- उस कर्मचारी को काम को आगे बढ़ाने की चुनौती देना!
- उस सलाहकार या कोच के साथ काम करना!

इन सभी मामलों में, इस बात की अत्यधिक संभावना है कि पवित्र आत्मा आपके अंदर काम करने के लिए पहले से ही तैयार थी, आपको सही निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही थी और आपको गलत निर्णय लेने से रोकने के लिए चेतावनी दे रही थी।

साक्षी की लगातार पहचान करने के लिए एक केंद्रित, सुविचारित प्रयास की ज़रूरत होती है। यदि आप सुविचारित नहीं हैं, और हर अच्छे व्यावसायिक निर्णय की पुष्टि के लिए पवित्र आत्मा की आंतरिक गवाही की तलाश में हैं, तो आप जल्दी ही दुनिया के नेतृत्व में चलने वाले सभी तरीकों में वापस चले जाएँगे।

जितना ज़्यादा आप अभ्यास करेंगे, साक्षी की पहचान करना उतना ही आसान हो जाएगा।

छोटी शुरुआत करें

हमारी दिन भर की रोटी आज हमें दें।

– मत्ती *6:11*

यदि आप पवित्र आत्मा की आवाज़ को समझने के बारे में सीखना शुरू कर रहे हैं तो अभ्यास करने का यह तरीका एक शानदार तरीका है। मैं आपको एक उदाहरण देता हूँ कि छोटी शुरुआत करना कितना आसान है। जब मैंने पहली बार अभ्यास की इस अवधारणा को सीखा, तो मैंने छोटी शुरुआत की। मेरा एक अनुभव इस समय सामने आता है।

मैं अक्सर व्यवसायों और चर्च समूहों से हमारी अनुचित बढ़त के बारे में बात करता हूँ। मेरे सबसे लोकप्रिय और सबसे ज़्यादा याद किए जाने वाले अभ्यास उदाहरणों में से एक रेस्तरां में खाने का ऑर्डर देना है। यह है जो मैं सिखाता हूँ।

हम सभी का एक पसंदीदा रेस्तरां होता है जहाँ की हम एक या दो चीजें पसंद करते हैं। अगली बार जब आप उस रेस्तरां में जाएँ,

तो जो आप हमेशा ऑर्डर करते हैं (अपने पसंदीदा में से एक) उसे ऑर्डर करने के बजाय, रुकें, मेन्यू को देखें, और पवित्र आत्मा से पूछें, "आप मुझे क्या ऑर्डर करने का सुझाव देते हैं?"

अगली बार जब आप किसी रेस्तरां में जाएँ तो मैं आपको इसका अभ्यास करने का सुझाव क्यों देता हूँ?

- पवित्र आत्मा आपके पसंदीदा भोजन को पहले से ही जानती है।
- वह मेन्यू में आपके पसंद के अन्य भोजन के बारे में भी जानती है जो शायद आप भी नहीं जानते होंगे!
- वह खराब, अस्वस्थ या कीटाणुओं से भरा खाना ऑर्डर करने से भी आपको रोक सकती है।

हाल ही में मैंने अपने घर के पास वाले चर्च में एक उपदेश दिया और उनकी आवाज़ सुनने का अभ्यास करने के एक सरल तरीके के रूप में इस रेस्तरां में ऑर्डर करने वाले उदाहरण का उपयोग किया। अगले रविवार को, एक युवा महिला जिसने मेरा उपदेश सुना वह एक साक्षी के साथ मेरे पास दौड़ के आई।

उसने मुझे बताया कि उसका पेट बहुत ही नाजुक है और अधिकांश खाद्य पदार्थों से रिएक्शन होने के कारण उसे बहुत ज़्यादा दर्द होता है और कई दिनों तक असुविधा भी रहती है। मेरी बात सुनने के बाद वो और उसने पति अपने पसंदीदा रेस्तरां में गए। वही रेस्तरां क्यों? वह जानती थी कि उनके मेन्यू में दो ऐसी चीजें शामिल हैं जिससे उसने पेट में दर्द नहीं होगा।

लेकिन इस बार, उसने मेन्यू को देखा और पवित्र आत्मा से पूछा, "ठीक है, मैं आज जिम द्वारा सिखाई गई बातों का अभ्यास करने जा रही हूँ। पवित्र आत्मा, मुझे क्या आर्डर करना चाहिए?"

उसने जोखिम उठाया और इस निर्णय में पवित्र आत्मा पर भरोसा किया।

जब वह अपनी बात के इस क्षण पर पहुँची, तो उसकी आँखें चमकने लगीं, उसके चेहरे पर एक बड़ी मुस्कान आ गई, और वह जोरजोर से कहने लगी-, "मैंने कुछ ऐसा ऑर्डर किया जो मैंने पहले कभी नहीं किया था और मुझे कोई रिएक्शन नहीं हुआ! अब मैं जानती हूँ कि मैं किसी भी रेस्तरां में जा सकती हूँ और पवित्र आत्मा मुझे अच्छा और स्वादिष्ट खाना दिखाएगीं। आपने मेरे लिए खाने के विकल्पों की एक बिल्कुल नई दुनिया खोल दी है"!
वह बेहद खुश थी।

बेशक, यह मैं नहीं था जिसने यह किया; एक छोटी शुरुआत के माध्यम से यह उसका पवित्र आत्मा पर भरोसा करना था।

तो आप अपने काम में एक छोटी सी शुरुआत कैसे कर सकते हैं? कुछ तरीकों में पवित्र आत्मा से पूछना शामिल हो सकता है:

- "क्या मुझे इस व्यक्ति से आज या किसी और समय मिलना चाहिए?"
- "क्या मुझे इस मीटिंग में भाग लेना चाहिए?"
- "क्या मुझे इस ग्राहक को कॉल करना चाहिए?"
- "क्या मुझे इस सेवा या उत्पाद को अपने व्यवसाय में जोड़ना चाहिए?"
- "क्या मुझे यह अभी करना चाहिए या बाद में?"

- "क्या मुझे कल जल्दी आना चाहिए या इस परियोजना को पूरा करने के लिए आज देर रात तक रुकना चाहिए?"

इस बुनियादी सूची में हम दर्जनों और जोड़ सकते हैं, लेकिन आप समझ गए होंगे। छोटी शुरुआत करने की संभावनाएँ अनंत हैं।

मैं आपको अभ्यास करने और अपने अंदर के साक्षी को पहचानने में आत्मविश्वास हासिल करने के लिए छोटे, कम जोखिम वाले अवसरों से शुरुआत करने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। मुझ पर विश्वास करें... वह आपके द्वारा सुविचारित तरीके से उसे ढूँढने का आनंद उठाएगी और जैसे-जैसे आप अभ्यास करेंगे, वह खुद को आपके सामने और ज़्यादा प्रकट करेगी।

बेहतरीन बनाएँ

आप बहुत ज़्यादा आध्यात्मिक शोर से घिरे हुए हैं। शैतान हर समय आपसे बात करने की कोशिश कर रहा है, आप पर उस दुनिया से लगातार शोर और संदेशों की बमबारी कर रहा है जिसे वह नियंत्रित करता है।

जैसे ही आप अभ्यास करना शुरू करेंगे, आपको कुछ सफलताओं ("वह भोजन ऑर्डर करें") और कुछ विफलताओं का अनुभव होगा। हम अक्सर अपनी सफलताओं से ज़्यादा अपनी असफलताओं से सीखते हैं। अपने अभ्यास के माध्यम से, हमें बेहतरीन बनना सीखना होगा - अर्थात, अपनी सफलताओं से उतना ही या उससे भी कहीं अधिक सीखना चाहिए जितना कि हम अपनी असफलताओं से सीखते हैं। मैं अपनी दो सबसे महत्वपूर्ण जीवन कहानियों को साझा करने के लिए पवित्र आत्मा के नेतृत्व में हूँ, जिनसे मुझे अपने अंदर काम

करने वाली पवित्र आत्मा की आवाज़ को बेहतर ढंग से समझने के लिए अपने आध्यात्मिक कानों को बेहतर बनाने में मदद मिली।

सबसे पहले, मुझे बड़ी सफलता साझा करने दीजिए। आप इसे अपने हाथों में पकड़े हुए हैं!

हालाँकि मैं द इम्पैक्टर श्रृंखला की अनुवर्ती किताब लिखना लगभग समाप्त कर चुका था, लेकिन मेरे सामने एक रूकावट आ गया। सबसे पहले, मुझे यकीन नहीं था कि रूकावट स्वयं लगाई गई थी या आत्मा द्वारा नियुक्त की गई थी

मैंने तुरंत समझ लिया कि यह आत्मा का साक्षी था, ना कि मेरे शरीर की या शैतान की ।(अभ्यास)

एक सुबह, जब मैं पवित्र आत्मा से पूछ रहा था कि मुझे क्या करना है, तो उन्होंने मुझसे कहा (सुनाई देने वाली आवाज़ में नहीं बल्कि उस आंतरिक ज्ञान में), "व्यवसाय में मेरे लोगों को यह सिखाने के लिए एक किताब लिखो कि मैंने तुम्हें मेरी आवाज़ सुनना कैसे सिखाया।"

मैंने तुरंत वह किताब एक तरफ कर दी जो मैं लिख रहा था और लिखनी शुरू कर दी 'हमारी अनुचित बढ़त'।

क्योंकि मैंने इस हस्तलिपि को पवित्र आत्मा के मार्गदर्शन में लिखा है, यह बिना किसी संदेह के मेरी पिछली 14 किताबों में से अब तक की सबसे ज़्यादा प्रतीक्षित किताब है!

बिना किसी संदेह के, यह मेरे जीवन का सबसे संतुष्टिदायक, मज़ेदार और सबसे महत्वपूर्ण काम रहा है।

केवल पिछले अभ्यास के माध्यम से ही मैं निश्चित था कि यह वास्तव में आत्मा थीं। और मैंने तुरंत उनकी बात मान ली।

अब एक बड़ी असफलता।

कुछ साल पहले, मैं और मेरी पत्नी किसी दूसरे राज्य में अपने बेटे से उसके ईसाई लड़कों के स्कूल में मिलने गए थे। इस यात्रा के आखिरी दिन, मैंने अपनी बेशकीमती चीज़ों में से एक पहनी: यूनिवर्सिटी ऑफ लुइसविले नेशनल चैम्पियनशिप पुरुषों की बिल्कुल नई बास्केटबॉल पोलो शर्ट जो मुझे मेरी बहन और भाई ने उपहार के रूप में दी थी। लुइसविले, केंटुकी के ठीक दक्षिण में एक छोटे से शहर में पला-बढ़ा होने और हाई स्कूल के दौरान बास्केटबॉल खेलने की वजह से, मैं उस कार्यक्रम का एक बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूँ।

लुइसविले विश्वविद्यालय को अपनी पहली राष्ट्रीय चैम्पियनशिप जीते 18 साल हो चुके थे, इसलिए यह शर्ट पहनने में विशेष रूप से मज़ेदार थी।

अपने बच्चे के स्कूल में जाने के लिए निकलने के कुछ ही मिनट पहले, हमारे बेटे का एक दोस्त हमारे पास आया और हम बातें करने लगे। 17 साल का यह लंबा, पतला लड़का मेरी शर्ट देखकर उत्साह से उछल पड़ा। वह लुइसविले से था और मेरी तरह, यूएल का बहुत बड़ा प्रशंसक था। हमने खिलाड़ियों, चैंपियनशिप और हम फिर से राष्ट्रीय चैंपियन बनकर कितने खुश हैं, इसके बारे में बात की।

अचानक, मैंने अपने अंदर से एक आवाज़ सुनी - कोई श्रव्य आवाज़ नहीं बल्कि मेरी आंतरिक साक्षी - मुझसे कह रही थी, "उसे अपनी शर्ट दे दो!"

मेरी पहली प्रतिक्रिया थी, "यह निश्चित रूप से परमेश्वर की आवाज़ नहीं हो सकती। वह क्यों चाहेंगे कि मैं अपनी नई पसंदीदा शर्ट उस बच्चे को दे दूं जिसे मैं जानता तक नहीं?"

जैसे ही वो बच्चा जाने लगा, मैंने फिर से सुना, "उसे अपनी शर्ट दे दो। तुम्हारी कार की डिक्की में बहुत सारी अन्य साफ-सुथरी शर्टें हैं।"

सच तो यह है कि मैं झिझक रहा था, मैंने अपने बेटे को अलविदा कहा, और मैं वहाँ से गाड़ी चलाकर निकल गया ...अभी भी बेशकीमती शर्ट पहने हुए।

पाँच मिनट से भी कम समय में, मैं अपनी पत्नी ब्रेंडा की तरफ मुड़ा और उसे बताया कि क्या हुआ था। वह तुरंत पवित्र आत्मा से सहमत हो गई कि मुझे लड़के को शर्ट देनी चाहिए थी।

फिर भी पीछे मुड़ने के बजाय, मैं वापस अपने घर चला गया। जैसे ही हम घर पहुँचे, मैंने शर्ट धोई, उसे लुइसविले के उस लड़के को मेल कर दिया, और एक नोट लिखकर भेजा जिसमें लिखा था कि मेरी आज्ञाकारिता में देरी गलत थी। मैंने उससे कहा कि मैंने परमेश्वर से पश्चाताप किया, लड़के से मुझे माफ करने के लिए कहा, और प्रार्थना की, कि यह शर्ट उसे आशीर्वाद देगी।

मेरे बेटे ने मुझे बाद में बताया कि उस लड़के को वह शर्ट इतनी पसंद आई कि वह उसे कभी-कभार ही उतारता था।

मेरे लिए, यह एक शानदार अनुभव था "मुझे-पता-था-कि-मुझे-उसे-शर्ट-देनी-चाहिए-थी"। आपकी तरह, हम सभी ने भी अपने करियर में इनमें से कई अनुभव किए होंगे।

अपनी असफलता में, मैंने कई मूल्यवान सबक सीखे, जिनमें शामिल हैं...

- पवित्र आत्मा के विशिष्ट और शक्तिशाली आंतरिक ज्ञान को कैसे पहचानें
- संकेत मिलने पर तत्काल कार्रवाई करना
- विलंबित आज्ञाकारिता के भारीपन के बजाय तत्काल आज्ञाकारिता के आशीर्वाद का अनुभव करना।

अपने साक्षी को पहचानें। छोटे से शुरू करें। फिर, बेहतरीन बनाएँ।

इसके लिए अभ्यास की आवश्यकता होती है - बहुत सारे सुविचारित अभ्यास की।

समय के साथ, आपका अभ्यास आपके आध्यात्मिक कानों को आपके अंदर पवित्र आत्मा की फुसफुसाहट को और ज़्यादा स्पष्ट रूप से सुनने के लिए मजबूत करेगा।

आपको अपना अभ्यास शुरू करने में मदद करने के लिए यहाँ एक कार्य योजना दी गई है।

अभ्यास कार्य योजना

अपने व्यवसाय के लिए आवश्यक पाँच निर्णयों की सूची बनाएँ। प्रश्नों का उत्तर ऐसे दें जैसे आप अपने मार्गदर्शन के लिए उनकी आवाज सुन रहे हों। आप जो सीखते हैं उसे रिकॉर्ड करें।

निर्णय **#1:** _____

आपने सुनना कैसे शुरू किया?

आपने बेहतर कैसे किया?

आपने क्या सीखा?

निर्णय **#2:** _____

आपने सुनना कैसे शुरू किया?

आपने बेहतर कैसे किया?

आपने क्या सीखा?

निर्णय **#3:** _____

आपने सुनना कैसे शुरू किया?

आपने बेहतर कैसे किया?
आपने क्या सीखा?

निर्णय **#4:** _____

आपने सुनना कैसे शुरू किया?

आपने बेहतर कैसे किया?

आपने क्या सीखा?

निर्णय **#5:** _____

आपने सुनना कैसे शुरू किया?

आपने बेहतर कैसे किया?

आपने क्या सीखा?

5.2. कार्य से पहले जाँच लें

जाँच *(संज्ञा): आगे की दिशा या प्रगति का अचानक रुक जाना; प्रगति में अचानक विराम या रुकावट; परीक्षण या सत्यापन करने का कार्य*

आपके व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने की दूसरी कुंजी है कार्य करने से पहले जाँच करना।

इस बात ने मुझे हमेशा आकर्षित किया है कि लोग कैसे निर्णय लेते हैं। लोग जो निर्णय लेते हैं उन्हें क्या प्रभावित करता है? प्रेरक संदेश और पर्यावरणीय कारक निर्णय लेने को कैसे प्रभावित करते हैं?

मानव संचार में अपनी स्नातक की पढ़ाई के दौरान, मैंने छोटे समूह में निर्णय लेने में पारस्परिक और मनोवैज्ञानिक चरों पर ध्यान केंद्रित किया। मैंने ऐसे विषयों पर वर्षों तक गहन अध्ययन और पुनः खोज में निवेश किया, जैसे कि...

- आम सहमति की तलाश करना
- नेतृत्व शैली और समूहों में शक्ति का उपयोग
- गैर-मौखिक संचार गतिशीलता
- अंतरजातीय और अंतर-सांस्कृतिक संचार
- समूह विचार

- अरस्तू की बयानबाज़ी, जिसमें चरित्र (ऐथोस), भावना (इमोशंस) और तर्क (लोगो) के प्रभाव शामिल हैं

- वियोजक, विवेचनात्मक और अनुरूप तर्क की शक्ति
- पुरषों और महिलाओं के समस्या-समाधान संबंधों में निर्णय लेने की प्रक्रिया में संचार आशंका का प्रभाव प्रभाव

मानें या ना मानें, लेकिन वह आखिरी वाला मेरे मास्टर्स की थीसिस और मेरी पीएच.डी. के शोध निबंध दोनों का केंद्र था। अनिद्रा के लिए एक बढ़िया पाठ!

इतने वर्षों के समर्पित अध्ययन, दुनिया के कुछ महानतम अकादमिक दिमागों और कई पेशेवर प्रकाशनों से सीखने के बाद, अब मैं एक सर्वोपरि निष्कर्ष के साथ पीछे मुड़कर देखता हूँ...

वाह, क्या मैंने यह सब कुछ गलत समझा!

पिछले 20 वर्षों में, मैंने शोध किया है कि सर्वकालिक महान नेता और निर्णय-निर्माता, यीशु ने कैसे निर्णय लिए।

क्या अब तक के सबसे महान नेता और व्यावसायिक दिमागों ने...

- अपने शिष्यों से आम सहमति या बहुमत के वोट माँगे?

- सुकरात, अरस्तू, या प्लेटो के कार्यों पर विचार किया?
- उनके शब्दों की पारस्परिक गतिशीलता के बारे में गहराई से सोचा?

- रुझानों और प्राथमिकताओं को उजागर करने के लिए ग्राहक फोकस समूह बनाए?
- अपने ज्ञान के लिए उच्च कीमत वाले विशेषज्ञों की तलाश की?

नहीं, यीशु के पास निर्णय लेने की पूरी तरह से नई, अभिनव और अनसुनी प्रक्रिया थी।

उन्होंने हमेशा, हर स्थिति में, कार्य करने से पहले ईश्वर की आत्मा से जाँचा।

> *तब यीशु ने उत्तर देकर उन से कहा, "विश्वासपूर्वक, मैं तुम से कहता हूँ, पुत्र अपने आप से कुछ नहीं कर सकता, केवल वही जो पिता को करते देखता है; क्योंकि जो कुछ वह करता है, वैसा ही पुत्र भी करता है। क्योंकि पिता पुत्र से प्रेम करता है, और जो कुछ वह खुद करता है वह सब उसे दिखाता है; और वह उसे इन से भी महान कार्यों को दिखाएगा, कि तुम अचंभित हो जाओगे।) "यूहन्ना 5:19-20)*

यीशु ने परमपिता ईश्वर की आत्मा, पवित्र आत्मा से जाँचा!

> क्योंकि मैंने अपने अधिकार से कुछ नहीं कहा; परन्तु जिस पिता ने मुझे भेजा, उन्होंने ही मुझे एक हुक्म दिया, कि मैं क्या कहूँ, और क्या बोलूँ। और मैं जानता हूँ कि उनका हुक्म एक अनन्त जीवन है। इसलिए मैं जो कुछ भी बोलता हूँ, जैसा कि पिता ने मुझ से कहा है, वैसा ही मैं बोलता हूँ। (यूहन्ना 12:49-50)

क्या तुम विश्वास नहीं करते, कि मैं पिता में हूँ, और पिता मुझ में हैं? जो शब्द मैं तुमसे कहता हूँ, मैं अपने अधिकार से नहीं कहता; परन्तु पिता जो मुझ में निवास करते हैं, वही काम करते हैं। (यूहन्ना 14:10)

यीशु कुछ भी करने या कहने से पहले हमेशा अंदर जाँच करते थे।

कार्य करने से पहले जाँच करने के तरीके में खुद को प्रशिक्षित करने में मदद करने के लिए यहाँ तीन सरल तरीके दिए गए हैं: रफ़्तार कम करें, बाहरी भाग को ब्लॉक करें, और एक अंतिम जाँच करें।

रफ़्तार कम करें

क्या कभी इनमें से कोई व्यावसायिक वाक्यांश सुना है?

- "यह तेज़ ही है जो धीमी गति को खाता है।"
- "तेज़ी से आगे बढ़ो या मर जाओ।"
- "यह अत्यंत महत्वपूर्ण है।"
- "मुझे यह कल तक किया हुआ चाहिए था।"
- "जल्दी करें; हमें धीमा मत करो।"

- "वे पर्याप्त तेज़ी से काम नहीं करते हैं।"
- "हमारे पास पूरा दिन नहीं है।"
- "जल्दी करो!
- "इसे बस कर दो"!

हमारी व्यावसायिक दुनिया में, हम पर हर रोज़ और हर घंटे ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों या निर्णयों की बौछार होती रहती है जिन्हें अभी पूरा किया जाना चाहिए। हम आसानी से अपने आप को इस गलत धारणा से जोड़ सकते हैं, "ठीक है, यह सिर्फ व्यवसाय है।"

> मैं कई बार इसी जाल में फंस चुका हूँ। जब मैं एक छोटी घर-निर्माण की कंपनी चलाता था, तो अपने कारपेंटर दल को भुगतान करने के लिए एक और वित्तीय बैंक ड्रा प्राप्त करने के दबाव ने मुझे सबसे तेज़ बैंक ड्रा प्राप्त करने के लिए तेज़ चरण पूरा करने के लिए घर-घर जाने को मजबूर किया। कंपनी के मालिक को कभी समझ में नहीं आया कि मैं एक घर को पूरा करने के बाद दूसरे पर जाने के बजाय एक यादृच्छिक, हड़बड़ी के ऑर्डर में क्यों इधर-उधर भाग रहा था।
>
> पीछे मुड़कर देखूँ तो, मैं पूरी तरह से धन-संचालित हो गया था क्योंकि मैंने सबसे तेज़ कंस्ट्रक्शन लोन प्राप्त करने की जल्दी की थी। लेकिन क्योंकि मेरे पास (मेरे सहित) कर्मचारियों का वेतन था और उप-ठेकेदारों को

भुगतान करना था, इसलिए मुझे कोई और रास्ता समझ नहीं आया।

अब मैं चाहता हूँ कि काश किसी ने मुझे यीशु की तरह रफ़्तार धीमी करना सिखाया होता। तब शास्त्री और फरीसी व्यभिचार में पकड़ी गई एक स्त्री को उनके पास लाए। और जब उन्होंने उसे बीच में खड़ा किया, तो उनसे कहा, "हे गुरू, यह स्त्री व्यभिचार करते हुए पकड़ी गई है। अब मूसा ने कानून में हमें आज्ञा दी है, कि ऐसे लोगों पर पथराव किया जाना चाहिए। लेकिन आप क्या कहते हैं?" यह उन्होंने उन्हें परखने के लिए पुछा, कि उनके पास उन पर दोष लगाने के लिए कुछ हो। परन्तु यीशु झुककर अपनी उंगली से ज़मीन पर लिखने लगे, मानो उन्होंने सुना ही ना हो। तो जब वे उनसे लगातार पूछते रहे, तो उन्होंने उठकर उनसे कहा, तुम में से जो निष्पाप हो, वह सबसे पहले उस पर पत्थर मारे। और फिर वह नीचे झुके और ज़मीन पर फिर लिखने लगे। तब जिन लोगों ने यह सुना, वे अपने विवेक से दोषी होकर, एक-एक करके वहाँ से जाने लगे, सबसे बूढ़े से लेकर आखिरी तक। और केवल यीशु रह गए, और बीच में खड़ी वह स्त्री। (यूहन्ना 8:3-9)

यह है वो परिस्थिति। धार्मिक नेताओं ने मंदिर के प्रांगण में धावा बोला जहाँ यीशु एक बड़ी भीड़ को शिक्षा दे रहे थे, उन्होंने सार्वजनिक रूप से एक महिला

को क्रूरतापूर्वक शर्मिंदा किया, और सबके सामने माँग की कि यीशु उन्हें उनके प्रश्न का तत्काल उत्तर दें।

हर कोई यह देख सकता था कि ये लोग सचमुच बहुत गंभीर थे, क्योंकि उन्होंने अपने हाथों में पत्थर ले रखे थे और महिला या संभवतः स्वयं यीशु को मारने की धमकी दे रहे थे।

उन्होंने यीशु को या तो ये-या वो की दुविधा में डाल दिया: कानून के अनुसार उसे मार डालो या उसे आज़ाद कर दो और कानून तोड़ दो।

तो यीशु ने इस जीवन-घातक स्थिति पर कैसी प्रतिक्रिया व्यक्त की?

वह अपने घुटनों पर बैठ गए और मिट्टी में कुछ लिखने लगे... और कुछ नहीं कहा!

अब इससे वह लोग और भी अधिक क्रोधित हो गए। आप उनके अधर्मी आक्रोश को समझ सकते हैं जब उन्होंने फिर से यीशु से अपने प्रश्न का उत्तर माँगा: “आप क्या कहते हैं? उसे मार दें या आज़ाद कर दें? पहला विकल्प या विकल्प दूसरा? हमें उत्तर दें... अभी!”

यीशु ने इस दूसरी और उससे भी ज़्यादा गंभीर जीवन-घातक स्थिति पर क्या प्रतिक्रिया दी?

उन्होंने मिट्टी में लिखना जारी रखा।

जब यीशु उत्तर देने के लिए पूरी तरह से तैयार थे केवल तब, वह खड़े हुए और कहा (मेरे शब्दों में), "मैं तीसरा विकल्प चुनता हूँ... आगे बढ़ो और उसे मार डालो अगर तुमने खुद कभी कोई पाप नहीं किया हो।" फिर वह दुबारा घुटनों के बल बैठ गए और मिट्टी में लिखने लगे।

जब यीशु पहली बार घुटनों के बल बैठे तो वह क्या कर रहे थे? उन्होंने ऐसा क्यों किया? वह क्या कर रहे थे? उन्होंने कुछ क्यों नहीं कहा?

मेरा मानना है कि वह अपने अंदर रहने वाली पवित्र आत्मा से पूछने में धीमे हो गए, "आत्मा, तुम क्या चाहती हो कि मैं कहूँ और करूँ?"

मेरा मानना है कि उन्होंने बिल्कुल वही किया जो आत्मा ने उन्हें करने का निर्देश दिया था। उनके निर्देशों में शामिल हो सकता है, “प्रभाव के लिए थोड़ा विराम लें। आइए उन सभी को थोड़ा और दबाव महसूस कराएँ।”

उनकी इस तरह की प्रतिक्रिया देने का कोई सांसारिक, तर्कसंगत तरीका नहीं है। यह अलौकिक था। केवल पवित्र आत्मा ही उन्हें ऐसा करने को कह सकती थी।

उनके इस अद्भुत, इस दुनिया से बाहर के जवाब के लिए एकमात्र तार्किक व्याख्या यह है कि यह वास्तव में एक अद्भुत, इस दुनिया से बाहर की आत्मा से आया था।

जिस प्रकार यीशु ने जीवन-संकट वाली परिस्थिति में अपनी आत्मा को जाँचने के लिए, गति धीमी कर दी थी, उसी प्रकार आप भी धीमी गति से काम कर सकते हैं और किसी भी व्यावसायिक स्थिति में अपनी भावना को जाँच सकते हैं।

बाहरी भाग को ब्लॉक करें

यीशु को घेरने वाले लोग उसी समय उत्तर की माँग कर रहे थे। उनका दबाव बाहर से था।

यदि यीशु ने स्थिति के दबावों को अपने ऊपर हावी होने दिया होता, तो वह एक त्वरित और भयानक निर्णय ले सकते थे। इसके बजाय, उन्होंने अंदर से नेतृत्व करना चुना जहाँ आत्मा शासन करती है।

व्यवसाय में हम सभी ने ऐसा दबाव महसूस किया है। हम सभी को ऐसी चीजें करने के लिए दबाव दिया गया है...

- अंतिम तिथि से पहले एक अनुबंध पर हस्ताक्षर करें
- व्यवसाय को बढ़ाने में मदद करने के बजाय किसी खाली पोजीशन को भरने के लिए किसी व्यक्ति को नियुक्त करें
- किसी सौदे को पूरा करने के लिए लाभ को बहुत ज़्यादा कम कर देना
- किसी मीटिंग में तुरंत निर्णय केवल इसलिए लेना क्योंकि दूसरों को आपसे ऐसी उम्मीद थी
- जब आपके पास इच्छा, समय या पैसा ना हो तो किसी मीटिंग या दोपहर के भोजन में भाग लेने के लिए सहमत हों।
- एक तेज़, और ढीला प्रस्ताव जमा करवाना क्योंकि संभावित ग्राहक को अभी इसकी उम्मीद थी

यह मेरी सूची है, उन तरीकों की, जिनसे मैं दबाव में रहा और बाहरी लोगों को ब्लॉक नहीं किया। शायद आप भी इनमें से कुछ को झेले हो सकते हैं।

आप शायद पूछ रहे होंगे, "तो, जिम, क्या आप हमसे कह रहे हैं कि व्यावसायिक निर्णय लेने से पहले बाहर की हर चीज़ को नज़रअंदाज़ करें और केवल अपने अंदर जाँचें?" नहीं बिलकुल नहीं।

ईश्वर ने हमें पढ़ने, शोध करने, विश्लेषण करने, प्रतिबिंबित करने, तथ्यों की तलाश करने, आकलन करने और जाँच करने की क्षमता वाला मस्तिष्क दिया है। वह हमसे अपेक्षा करते हैं कि हम अपनी ईश्वर-द्वारा प्रदान की गई मानवीय समझ का उपयोग अपनी सर्वोत्तम क्षमताओं के साथ करें ताकि हम जो कुछ भी समझ सकते हैं उसे समझ सकें।

लेकिन जब आप वह सब कर लेते हैं जो आप कर सकते हैं, तो कार्य करने का अंतिम निर्णय लेने से पहले, उस अंदर की आवाज़ को एक बार फिर से सुनें जहाँ ईश्वर की आत्मा निवास करती है।

याद रखें, पवित्र आत्मा आपको अंदर से प्रेरित करती है। दुश्मन आप पर बाहर से दबाव बनाने की कोशिश करता है!

आपको सदैव पवित्र आत्मा के माध्यम से आप पर दबाव डालने की कोशिश करने वाली बाहरी आवाज़ों पर काबू पाना चाहिए जो आपको प्रेरित करती है।

अंतिम जाँच

अंतिम जाँच अक्सर एक त्वरित सत्यापन होता है कि आपने पवित्र आत्मा को सही ढंग से सुना है। यह कार्रवाई में विलम्भ करने या स्थगित करने का प्रयास नहीं है, बल्कि अंदर की एक अंतिम जाँच के लिए समय निकालने का एक सरल परामर्श है।

मैं अपने व्यापार मंत्रालय में, मैं व्यापारिक लीडरों को सलाह देने, बात करने और उनके साथ काम करने के लिए पूरे संयुक्त राज्य

अमेरिका और कभी-कभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उड़ान भरता हूँ। जैसे ही मैं उड़ान भरने के इंतजार में हवाई जहाज में बैठता हूँ, मैं अपनी खिड़की से बाहर देखता हूँ और अक्सर पायलटों में से एक को उड़ान भरने से पहले धीरे-धीरे हवाई जहाज के ढाँचे, पंखों और लैंडिंग गियर का निरीक्षण करते हुए देखता हूँ। एक ग्राहक के रूप में यह मेरे लिए आश्वस्त करने वाला है कि लीडर कुछ प्रमुख परिचालन प्रणालियों की अंतिम जाँच करने के लिए समय ले रहा है।

भले ही पायलट की सुरक्षा जाँच के कारण उड़ान कुछ मिनट देर से छूटती हो, क्या आपको लगता है कि मैं परेशान हो जाऊँगा? बिलकुल नहीं। मैं खुश हूँ कि चालक दल ने विमान के सुरक्षित संचालन को जितना हो सके सर्वोत्तम सुनिश्चित करने के लिए अपने पेशे के बारे में इतना सोचा।

मैं अपने व्यवसाय मंत्रालय के सभी भागीदारों को सलाह देता हूँ कि, अगला महत्वपूर्ण निर्णय लेने से पहले, वे अपने सभी डेटा, रिपोर्ट, कागजी कार्रवाई और नोट्स को अलग रख दें और आत्मा से पूछने के लिए एक शांत जगह पर चले जाएँ कि उन्हें क्या करना चाहिए।

अक्सर, यह अंतिम जाँच:

- आपको दबाव भरे वातावरण से दूर ले जाती है
- आपको सर्वोत्तम निर्णय के प्रति आश्वस्त करती है
- निर्णय की अच्छाई के बारे में आपकी आत्मा में और अधिक आत्मविश्वास और स्पष्टता पैदा करती है।

फिर, आप आगे बढ़ सकते हैं और निर्णय के संबंध में शांति की भावना के साथ कार्य कर सकते हैं।

काम की योजना की कार्य करने से पहले जाँच कर लें

आपके व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने की दूसरी कुंजी है काम करने से पहले जाँच करना, इसलिए...

- गति कम कर लें।
- बाहर वालों को ब्लॉक करें।
- अंतिम जाँच करें।

अगले एक सप्ताह में, इन तीन महत्वपूर्ण चरणों को अपनी निर्णय लेने की प्रक्रिया में एकीकृत करें। फिर इस कार्य योजना का उपयोग यह स्पष्ट करने में सहायता के लिए करें कि आपने प्रत्येक निर्णय के लिए "कार्य करने से पहले जाँच" को कैसे सक्रिय किया। इस सरल क्रिया का उपयोग आप अपना विश्वास इस बात पर बनाने के लिए कि पवित्र आत्मा आपके निर्णयों को निर्देशित कर रही है हमेशा कर सकते हैं ।

निर्णय **#1:** _____

आपकी रफ़्तार धीमी कैसे हुई?

बाहरी हिस्से को आपने कैसे ब्लॉक किया?

अंतिम चेक ने क्या पुष्टि की?

निर्णय **#2:** _____

आपकी रफ़्तार धीमी कैसे हुई?

बाहरी हिस्से को आपने कैसे ब्लॉक किया?

अंतिम चेक ने क्या पुष्टि की?

निर्णय **#3:** _____

आपकी रफ़्तार धीमी कैसे हुई?

बाहरी हिस्से को आपने कैसे ब्लॉक किया?

अंतिम चेक ने क्या पुष्टि की?

निर्णय **#4:** _____

आपकी रफ़्तार धीमी कैसे हुई?

बाहरी हिस्से को आपने कैसे ब्लॉक किया?

अंतिम चेक ने क्या पुष्टि की?

निर्णय **#5:** _____

आपकी रफ़्तार धीमी कैसे हुई?

बाहरी हिस्से को आपने कैसे ब्लॉक किया?

अंतिम चेक ने क्या पुष्टि की?

5.3. एक साक्षी की तलाश करें

साक्षी (संज्ञा): किसी तथ्य या घटना का सत्यापन, जिसे किसी चीज़ का व्यक्तिगत ज्ञान हो

आपके व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने की तीसरी कुंजी एक साक्षी की तलाश करना है।

अमेरिका में अनगिनत आपराधिक मामलों का फैसला सिर्फ एक साक्षी की गवाही के आधार पर किया गया है, कोई ऐसा व्यक्ति जो अपराध के स्थान पर था और जानता है कि क्या हुआ था। अपनी गवाही के माध्यम से, वे अपने अनुभव की सच्चाई की पुष्टि कर सकता है। विरोधी सबूतों के बावजूद, एक साक्षी की गवाही दर्जनों ऐसे विशेषज्ञों जो गवाह नहीं हैं की आवाज़ों पर आसानी से हावी हो सकती है।

यही बात आपकी आत्मा, आपकी एकमात्र, सर्वशक्तिमान, सर्वज्ञ और आंतरिक आध्यात्मिक साक्षी के साथ भी सच है।

सच्चा साक्षी

> *विश्वासयोग्य साक्षी झूठ नहीं बोलता, परन्तु एक झूठा साक्षी झूठ बोलेगा।*
>
> **– नीतिवचन 14:5**

क्या कभी कार्यस्थल पर किसी ने आपसे झूठ बोला है? एक कर्मचारी? एक बॉस? एक विक्रेता? एक ग्राहक? बेशक आपके पास ऐसा कोई होगा। यदि आप 24 घंटे से अधिक समय से व्यवसाय में हैं, तो संभवतः किसी ने आपसे छोटा या बड़ा झूठ बोला ही होगा।

लेकिन आपको कैसे पता चला कि यह झूठ था? आपको किसने बताया कि यह व्यक्ति सच्चा नहीं था? वह कौन सी चीज़ थी जिसने आपको झूठ को समझने में मदद की?

उत्तर सरल है। आप पहले से ही सच्चाई जानते थे!

चाहे वह वित्तीय या परिचालन संख्याओं का एक सेट हो, लेनदेन का इतिहास हो, किसी रिपोर्ट का गायब तत्व हो, या कोई अन्य व्यक्ति हो, आपके अंदर के किसी को पहले से ही सच्चाई का एहसास था। धोखेबाज़ को पहचानना आसान था।

कई मामलों में, यह पवित्र आत्मा थी, आपके अंदर रहने वाली सच्ची साक्षी, जिसने बात की सच्चाई या झूठ की पुष्टि की।

हालाँकि, कभी-कभी हम सभी मूर्ख बन जाते हैं। हम कुछ सुनते हैं और सोचते हैं, "ओह, मुझे नहीं पता। यह अच्छा रहेगा। यह उचित है। मुझे लगता है ऐसा ही हो सकता है। मैं निश्चित नहीं हूँ और मुझे उन पर आरोप लगाने और बाद में गलत होने पर अच्छा नहीं लगेगा।"

हम कब मूर्ख बनते हैं? जब हम आत्मा के नेतृत्व में होने के बजाय मस्तिष्क-संचालित या विचार-संचालित या भावना-संचालित होने की पुरानी आदतों में वापस जाते हैं।

तो आप एक सच्चे साक्षी और एक झूठे साक्षी के बीच में अंतर कैसे कर सकते हैं?

एक सच्चा साक्षी आपको देता है...

- शांति (फिलिप्पियों 4:7)
- एकता (इफिसियों 4:3)
- धैर्य (गलातियों 5:5)
- शक्ति (इफिसियों 3:16)
- अंतर्दृष्टि (1 कुरिन्थियों 2:10, 13)
- आनन्द (1 थिस्सलुनीकियों 1:6)
- आराम (प्रेरितों 9:31)
- फल (गलातियों 5:22-23)

एक झूठा साक्षी आपको देता है...

- बेचैनी
- असहजता
- चिंता
- कमजोरी
- भ्रम
- डर
- अनिश्चितता
- तनाव

आपके सर्वोत्तम निर्णयों में हमेशा दूसरी सूची की तुलना में पहली सूची का अधिक महत्व होता है।

जब आप किसी निर्णय पर साक्षी की तलाश करते हैं, तो इन सूचियों को अपने पास रखें ताकि आप खुद को याद दिला सकें कि सच्चे साक्षी और झूठे साक्षी के बीच तुरंत अंतर कैसे किया जाए।

याद रखें, पवित्र आत्मा आपका मार्गदर्शन संपूर्ण सत्य की ओर करेगी (यूहन्ना 16:13)। आपको केवल एक साक्षी, पवित्र आत्मा के सच्चे साक्षी, को तलाश करने की आवश्यकता है।

एक साक्षी ही काफी है

आत्मा स्वयं हमारी आत्मा के साथ गवाही देती है कि हम ईश्वर की संतान हैं।

– रोमियों *8:16*

लीडरशिप पर एक आम व्यावसायिक कहावत है, "शीर्ष पर अकेलापन है।"

एक व्यावसायिक लीडर के रूप में, हर दिन आप दर्जनों निर्णय लेते हैं। आपका पद जितना ऊँचा होगा, आपकी कंपनी पर आपके निर्णय का प्रभाव उतना ही अधिक होगा। और अक्सर, निर्णय जितना बड़ा होगा, आप उतने ही कम लोगों को निर्णय में शामिल करने के लिए स्वतंत्र होंगे।

कभी-कभी व्यवसाय में शीर्ष पर अकेलापन होता है।

और जब आप किसी मुद्दे पर बिल्कुल अकेले खड़े होते हैं तो यह अकेलापन सबसे ज़्यादा लगता है।

चाहे आप कंपनी की कमान श्रृंखला में शीर्ष पर हों या सबसे नीचे, आपको ऐसे समय और निर्णयों का सामना करना पड़ता है जिसमें आप किसी मुद्दे के पक्ष में खड़े एकमात्र व्यक्ति होते हैं। ऐसे समय में, आप किसी ऐसे व्यक्ति की तलाश करते हैं जो आपके पक्ष

में आपके साथ हो, आपके बचाव में आए, और आपको आपकी स्थिति के बारे में आश्वस्त करे।

यह एक सच्चे गवाह - पवित्र आत्मा - की तलाश करने का सही समय है क्योंकि वे पर्याप्त हैं।

यह बिल्कुल एक ट्रैफिक लाइट की तरह है। अमेरिका में हमारी ट्रैफिक लाइट के तीन रंग होते हैं। लाल का मतलब है रुकना। पीले रंग का मतलब है धीरे चलें और सावधानी से आगे बढ़ें। हरे का मतलब है बढ़ें।

मेरे अनुभव में, पवित्र आत्मा कभी आपको लाल बत्ती दिखाती है, कभी पीली और कभी हरी बत्ती दिखाती है।

इसलिए एक साक्षी की तलाश करने के लिए यहाँ एक तरीका दिया गया है। अगर आपको एहसास हो...

- **चिंता या अनिश्चितता -** रुकें! यह संभवतः लाल बत्ती है।
- **कुछ नहीं -** रुकें और तलाश करते रहें। यह संभवतः पीली बत्ती है।
- **शांति और शक्ति -** आगे बढ़ें और अभी बढ़ें! आपको कार्यवाही करने के लिए पवित्र आत्मा की हरी बत्ती मिल गई है!

दो साक्षी और भी बेहतर

यह हमें अच्छा लगा, एकमत के साथ एकत्रित होना, अपने प्रिय बरनबास और पौलुस समेत चुने हुए पुरूषों को आपके पास भेजना।

– प्रेरितों 15:25

पवित्र आत्मा को और हमें यह अच्छा लगा, कि इन आवश्यक चीज़ों को छोड़कर आप के ऊपर ज़्यादा बोझ ना डाला जाए।

– प्रेरितों 15:28

हालाँकि, सिलास को शायद वहाँ रहना अच्छा लगा।

– प्रेरितों 15:34

स्ट्रॉन्ग डिक्शनरी एक साक्षी को "संयुक्त रूप से गवाही देना, अर्थात (समवर्ती) साक्ष्य द्वारा पुष्टि करना; पर्यत गवाही देना; संयुक्त गवाही देना।" के रूप में परिभाषित करती है।" उपरोक्त दिए गए प्रत्येक पद में, विश्वासी एक ही निर्णय पर सह-साक्षी के रूप में एक साथ आए। "यह पवित्र आत्मा और हमें अच्छा लगा" सह-साक्षी का एक आदर्श उदाहरण है। पवित्र आत्मा ने उनसे व्यक्तिगत रूप से कहा, 'हाँ, यह एक अच्छा निर्णय है," और फिर वे संयुक्त रूप से अपने आंतरिक साक्षियों से सहमत हुए।

हालाँकि पवित्र आत्मा के साथ आपकी व्यक्तिगत गवाही निश्चित रूप से पर्याप्त है, दो या दो से अधिक विश्वासियों की गवाही और भी बेहतर है!

यहाँ दो व्यक्तियों के सह-साक्षी होने की शक्ति का एक उदाहरण दिया गया है।

हाल ही में, मैंने एक क्षेत्रीय सम्मेलन में समापन मुख्य वक्ता के के रूप में ईसाई व्यावसायिक लीडरों के एक बड़े समूह को संबोधित किया। मैंने इस किताब में सिद्धांतों का एक त्वरित अवलोकन साझा किया। उपदेश के दौरान, मैंने महसूस किया कि पवित्र आत्मा मुझे सह-साक्षी की तलाश में जितना मैंने मूल रूप से तैयार किया था, उससे अधिक समय बिताने के लिए प्रेरित कर रही है।

सम्मेलन के तीन दिन बाद, मुझे सम्मेलन में उपस्थित लोगों में से एक व्यापारिक दिग्गज और इस प्रतिष्ठित ईसाई व्यवसायिक संगठन के संस्थापक सदस्य से एक लंबा और विस्तृत ई-मेल प्राप्त हुआ।

> समस्या का त्वरित अवलोकन करने के बाद, उन्होंने अपने ई-मेल में लिखा,
>
> मूल बात, मैं कल रात गाड़ी से घर जा रहा था और मुझे आपका संदेश याद आया। मैंने रेडियो बंद किया और मौखिक रूप से पवित्र आत्मा से पूछा कि मुझे इस स्थिति में क्या करना चाहिए। मुझे अपनी अस्सिटेंट ऑफिस मैनेजर को फोन करने और इस मामले पर उसके विचार पूछने के लिए प्रभावित महसूस

> हुआ (वह एक शानदार लड़की है, और ईश्वर से प्यार करती है, लेकिन मैंने पहले ऐसा कभी नहीं किया था!)।
>
> मेरे मित्र ने आगे बताया कि कैसे, एक साथ मिलकर, उनके पास एक शक्तिशाली और तेज़ सह-साक्षी के साथ एक बढ़िया समाधान था। उसने अपना ई-मेल यह कहकर समाप्त किया,
>
> (कहने की ज़रूरत तो नहीं है) मैं कभी भी अपने आप यह समाधान नहीं निकाल पाता। मुझे नहीं पता कि उस मीटिंग में कितने अन्य लोगों ने आपके द्वारा सिखाए गए सिद्धांतों को तुरंत लागू किया होगा, लेकिन मैंने निश्चित रूप से किया, और मैं भगवान के प्रति आज्ञाकारी होने और हमारे समूह से बात करने का प्रयास करने के लिए आपकी सराहना करता हूँ!

सह-साक्षी की तलाश का यह एक आदर्श उदाहरण है। आप कार्यस्थल पर किसी साथी विश्वासी की गवाही पाने में उनके आत्मविश्वास और उनकी खुशी को महसूस कर सकते हैं।

जब आपके पास कार्यस्थल पर विश्वासी सह-साक्षियों की एक शक्तिशाली टीम होती है, तो आप अपनी कंपनी के लिए किसी भी समस्या या स्थिति पर काबू पा सकते हैं।

हालाँकि, कार्यस्थल पर सह-साक्षी की तलाश करना हमेशा आसान या तेज़ नहीं होता है। चुनौती तब होती है जब आप किसी सह-साक्षी की तलाश करते हैं और आपके निर्णय मेल नहीं खाते - वे मुद्दे के विपरीत कोनों पर होते हैं। तो फिर आपको क्या करना चाहिए?

मेरे सोशल मीडिया और वेबसाइट रणनीति कोच एक अद्भुत, आत्मा से भरपूर आस्तिक और सबसे ज़्यादा बिकने वाले लेखक हैं। वह मेरे व्यापार मंत्रालय को मेरी तरह या शायद मुझसे भी बेहतर जानते हैं। वह मेरे सभी डिजिटल मार्केटिंग और पोजिशनिंग प्रयासों पर मुझे प्रशिक्षित और उनपर मेरा मार्गदर्शन करते हैं।

स्वाभाविक रूप से, मैं उनसे कई अवसरों पर पूछता हूँ, "मैं यह सोच रहा हूँ। क्या आपको इस पर कोई साक्षी मिला है?"

अक्सर, मैं जो महसूस कर रहा होता हूँ, वह तुरंत उसकी पुष्टि कर देते हैं। लेकिन कभी-कभी, वह नहीं करते। वह असहमत होते हैं और कुछ अलग सुझाव देते हैं।

अब मुझे क्या करना चाहिए?

क्योंकि उन्हें मेरे प्लेटफ़ॉर्म, मेरे लक्ष्यों और कैसे ईश्वर ने मुझे अपनी संपूर्ण योजना में अपना कार्य पूरा करने के लिए बुलाया है, इस बारे में इतना गहन ज्ञान रखते हैं, कि मैं किसी निर्णय पर अपने व्यक्तिगत साक्षी को पाने के लिए फिर से उनके वापस जाता हूँ।

पवित्र आत्मा के साथ गहराई में जाना ही मुझे उनके साथ एक करीबी, अधिक शक्तिशाली रिश्ते में खींचता है, ना केवल इस निर्णय के लिए बल्कि जीवन के लिए भी। अक्सर, उनके निर्णय को मेरी आत्मा में स्थापित होने में केवल कुछ ही समय लगता है।

अंत में, फैसला मेरा होता है। मैं वही करता हूँ जो मुझे करने के लिए प्रेरित किया जाता है। और प्रभु के साथ अतिरिक्त समय मुझे अतिरिक्त शक्ति, शांति और प्रतिबद्धता देता है।

मज़ेदार बात यह है कि, जब मैं अपना निर्णय लागू करता हूँ, तो मेरा मित्र अक्सर कहता है, "अब मैं और ज़्यादा स्पष्ट रूप से देख सकता हूँ कि तुमने वह विकल्प क्यों चुना। मैंने उस दृष्टिकोण से

इसके बारे में नहीं सोचा था। मुझे पता है यह आपके लिए काम करेगा।"

अंत में, मुझे वह सह-साक्षी मिल ही जाता है जिसे में शुरुआत में तलाश रहा था। मुझे बस अपनी व्यक्तिगत गवाही के जवाब में विश्वास के साथ बाहर आना पड़ा।

सबसे बढ़िया टीम-निर्माण रणनीति

अरे, टॉम, क्या मैं आपसे मदद माँग सकता हूँ? मैं एक बड़ा निर्णय लेने जा रहा हूँ... मैं यह सुनिश्चित करना चाहता हूँ कि मैं प्रभु से बिल्कुल वही सुन रहा हूँ जो वह मुझसे करवाना चाहते हैं। यहाँ मुझे लगता है कि वह मुझसे यही कह रहे हैं... क्या आपके पास इस पर कोई साक्षी है?

आपकी कंपनी में विश्वास रखने वाले एक और दो प्रतिशत (2%er) टॉम की उत्साहित प्रतिक्रिया की कल्पना करें।

कल्पना कीजिए कि इतने महत्वपूर्ण प्रश्न पर आपकी मदद करने के लिए कहे जाने पर भी वह कितना विनम्र और अभिभूत महसूस करेगा।

यदि टॉम सह-साक्षी की शक्ति को जानता है, तो उसे पता होगा कि क्या करना है।

बस टीम-निर्माण से लेकर काम पर दूसरों को अपने सह-साक्षी बनने के लिए आमंत्रित करने तक के कई फायदों के बारे में सोचें। अपने सहकर्मियों के साथ सह-साक्षी की तलाश...

- आपके निर्णयों में विश्वास पैदा करती है।
- आपके व्यवसाय की बाइबिल आधारित नींव को मजबूत करती है।
- आपकी टीम के दिलों और भावनाओं को सुनने की आपकी इच्छा को दर्शाती है।
- आपकी कंपनी में आध्यात्मिक मांसपेशियों और विवेक को बढ़ाती है।
- दूसरों को भी उनके निर्णयों के संबंध में ऐसा ही करने की याद दिलाती है।
- दूसरों को उन निर्णयों में भी आश्वासन देती है जिन पर वे सहमत नहीं हैं।

यह अब तक का सबसे शक्तिशाली टीम-निर्माण का प्रश्न है: "क्या आपके पास कोई साक्षी है?"

व्यक्तिगत जीवन में प्रयोग

बहुत पहले मैंने अपनी बुद्धिमान, सुंदर और आत्मा से परिपूर्ण पत्नी ब्रेंडा के साथ निर्णय लेने का एक नया दृष्टिकोण शुरू किया था।

अधिकांश पतियों की तरह, मैं उनसे पूछाता था...

- "इस बारे में आपको कैसा महसूस होता है?"
- "इसके बारे में आपके क्या विचार हैं?
- “इस बारे में आपकी क्या राय है?”

अब जब मैं किसी बड़े फैसले पर उनसे राय माँगता हूँ, तो मैं केवल यही पूछता हूँ, "क्या आपके पास इस पर कोई साक्षी है?"

यह दृष्टिकोण तुरंत उनके निर्णय लेने के आगत को भावना-संचालित या मस्तिष्क-संचालित या राय-संचालित से केवल आत्मा-संचालित बनने में बदल देता है।

क्योंकि उनके अंदर मेरे जैसी ही पवित्र आत्मा का वास है, अब हम एक सह-साक्षी की तलाश करके निर्णय ले रहे हैं।

इसके परिणाम आश्चर्यजनक हैं। प्रश्न की संरचना को बदलकर, अब हम एक जोड़े के रूप में और भी अधिक शक्तिशाली ढंग से चलते हैं।

एक साक्षी कार्य योजना की तलाश करें

यह रही एक सरल, चार-प्रश्नों की एक साक्षी को तलाश करने की कार्य योजना। इनका उत्तर क्रम से दीजिए।

निर्णय **#1** _____

क्या मेरे पास इस निर्णय या कार्रवाई के बारे में कोई व्यक्तिगत गवाह है?

क्या मुझे इस पर सह-साक्षी की आवश्यकता है?

यदि हाँ, तो मुझे सह-साक्षी के लिए किससे पूछना चाहिए?

क्या उनके पास इस बारे में कोई साक्षी है?

मेरे साक्षी का निर्णय है:

निर्णय **#2** _____

क्या मेरे पास इस निर्णय या कार्रवाई के बारे में कोई व्यक्तिगत साक्षी है?

क्या मुझे इस पर सह-साक्षी की आवश्यकता है?

यदि हाँ, तो मुझे सह-साक्षी के लिए किससे पूछना चाहिए?

क्या उनके पास इस बारे में कोई साक्षी है?

मेरे साक्षी का निर्णय है:

निर्णय **#3** _____

क्या मेरे पास इस निर्णय या कार्रवाई के बारे में कोई व्यक्तिगत साक्षी है?

क्या मुझे इस पर सह-साक्षी की आवश्यकता है?

यदि हाँ, तो मुझे सह-साक्षी के लिए किससे पूछना चाहिए?

क्या उनके पास इस बारे में कोई साक्षी है?

मेरे साक्षी का निर्णय है:

निर्णय **#4** _____

क्या मेरे पास इस निर्णय या कार्रवाई के बारे में कोई व्यक्तिगत साक्षी है?

क्या मुझे इस पर सह-साक्षी की आवश्यकता है?

यदि हाँ, तो मुझे सह-साक्षी के लिए किससे पूछना चाहिए?

क्या उनके पास इस बारे में कोई साक्षी है?

मेरे साक्षी का निर्णय है:

निर्णय **#5** _____

क्या मेरे पास इस निर्णय या कार्रवाई के बारे में कोई व्यक्तिगत साक्षी है?

क्या मुझे इस पर सह-साक्षी की आवश्यकता है?

यदि हाँ, तो मुझे सह-साक्षी के लिए किससे पूछना चाहिए?

क्या उनके पास इस बारे में कोई साक्षी है?

मेरे साक्षी का निर्णय है:

5.4. आत्मा को बुझने ना दें

बुझाना (क्रिया): छोड़ना; मिटाना; किसी चीज़ को खत्म करना

अपने व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने की चौथी कुंजी है आत्मा को बुझने ना देना।

वियतनाम युद्ध के दौरान मैं एक किशोर था। वर्षों तक हर रोज़ रात के टेलीविजन समाचार कार्यक्रमों के दौरान, हम उस दिन की कैशूअल्टी की संख्या, हमारे देश के लिए शहीद होने वाले हीरोज़ की संख्या सुनते थे।

युद्ध के सबसे उत्तेजक तत्वों में से एक यह जानना था कि कई लोगों को युद्ध के कैदियों के रूप में रखा गया था, जिसे व्यंग्यात्मक रूप से "हनोई हिल्टन" कहा जाता था, एक बड़ा परिसर जहाँ सैनिकों को वर्षों तक बेरहमी से प्रताड़ित किया गया था।

लगभग एक दशक तक, मेरे अच्छे दोस्त, डॉ. स्टीव लिनविल, ने चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञों की एक अभूतपूर्व टीम में काम किया, जो वियतनाम, डेजर्ट स्टॉर्म और ऑपरेशन इराकी फ्रीडम के युद्धबंदियों पर कैद के मानसिक और शारीरिक प्रभावों का अध्ययन करते हैं। इनमें से सैकड़ों हीरो, दोनों पुरुष और महिलाएँ, व्यापक शारीरिक मूल्यांकन और आंकलन के लिए अक्सर पेंसाकोला नेवल एविएशन स्टेशन पर रॉबर्ट ई. मिशेल सेंटर का दौरा करते हैं।

उनके अनुदैर्ध्य शोध में पूछा जाने वाला एक महत्वपूर्ण प्रश्न है, "जो सैनिक वर्षों की भीषण यातनाओं से उभरे और जो सैनिक जीवित नहीं बचे, उनके बीच मुख्य अंतर क्या हैं?"

शायद आज तक उनके शोध का सबसे आश्चर्यजनक निष्कर्ष है: बर्दाश्त करने की इस असीम शक्ति और किसी भी मनोवैज्ञानिक विकार की अनुपस्थिति की भविष्यवाणी करने में *आशावाद* सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है।

इस बर्दाश्त करने की इस असीम शक्ति में सबसे बड़ा योगदानकर्ता विश्वास है। कई लोगों की आस्था ईश्वर में थी। दूसरों के लिए, उनका विश्वास बेहतर भविष्य के लिए था।

व्यवसाय में पवित्र आत्मा को कैसे उजागर किया जाए, इस किताब में स्वदेश भेजे गए युद्धबंदियों पर शोध निष्कर्षों का उल्लेख क्यों किया जाए?

सबसे पहले, पवित्र आत्मा ने मुझे इसे शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

दूसरा, जो लोग मिनट-दर-मिनट, घंटे-दर-घंटे, दिन-दर-दिन और साल-दर-साल अत्यधिक शारीरिक और मानसिक यातनाओं का सामना करने के बाद भी बच गए, वह ऐसा इसलिए कर पाए क्योंकि उन्होंने अपने अंदर रहने वाली आत्मा को बुझने नहीं दिया।

जी हाँ, वियतनाम के कई युद्धबंदी आस्तिक हैं, और यहाँ तक कि उनके अमानवीय व्यवहार के बारे में मैंने जो भी कहानियाँ सुनी हैं, वे मेरी तथाकथित व्यक्तिगत और व्यावसायिक चुनौतियों को महत्वहीन बना देती हैं।

सदा खुश रहें, निरंतर प्रार्थना करें, हर बात में धन्यवाद करें; क्योंकि आपके लिए मसीह यीशु में परमेश्वर की यही इच्छा है। आत्मा को बुझने ना दें। (1 थिस्सलुनीकियों. 5:16-19)

आइए सत्य को स्वीकार करें: आत्मा को बुझने देना आसान है।

रविवार वो दिन हैं जब हम परंपरागत रूप से अपने पूजा घरों में इकट्ठा होते हैं, गीत गाते हैं, ईश्वर को उनकी आत्मा के लिए धन्यवाद

देते हैं, और कभी-कभी पवित्र आत्मा के तरीकों और चमत्कारों के बारे में संदेश और बाइबिल के श्लोक भी सुनते हैं।

हम प्रार्थना करते हैं और आमीन कहते हैं क्योंकि हमें लगता है कि हमारे अंदर कुछ मंथन हो रहा है, कुछ अच्छा है और कुछ ऐसा है जो हमें ईश्वर के साथ हमारी व्यक्तिगत आध्यात्मिक यात्रा पर गहराई से विचार करने के लिए प्रेरित करता है।

सेवा के बाद, हम मुस्कुराते हैं और अपने दोस्तों के साथ हाथ मिलाते हैं, महान संदेश और संगीत के बारे में बात करते हैं, हसी-मजाक करते हैं कि हमें कैसे "दोषी ठहराया गया", और दरवाज़े से बाहर निकलते हैं और घर या रेस्तरां की ओर जाते हैं। जैसे ही हम चर्च की पार्किंग छोड़ते हैं, हम चर्च परिसर के अंदर की शिक्षाएँ, संदेश, धर्मग्रंथ और संकेत भी छोड़ आते हैं।

क्या यह कोई आश्चर्य की बात है कि हममें से बहुत से लोग शायद ही कभी पवित्र आत्मा की शक्ति को अपने काम के माध्यम से चलते हुए देखते हैं?

हमारे आध्यात्मिक लीडरों की शिक्षाओं, प्रभावों और उपदेशों को एक निर्दिष्ट रविवार भवन के बरामदे और हॉलवे में छोड़ना बहुत आसान है।

हम इतनी आसानी से ईश्वर की आत्मा को बुझा सकते हैं।

ऐसे तीन चीज़ें हैं जिनसे हम आम तौर पर आत्मा को बुझाते हैं: उन्हें अनदेखा कर, उन्हें दबा कर और उन्हें पीड़ा दे कर।

1. उन्हें अनदेखा कर

क्या आप आँखें होते हुए भी देख नहीं सकते? और क्या आप कान होते हुए भी सुन नहीं सकते? और क्या आपको याद नहीं रहता?

– **मरकुस 8:18**

अनदेखा करने का अर्थ है यह दिखाने से इंकार करना कि आप सुन रहे हैं या देख रहे हैं और किसी चीज़ या किसी व्यक्ति के बारे में या उसके जवाब में कुछ भी नहीं कर रहे हैं। शायद पवित्र आत्मा को बुझाने का सबसे आसान तरीका उसे अनदेखा करना है।

एक पूर्व व्यावसायिक ग्राहक के साथ मेरे कॉन्ट्रैक्ट के समय के दौरान, मालिक ने एक सेल्समैन को मेरी किताब, द इम्पैक्टर में दिए नेतृत्व सिद्धांतों को लागू करने के तरीके पर एक कंपनी-व्यापी रोलआउट योजना तैयार करने का निर्देश दिया। भले ही मैं फीस ले रहा था और उसके लिए पूरी तरह से उपलब्ध था, फिर भी मुझे परियोजना के अंत में ही शामिल किया गया, जब सेल्सपर्सन द्वारा योजना पहले ही विकसित कर ली गई थी।

"किताब" का लेखक (मैं) कमरे में बैठा था।

"किताब" का लेखक उपलब्ध था, मदद के लिए तैयार था लेकिन उसे अनदेखा किया गया।

याद रखें, किताब (बाइबिल) का लेखक आपके अंदर रहता है। वह आपकी कंपनी में अपने संपूर्ण ज्ञान को एकीकृत करने के तरीके में आपका मार्गदर्शन करने के लिए किसी भी समय तैयार और उपलब्ध है।

अपने हृदय में यह उद्देश्य रखें कि फिर कभी पवित्र आत्मा की उपेक्षा नहीं करेंगे (यूहन्ना 14:26)।

2. उन्हें दबा कर

दबाने का अर्थ है किसी चीज़ को बढ़ने या फैलने से रोकने के लिए उसे ढक देना... किसी चीज़ को घटित होने से रोकने का प्रयास करना।

कभी-कभी, उत्तर स्पष्ट प्रतीत होता है। यह स्पष्ट है कि हमें ज़रूरत है कि हम...

- उस उपकरण में निवेश करें
- उस ट्रेड शो में भाग लें
- उस नए विज्ञापन कार्यक्रम में शामिल हों
- उस कर्मचारी को नौकरी से निकाल दें
- उस समस्या का ज़िम्मा लें

जो स्पष्ट प्रतीत होता है उसके आधार पर नेतृत्व किया जाना आसान है।

ल्यूक 10:40 में, मार्था घबराहट में खाना बना रही थी और उसने मेहमानों से भरे घर में यीशु की शिक्षा को बुरे से बाधित किया।

उसने यीशु को बाधित कर, अपनी बहन का अपमान करके और यीशु को यह बताकर कि उन्हें क्या करना चाहिए, आत्मा को दबाने का प्रयास किया। मार्था को जो स्पष्ट दिखाई दिया (लोगों को अब खिलाने की आवश्यकता है) वह उस क्षण (यीशु को सुनने) सबसे महत्वपूर्ण बात नहीं थी।

मार्था सहित वहाँ मौजूद हर किसी ने सीखा कि यीशु की शिक्षाओं पर ध्यान केंद्रित करना कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण है और उनके माध्यम से आगे बढ़ने की चाहत में उनकी आत्मा को दबाना नहीं है।

हम व्यवसाय में पवित्र आत्मा को कैसे दबा सकते हैं? जब...

- सभी तथ्य एक बात कहते हैं, लेकिन पवित्र आत्मा कुछ और कहती है।
- सभी विशेषज्ञ एक बात कहते हैं, लेकिन पवित्र आत्मा कुछ और कहती है।
- आपका सारा स्टाफ एक बात कहता है, लेकिन पवित्र आत्मा कुछ और कहती है।
- आप सह-साक्षी की तलाश करने से इनकार करते हैं।
- आप सुनते हैं, "उसे अपनी शर्ट दो," लेकिन आप तुरंत इसे अपने दिमाग से निकाल देते हैं।

सावधान रहें कि शत्रु को आपके द्वारा अपने व्यवसाय में पवित्र आत्मा को दबाने के लिए प्रेरित करने से ज़्यादा और कुछ भी पसंद नहीं है।

3. **उन्हें दे कर**

और परमेश्वर की पवित्र आत्मा को पीड़ा ना दें, जिसके द्वारा आप पर मुक्ति के दिन के लिए मोहर लगाई गई थी।

– इफिसियों *4:30*

क्या आपने कभी कुछ ऐसा किया है जिसके बारे में आप जानते थे कि यह गलत है, लेकिन फिर भी आप उसे करते रहे?

अधिकांश समय ज़रूरत से ज़्यादा खाना? अपने खाली समय में अपने जीवनसाथी या परिवार की उपेक्षा करना केवल वही काम करना जो आप करना चाहते हैं? क्या आप अपने बच्चों से कहते हैं कि आप अभी उनके साथ खेलने के लिए बहुत थके हुए हैं, और वे आपसे कल दोबारा पूछें?

या, अपने व्यवसाय में, क्या आपने कभी अपने आप को समझाया है कि आप...

- एक ऐसे कर्मचारी को रखें जिसे वर्षों पहले छोड़ देना चाहिए था?
- अपने अल्पकालिक नकदी प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं को समय पर भुगतान ना करें?
- दूसरी ओर देखें जब एक महत्वपूर्ण कर्मचारी ने अपनी पत्नी को धोखा दिया या कंपनी की नीति को स्पष्ट रूप से तोड़ा?
- किसी पुराने पक्के ग्राहक को अपने कर्मचारियों के साथ अशिष्टता या अनादर का व्यवहार करने की अनुमति दें।

पीड़ा देने का अर्थ है किसी को दुखी या अप्रसन्न महसूस कराना...उसे कष्ट पहुँचाना। हाँ, आप अपने व्यवसाय के माध्यम से

पवित्र आत्मा को पीड़ा पहुँचा सकते हैं। आप अपमान के माध्यम से भी उन्हें दुखी कर सकते हैं।

> आप क्या मानना है, क्या वह और भी ज़्यादा बड़े दंड के योग्य समझा जाएगा जिसने ईश्वर के पुत्र को पैरों से रौंदा, जिसने वाचा के उस लहू को, जिसने उसेपवित्र किया था, एक अपवित्र वस्तु माना और जिसने अनुग्रह की आत्मा का अपमान किया। **(इब्रानियों. 10:29)**

सबसे आसान तरीकों में से एक जो मैंने आत्मा को दुखी करने के प्रति अधिक संवेदनशील होने के लिए सीखा है, वह है उस समय के बारे में अधिक जागरूक होना जब मैं दूसरे के कार्यों के कारण अविश्वास में अपना सिर हिलाता हूँ।

जब मैं पवित्र आत्मा-की-शक्ति-को-उजागर-करने-के अपने खेल के शीर्ष पर होता हूँ, तो मैं अपने आप से पूछता हूँ, "अब, मैंने उस पर अपना सिर क्यों हिलाया?"

ज़्यादातर मामलों में, जब कोई मुझे ट्रैफिक में काटता है अपनी कार्ट से पूरी लाइन को बाधित करने से बेखबर खड़ा होता है आदि, तो यह एक उचित प्रतिक्रिया है।

कार्यस्थल पर, आप स्वयं को ऐसी चीज़ों पर सिर हिलाते हुए पा सकते हैं जैसे...

- कुछ लोग मीटिंगों में क्या कहते हैं
- ऐसे लीडर जो अपनी मीटिंगों के लिए लगातार देर से आते हैं

- किसी निर्धारित कार्य को पूरा करने में किसी व्यक्ति या टीम की अनिच्छा
- ढीला काम
- ब्रेक रूम में पिछले व्यक्ति द्वारा अपनी कॉफ़ी लेने के बाद खाली पॉट को वहीं छोड़ने पर

मैं जानबूझकर अपने आप से पूछता हूँ कि क्या ये कार्य मेरे शरीर को दुखी कर रहे हैं या मेरे अंदर की आत्मा को पीड़ा दे रहे हैं।

कई बा, यह सिर्फ मेरा माँस है। उदाहरण के लिए, खाली कॉफ़ी पॉट को लें। मैं खुद को याद दिलाता हूँ कि मेरा उद्धारकर्ता सेवा करने आया है, सेवा करवाने नहीं। इसलिए, दूसरों के लिए मैदान साफ करना, ड्रम में साफ पानी भरना और सभी के लिए गरमागरम, ताज़ी कॉफ़ी बनाना एक आशीर्वाद है।

यह एक सरल लेकिन अत्यंत सामान्य उदाहरण है कि कैसे शरीर की शिकायत को दूसरों के लिए आशीर्वाद में बदला जाए।

यदि यह मेरे शरीर को पीड़ा पहुँचाता है, तो अगर संभव हो तो मैं इसे ठीक कर देता हूँ और फिर इसके बारे में भूल जाता हूँ।

यदि यह मेरी आत्मा को पीड़ा पहुँचाता है, तो मैं इस पर कुछ और विचार करता हूँ ताकि मूल कारण तक पहुँच सकूँ कि आखिर मैं ऐसा क्यों महसूस करता हूँ। मैं पवित्र आत्मा से पूछता हूँ,

- “आप इस पर दुखी क्यों हैं?”
- "आप मुझसे इसके बारे में क्या कराना चाहते हैं?"
- "मैं भविष्य में ऐसा होने से कैसे रोक सकता हूँ?"
- "आप क्या चाहते हैं कि मैं इसके बारे में क्या सीखूँ?"

- "आप क्या चाहते हैं कि मैं दूसरों को इसके बारे में क्या बताऊँ?"
- "क्या यह कुछ ऐसा है जिसके लिए मुझे पश्चाताप करने की ज़रूरत है?"

अपने व्यवसाय और दूसरों के अंदर एक दुखी पवित्र आत्मा वह आखरी चीज़ होगी जो आप चाहेंगे।

दुखी पवित्र आत्मा एक सीधा संकेत है कि आप या आपके आस-पास कोई अन्य व्यक्ति गलत है और उसे सुधार की ज़रूरत है।

आत्मा की कार्य योजना को बुझने ना दें

अपनी वर्तमान व्यावसायिक समस्याओं, प्राथमिकताओं और दबावों पर विचार करें। पवित्र आत्मा के संबंध में, आपने हाल ही में कहाँ...

उन्हें अनदेखा किया -

उन्हें दबाया -

उन्हें पीड़ा दी -

इन स्थितियों पर प्रार्थना करने के लिए 10 मिनट का समय निकालें और पवित्र आत्मा से उनके बारे में आपसे बात करने के लिए कहें। नीचे लिखें कि आत्मा आपको क्या करने का निर्देश दे रही है। इस

कार्य योजना को एक जवाबदेही भागीदार (जैसे कि, जीवनसाथी, सहकर्मी, आध्यात्मिक गुरु, कोच, आदि) को दें। अपने जवाबदेही भागीदार से इन कार्यों पर आपके साथ सह-साक्षी खोजने, आपके साथ प्रार्थना करने और उनके कार्यान्वयन के लिए आपको जवाबदेह ठहराने के लिए कहें।

कार्य **1:**

कार्य **2:**

कार्य **3:**

कार्य **4:**

5.5. हिलना नहीं

हिलना (क्रिया): किसी बिंदु या स्थान से दूर शुरू करना; स्थिति या मुद्रा बदलने के लिए

आपके व्यवसाय में पवित्र आत्मा की शक्ति को उजागर करने की पाँचवी कुंजी है हिलना नहीं।

ऐसा करना कठिन हो सकता है। क्यों?

- आपने अभ्यास कर लिया हो।
- अंतिम निर्णय लेने से पहले आपने अपनी आत्मा को जाँच लिया है।
- आपके पास एक मजबूत साक्षी है, या तो स्वयं या दूसरों के साथ।
- आपने अपने मन में ठान लिया है, कि आप आत्मा को बुझने नहीं देंगे।

यही वह समय है जब शैतान पूर्ण आक्रमण करने के लिए तैयार होगा। शैतान आपको संदेह, अनिश्चितता और चिंता से भरने के लिए अपनी शक्ति में सब कुछ करेगा। वह अपनी सारी तोपें निकालकर आप पर भयानक हमला करेगा जब...

- सभी संख्याएँ जुड़ती नज़र नहीं आ रही हों।
- बहुमत की राय आपके खिलाफ हो।
- जब आप प्रवेश कर रहे हों तो प्रतिस्पर्धी भाग रहे हों।
- सफलता बहुत मुश्किल लग रही हो।
- सामान्य ज्ञान कहता है कि यह एक मूर्खतापूर्ण कदम है।
- हर कोई कह रहा हो, "ऐसा मत करो"!

लेकिन आपके अंदर अंतिम अनुचित बढ़त रहती है। अब तक, पवित्र आत्मा ने आपके अंदर पहले ही पुष्टि कर दी है कि यह निर्णय

आपके व्यवसाय के लिए प्रभु की इच्छा है। आप जानते हैं कि यह निर्णय प्रभु का है।

आपके व्यवसाय में (और आपके जीवन में) पवित्र आत्मा की शक्ति को देखने का सबसे तेज़, आसान और सबसे प्रभावी तरीका उन निर्देशों का पालन करना है जो मैरी ने सेवकों को यीशु द्वारा पानी को शराब में बदलने से ठीक पहले दिए थे:

उनकी माँ ने सेवकों से कहा, "जो कुछ वह तुम से कहें बस वही करो।" (यूहन्ना 2:5)

बस वही करो– जो वे कहें!

आपको ना हिलने में मदद करने के लिए यहाँ तीन शक्तिशाली तरीके दिए गए हैं: ध्यान केंद्रित रखें, दोहराएँ और अडिग रहें।

1. ध्यान केंद्रित रखें

भ्राताओं, मैं यह नहीं मानता कि मैंने उन्हें समझ लिया है; परन्तु एक काम मैं करता हूँ, उन बातों को भूल जाता हूँ जो पीछे रह गई हैं और उन बातों की ओर आगे बढ़ता हूँ जो आगे हैं, मैं मसीह यीशु में परमेश्वर के ऊपर बुलाए जाने के पुरस्कार के लिए लक्ष्य की ओर बढ़ता हूँ।

– फिलिप्पियों 3:13-14

कई व्यवसायियों को है एक रोग जिसे मैं "गिलहरी रोग" कहता हूँ। यदि आप एक विशिष्ट उद्यमी हैं, तो आपका मस्तिष्क हमेशा सक्रिय रहता है, सोचता है और सपने देखता है, सफलता के लिए आवश्यक विवरणों पर बारीकी से ध्यान देता है। आपके लिए, यह नए विचार,

नए अवसर, ताज़ा दृष्टिकोण, विशाल क्षमता और जो कुछ भी अब आपके सामने है उसके बारे में है।

आपके आस-पास रहना पॉपकॉर्न की एक खुली हुई केतली की तरह है, जिसमें कार्य, विचारों और अवधारणाओं का एक निरंतर प्रवाह पूरे कार्यस्थल पर बिखरा रहता है और आप जहाँ भी जाते हैं, बड़ी गड़बड़ी पैदा करते हैं।

एक आत्मा-संचालित व्यावसायिक सलाहकार के रूप में, मैं अक्सर लीडरों को उनके कमजोरियों को अप्रासंगिक बनाते हुए उनकी ताकत को अधिकतम करने के लिए उनके लक्ष्यों को स्पष्ट करने में मदद करता हूँ (जैसे कि गिलहरी रोग)।

अपने स्वभाव से, ये अद्भुत, ऊर्जावान और बुद्धिमान पुरुष और महिलाएँ ईश्वर की महिमा के लिए व्यवसाय में सफल होने की बेताब इच्छा रखते हैं। फिर भी वे स्वाभाविक रूप से केंद्रित रहने के लिए तैयार नहीं हैं, इसलिए उन्हें जवाबदेह और लक्ष्य पर बनाए रखना एक पेशेवर और आध्यात्मिक चुनौती दोनों ही होती हैं।

मैं जानता हूँ कि यह उनके लिए एक चुनौती है। वे जानते हैं कि यह उनके लिए एक चुनौती है। और दुश्मन भी जानता है कि यह उनके लिए एक चुनौती है।

यही कारण है कि इस समय ना हिलना इतना महत्वपूर्ण है, क्योंकि आप जानते हैं कि कार्य करने का यह निर्णय...

- पवित्र आत्मा की पुष्टि के माध्यम से प्रभु का है।
- पवित्र आत्मा आपसे यही चाहती है।
- पवित्र आत्मा चाहती है कि आप इसी प्रकार आगे बढ़ें।

हालाँकि चुनौती बड़ी है, आप केंद्रित रह सकते हैं।

नूह ने ऐसा ही किया; जो कुछ ईश्वर ने उसे आज्ञा दी, उसने उसी के अनुसार किया। उत्पत्ति)6:22)

हम जानते हैं कि जब नूह का पहली बार बाइबिल में उल्लेख किया गया था तब वह 500 वर्ष का था (उत्पत्ति 5:32) और जब वह जहाज़ में दाखिल हुआ तब वह 600 वर्ष का था (उत्पत्ति 7:6)। इसलिए हो सकता है कि इस तैरते हुए शहर के निर्माण में उनके परिवार को लगभग 100 साल या उससे अधिक का समय लगा हो।

कल्पना करें...

- ईश्वर के कार्य में परिश्रम करते हुए 100 से अधिक वर्षों तक समाज से दैनिक अपमान और उपहास सहना।
- रातें, सप्ताह, महीने और शायद वर्षों की निराशा, थकान, और आपके शरीर, मन और आत्मा पर आध्यात्मिक हमले।
- दर्जनों अविश्वासी लोग आपको आपके दिए गए काम और कार्य से विचलित करने की लगातार कोशिश कर रहे हैं।
- 100 से अधिक वर्षों तक एक और केवल एक ही लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना।

नूह की ही तरह, एक बार जब आप निर्णय ले लेते हैं, तो आपको केंद्रित रहना चाहिए। हाँ, यह किया जा सकता है, और आप यह कर सकते हैं।

2. दोहराएँ

> *क्योंकि ईश्वर का वचन तो सजीव और क्रियाशील है, और किसी भी दोधारी तलवार से कहीं ज़्यादा तेज़ है, जो प्राणों और आत्मा में, गांठ और गूदे में चीर कर, मन के विचारों और इरादों को परख लेता है।*
>
> **– इब्रानियों 4:12**

आत्मा आपको सफल होने के लिए प्रेरित करती है। शत्रु चाहता है कि आप असफल हो जाएँ।

दुश्मन के उग्र तीरों को बुझाने का सबसे अच्छा तरीका है उसको पलट कर जवाब देना! काइल विंकलर साइलेंस सैटन में लिखते हैं,

> मेरा मानना है कि जब ईश्वर का वचन मसीह में मौजूद लोगों के मुंह से बोला जाता है, तो उसमें वही शक्ति होती है जैसे कि ईश्वर ने स्वयं इसे बोला हो। शब्दों को ईश्वर का अधिकार बनाए रखना चाहिए, अन्यथा वे कुछ भी पूरा नहीं कर पाएँगे। आखिरकार ये उनके शब्द हैं, हमारे नहीं।[1]

विंकलर सुझाव देते हैं कि दुश्मन को सीधे ईश्वर का वचन बोलने के तीन प्रमुख लाभ हैं। सबसे पहला, धर्मग्रंथ बोलने से मन नवीनीकृत

होता है। बोला गया शब्द शक्तिशाली है, और "वही शक्ति जिसने ब्रह्मांड को जीवन दिया वह आपको नया जीवन देगी।"
दूसरा, यह दुश्मन को भागने पर मजबूर कर देता है। विंकलर लिखते हैं, "झूठ के पिता के पास कोई शक्ति नहीं होती है जब पिता परमेश्वर की सच्चाई मौजूद हो।"

